आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

आज
* पुख नक्षत्र

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 289 | उज्जैन, रविवार 01 नवम्बर, 2026 | कार्तिक कृष्ण 7 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

विपक्ष की संसद में खड़गे बोले-ज्ञानेश को हटाएं

नई दिल्ली। दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर मॉक पार्लियामेंट चल रही है। पूर्व स्पीकर मीरा कुमार इसकी अध्यक्षता कर रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जनमहाभियोग लाए। उन्होंने कहा- हमारी मांग है सीईसी को तत्काल पद से हटाकर 2023 का कानून रद्द हो। एसआईआर को रोका जाए। संसद की अनुमति के बिना फॉर्म-6 बदला गया। जान-बूझकर वोटर हटाए गए।

बुलेट ट्रेन 3.30 घंटे में दिल्ली से वाराणसी पहुंचेगी

वाराणसी। नई दिल्ली से वाराणसी तक बुलेट ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन एक घंटे में नई दिल्ली से आगरा और 3 घंटे 30 मिनट में वाराणसी पहुंच जाएगी। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने शनिवार को वाराणसी में बताया कि प्रधानमंत्री ने दिल्ली-वाराणसी-गुवाहाटी बुलेट ट्रेन के नॉर्दर्न कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। यह कॉरिडोर दिल्ली से शुरू होकर आगरा, कानपुर, लखनऊ और अयोध्या को जोड़ेगा। इसके बाद वाराणसी, पटना और सिलीगुड़ी होते हुए गुवाहाटी तक पहुंचेगा।

जब ज्ञानेश सीईसी नहीं थे तो कांग्रेस कैसे हारी: रिजिजू

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने चुनाव आयोग और वोट चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस को 5 सवालों के जवाब देने की चुनौती दी है। किरेन रिजिजू ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, मैं कांग्रेस पार्टी को इन बुनियादी सवालों का जवाब देने की चुनौती देता हूं। पहला सवाल, जब चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति कांग्रेस की सरकार ने की थी, तो 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ 44 सांसद कैसे मिले?

ऋतिक स्टारर काबिल के डायरेक्टर गुप्ता का निधन



किचन में मिला शव, पोस्टमार्टम के बाद जांच जारी; परिवार ने दर्ज नहीं करवाई शिकायत

मुंबई। कांटें, काबिल, शूटआउट एट लोखंडवाला, मुंबई सागा जैसी बेहतरीन फिल्में डायरेक्ट कर चुके संजय गुप्ता का आज निधन हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, उनका निधन किचन में गिरने से लगी चोट से हुआ। पुलिस ने एडीआर (एक्सीडेंटल डेथ रिपोर्ट) फाइल का शव का पोस्टमार्टम किया गया। उनका पार्थिव शव वसोर्वा स्थित घर लाया गया है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, आज शाम पवन हंस श्मशान घाट पर उनके अंतिम संस्कार की रस्में पूरी की जाएंगी। संजय गुप्ता मुंबई के राम नगर इलाके में एक बंगले में रहते थे। 30-31 अक्टूबर की दरमियानी रात वह किचन में गिरे, जिससे उनके सिर पर चोट आई। डीसीपी नॉर्थ जोन-1 पुरुषोत्तम कराड ने बताया, वसोर्वा पुलिस स्टेशन को शनिवार सुबह सूचना मिली कि फिल्ममेकर संजय गुप्ता की उनके घर पर अचानक गिरने से मौत हो गई है। इस मामले में आकस्मिक मौत की रिपोर्ट दर्ज की गई है और जांच जारी है।

नैनो न्यूज

- **जम्मू-कश्मीर :** उमर अब्दुल्ला के खिलाफ 24 विधायक लामबंद, 4 दिन पहले बने चार मंत्रियों, सीएम के सलाहकार को हटाने की मांग, फारुख से मिलेंगे।
- **अहमदाबाद :** मोदी ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई, सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दी, 182 मीटर की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति।
- **इजराइल :** किसी को बहुमत नहीं, सीधे पीएम चुनने पर विचार, 30 साल में अब तक 3 बार ऐसा हुआ; नेतन्याहू को हटाने विपक्ष नया रास्ता तलाश रहा।
- **पंजाब:** आप ने जेल में बंद मंत्री को टिकट दी, पहली लिस्ट में सीएम मान समेत 40 एमएलए उम्मीदवार बनाए, 13 मंत्रियों का नाम होल्ड।
- **नई दिल्ली :** विदेश में पेट्रोल बेचने पर टैक्स खत्म, डीजल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी 3 रु. बढ़कर 11.50 हुई, एटीएफ पर 11 रु. टैक्स।
- **नई दिल्ली :** अलास्का एयर ग्रुप में 200 कर्मचारियों की छंटनी, इस साल 700 मिलियन डॉलर का नुकसान संभव, फ्यूल की बढ़ती कीमतों से बिगड़ी कंपनी की हालत।

हरियाणा में दिल दहला देने वाली घटना, तीसरी कक्षा के बच्चे ने बच्ची पर किया जानलेवा हमला

केजी की बच्ची के सिर पर ईंट मारी, चेहरे पर लातों और गमले से हमला

एजेंसी ▸▸ पंचकूला

हरियाणा के पंचकूला के एक स्कूल में केजी की छात्रा पर तीसरी कक्षा के छात्र ने बेरहमी से हमला कर दिया। छात्र ने बच्ची का सिर पहले बेंच पर मारा, फिर 19 बार पैर से उसके चेहरे पर लात-घूसों से वार किया। उसके बाल पकड़कर घसीटा। बाद में ईंट से 12 बार बच्ची के सिर पर हमला किया।

96 सेकेंड तक लगातार बच्ची को बेरहमी से पीटे जाने की घटना क्लास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मारपीट के दृश्य बेहद विचलित करने वाले हैं, इसलिए हम इसका वीडियो नहीं दिखा रहे हैं। फुटेज देखकर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने भी कहा इसे पूरा देखना भी मुश्किल है। उन्होंने मामले की जांच के लिए कमेटी गठित करने को कहा है।

ऑटो वाला बच्ची को लेने पहुंचा, तब घटना का पता चला- घटना की जानकारी उस वक्त सामने आई जब ऑटो ड्राइवर बच्ची को लेने स्कूल पहुंचा, लेकिन वह नहीं मिली। इसके बाद परिजन तुरंत स्कूल पहुंचे और उसकी तलाश शुरू की।



बच्ची के चाचा के मुताबिक, हमला करने वाले बच्चे ने ही उन्हें बताया कि बच्ची कहां पर गिरी पड़ी है। इसके बाद वे उसे तुरंत सिविल अस्पताल ले गए। वहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया।

चाचा बोले- बेटी की हालत देख पिता बेहोश हुए- बच्ची के चाचा के मुताबिक, स्कूल की छुट्टी के बाद वह घर नहीं लौटी। ऑटो ड्राइवर के न मिलने की सूचना पर पिता स्कूल पहुंचे। वहां हमला करने वाले बच्चे ने बताया कि बच्ची ऊपर कमरे में पड़ी है। पिता ने उसे खून से लथपथ देखा तो बेहोश हो गए। परिजन उसे पहले एल्केमिस्ट अस्पताल ले गए, जहां से 3-4 घंटे बाद चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। चाचा ने बताया कि बच्ची की हालत में कुछ सुधार है, लेकिन परिवार सदमे में है।

सीसीटीवी में कैद हुई घटना

बेंच पर सिर के बल 2 बार पटका: वीडियो में 8 साल का बच्चा 6 साल की बच्ची को पकड़कर क्लासरूम की बेंच पर सिर के बल दो बार पटकता है। इसके बाद उसके बाल पकड़कर जमीन पर गिरा देता है।

सिर और पेट पर 3 बार लात मारी: बच्ची के जमीन पर गिरने के बाद बच्चा उसके सिर और पेट पर तीन बार लात मारता है। बच्ची उठने की कोशिश करती है, लेकिन बच्चा क्लासरूम के दूसरे कोने से ईंट उठा लाता है।

चेहरे पर ईंट मारी: बच्चा ईंट उठाकर बच्ची के चेहरे पर फेंककर मारता है। इसके बाद उसके सिर पर भी ईंट से वार करता है। बच्ची सिर पकड़कर रोने लगती है।

बाल पकड़कर फिर जमीन पर पटका: बच्चा बच्ची के बाल पकड़कर उसे दोबारा जमीन पर पटकता है। इसके बाद उसके पेट पर पैर रखता है और दो बार लात मारता है।

सिर और चेहरे पर ईंट से कई वार किए: बच्चा बार-बार ईंट उठाकर बच्ची के सिर और चेहरे पर मारता है। बच्ची जमीन पर पड़ी दर्द से तड़पती रहती है, लेकिन वह हमला जारी रखता है।

जाते-जाते सिर पर 3 बार लात मारी: वीडियो के आखिरी हिस्से में बच्चा बच्ची के सिर पर ईंट से फिर वार करता है। इसके बाद सिर पर तीन बार लात मारकर वहां से चला जाता है।

स्कूल पहुंची पुलिस, छात्र के माता-पिता से भी की पूछताछ

सेक्टर-20 थाना प्रभारी यशदीप और जांच अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही वे पुलिस टीम के साथ स्कूल पहुंचे थे। पुलिस स्कूल प्रबंधन से घटना की जानकारी जुटा रही है। इसके अलावा हमला करने वाले छात्र के माता-पिता से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर इतनी छोटी उम्र के बच्चे ने इस तरह का हमला किन परिस्थितियों में किया। फैमिली बैकग्राउंड का भी पता किया जा रहा है।

आंध्र में 10वीं की छात्राओं पर आरी से हमला

अनंतपुर (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में शनिवार को स्कूल की क्लास के अंदर 10वीं की छात्रा पर पावर चेनसॉ (बिजली से चलने वाली आरी) से हमला किया गया। यह वारदात सुबह 10 बजे की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमले में छात्रा का दायां हाथ कट गया और चेहरे, गर्दन और कान पर गंभीर चोटें आईं। उसे बचाने पहुंची दूसरी छात्रा भी घायल हो गई। एक छात्रा की हालत सीरियस है। हमले की वजह अभी सामने नहीं आई है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। आरोपी पीड़ित का रिश्तेदार है। गार्ड्स ने मजदूर समझकर स्कूल में एंट्री दी थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, क्लास में पढ़ाई चल रही थी। तभी आरोपी हेमंत उर्फ डुम्मू वहां पहुंचा और छात्रा पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी धर्मावरम मंडल के नागलुर गांव का रहने वाला है। घायल छात्राओं में से एक का दूर का रिश्तेदार है।

उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में 8 ट्रेकर्स बर्फीले रास्ते में फंसे, रेस्क्यू अभियान शुरू

उत्तरकाशी में केदारताल ट्रैक पर हिमस्खलन

एजेंसी ▸▸ उत्तरकाशी

उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित केदारताल ट्रैक पर अचानक आए भीषण हिमस्खलन (एवलांच) ने पर्वतारोहियों और ट्रेकर्स की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। भोजखड़क से आगे भारी हिमस्खलन और ग्लेशियर टूटने की वजह से सात ट्रेकर्स और एक सपोर्टिंग स्टाफ समेत कुल आठ लोग बर्फीले इलाके में फंस गए हैं। गनीमत यह रही कि दल के साथ गए चार लोग जिनमें तीन पोर्टर और एक कुक शामिल हैं- कच्ची ढांग के पास पूरी तरह सुरक्षित खोज लिए गए हैं। बर्फीले तूफान और दुर्गम पहाड़ियों के बीच फंसे बाकी आठ लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए शनिवार सुबह से युद्धस्तर पर साझा राहत व बचाव अभियान शुरू किया गया है।



27 अक्टूबर को गंगोत्री से निकला था दल

जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार, सात ट्रेकर्स और छह सपोर्टिंग स्टाफ का कुल 13 सदस्यीय दल 27 अक्टूबर को गंगोत्री धाम से केदारताल ट्रेक के लिए रवाना हुआ था। पूर्व निर्धारित योजना के तहत पूरे दल की वापसी 29 अक्टूबर तक होनी थी। हालांकि, ऊंचाई वाले इलाकों में अचानक बदले मौसम, कड़ाके की बर्फबारी और रास्ते में ग्लेशियर खिसक आने के कारण पूरा ट्रेकिंग मार्ग अवरुद्ध हो गया, जिससे दल तय समय पर बेस कैंप नहीं पहुंच सका।

30 अक्टूबर को हुआ था संपर्क

तय समय पर वापसी न होने और संपर्क कट जाने के बाद प्रशासन ने खोजबीन के प्रयास तेज किए। 30 अक्टूबर को ट्रेकिंग एजेंसी के सैटेलाइट व फोन संपर्कों के माध्यम से दल से संक्षिप्त बातचीत हो सकी, जिसमें उन्होंने कच्ची ढांग के पास सुरक्षित होने की बात कहते हुए आपातकालीन सहायता की मांग की थी। इसके बाद शनिवार तड़के राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ), वन विभाग और ट्रेकिंग एजेंसी के विशेषज्ञ पर्वतारोहियों की संयुक्त टीमें रेस्क्यू के लिए रवाना कर दी गईं।

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर ने निधि राजदान से शादी की

पायल से 32 साल पहले हुई थी शादी, सुप्रीम कोर्ट में सहमति से डिवोर्स

एजेंसी ▸▸ जम्मू-कश्मीर



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पूर्व पत्रकार निधि राजदान से शादी कर ली है। उमर ने शनिवार को दोनों की 2 तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा- कल एक नई शुरूआत हुई, निधि।

पोस्ट के साथ उन्होंने रिंग इमोजी भी लगाया। इसके बाद सोशल मीडिया यूजर्स दोनों की शादी और सगाई को लेकर कयास लगा रहे हैं। निधि ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में रिंग इमोजी के साथ लिखा, इट्स डन ब्रो। उमर का पहली पत्नी पायल के साथ इस साल 31 जुलाई को तलाक हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने 31 जुलाई को उमर अब्दुल्ला और उनकी पत्नी पायल के तलाक की मंजूरी दी थी। दोनों की शादी 32 साल पहले हुई थी। दोनों 2011 से अलग रह रहे थे। दोनों ने कोर्ट को बताया कि आपसी सहमति से अपनी शादी खत्म करने और सभी विवादों को सुलझाने का फैसला किया है। उमर ने सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी शादी को खत्म करने से इनकार कर दिया था।

दिल्ली में जूता फैक्ट्री में आग से 4 की मौत, 2 की हालत गंभीर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के मंगोलपुरी इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 में जूते की फैक्ट्री में शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोगों की हालत गंभीर है। रेस्क्यू टीम ने 6 लोगों को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला था। उन्हें संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, वहीं, 5 अन्य लोगों को बिल्डिंग के चौथे फ्लोर से रेस्क्यू किया गया। आग लगने की वजह का अब तक पता नहीं चला है। आग बेसमेंट से शुरू हुई थी।

फाइव स्टार होटल के पूल में करंट, 2 विदेशियों की मौत

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

बेंगलुरु के 5-स्टार कॉनराड होटल के स्विमिंग पूल में शुक्रवार शाम करंट लगने से दो विदेशी नागरिकों की मौत हो गई। घटना होटल की तीसरी मंजिल पर बने पूल में हुई। मृतकों की पहचान 57 साल के जर्मन नागरिक अलेक्जेंडर मैक्सिमिलियन थाइस और 45 साल के स्लोवाकियाई नागरिक जुराज होर्वाट के रूप में हुई है। दोनों होटल में ठहरे हुए थे। दोनों को बचाने की कोशिश में एक अमेरिकी नागरिक और होटल का पूल अटेंडेंट घायल हो गए। दोनों को मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

नया तूफान 3 नवंबर को आंध्र के तट से टकराएगा

उत्तराखंड में बर्फबारी, ओडिशा में भूस्खलन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना एक कम दबाव का क्षेत्र अब 'डिप्रेशन' में बदल गया है। यह चक्रवाती तूफान बन सकता है।

आईएमडी के डायरेक्टर मृत्युंजय महापात्र ने कहा, संभावित तूफान के दौरान हवा की रफ्तार 80 से 90किमी प्रतिघंटे रहने की उम्मीद है। यह 3 नवंबर को आंध्र तट से टकरा सकता है। इधर, देश में अर्नब तूफान का असर बना हुआ है। उत्तराखंड के केदारनाथ और बद्रीनाथ में बर्फबारी हो रही है। राजस्थान में ओले गिरे। कई जिलों में तापमान 5 डिग्री तक गिर गया। ओडिशा में चक्रवात से हुई भारी बारिश के बाद शुक्रवार को बाढ़ और भूस्खलन से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में नौ महीने का बच्चा भी शामिल है।

एमबीए करने लंदन गई लड़की का शव पुणे में मिला

चुपचाप भारत लौट आई थी, फूड डिलीवरी के ट्रांजैक्शन से परिवार को पता चला

एजेंसी ▸▸ पुणे

महाराष्ट्र के पुणे में 34 साल की एक महिला का शव किराए के फ्लैट में मिला। वह एमबीए की पढ़ाई करने के लिए लंदन गई थी, लेकिन परिवार को बिना बताए ही भारत लौट आई थी। उसके माता-पिता को कई महीने तक लगता रहा कि बेटी लंदन में ही है।

महिला की पहचान छत्रपति संभाजीनगर की रहने वाली मुग्धा अविनाश देशमुख के रूप में हुई है। गुरुवार को उनका शव मिला। पुलिस के मुताबिक, शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। मौत की वजह अभी सामने नहीं आई है। मुग्धा जुलाई 2025 में एमबीए करने के लिए यूके गई थीं। हालांकि, इसी साल अगस्त में वह भारत लौट आईं और पुणे में रहने लगीं। उन्होंने इसकी जानकारी अपने परिवार को नहीं दी थी।



बेटी का फोन बंद हुआ तो परिवार ने तलाश शुरू की

मुग्धा के माता-पिता की उनसे फोन और मैसेज के जरिए बातचीत होती रहती थी। परिवार को यही पता था कि वह लंदन में पढ़ाई कर रही हैं। 24 अक्टूबर को जब परिवार बेटी से संपर्क नहीं कर पाया और उसका मोबाइल भी बंद मिला, तो पिता अविनाश देशमुख ने लंदन में रहने वाली उनकी एक दोस्त से संपर्क किया।

आकाशगंगा में खोजे गए शराब के बादल

अंतरिक्ष में मिला अल्कोहल का भंडार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

अंतरिक्ष में वैज्ञानिकों को एक ऐसी खोज मिली है, जिसने विज्ञान जगत के साथ आम लोगों का भी ध्यान आकर्षित किया है। वैज्ञानिकों ने हमारी आकाशगंगा यानी मिल्की वे के सैगिटेरियस बी-2 क्षेत्र में प्रोपेनॉल के अणुओं की मौजूदगी का पता लगाया है। यह क्षेत्र हमारी आकाशगंगा के केंद्र में स्थित विशालकाय ब्लैक होल सैगिटेरियस ए के नजदीक है। इस खोज के बाद अंतरिक्ष में मौजूद अल्कोहल के विशाल भंडार और जटिल कार्बनिक अणुओं को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है।

सैगिटेरियस बी-2 हमारी



आकाशगंगा के केंद्र के पास स्थित गैस और धूल का एक विशाल बादल है। यह क्षेत्र नए तारों के निर्माण के लिए भी जाना जाता है। वैज्ञानिकों को यहां प्रोपेनॉल के अणु मिले हैं। प्रोपेनॉल एक प्रकार का अल्कोहल है, जिसके अणुओं की संरचना में कार्बन, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन शामिल होते हैं।

अंतरिक्ष केवल तारों, ग्रहों और ब्लैक होल तक सीमित नहीं

हालांकि, अंतरिक्ष में मिले इन अल्कोहल के बादलों का मतलब पीने योग्य शराब का भंडार नहीं है। ये बेहद ठंडे अंतरिक्षीय गैस बादलों में मौजूद सूक्ष्म अणु हैं। वैज्ञानिक इनकी पहचान रेडियो दूरबीनों की मदद से करते हैं। यह खोज एक बार फिर बताती है कि अंतरिक्ष केवल तारों, ग्रहों और ब्लैक होल तक सीमित नहीं है, बल्कि वहां जटिल रासायनिक प्रक्रियाओं का भी विशाल संसार मौजूद है।

महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

बिना एक्सपायरी डेट के खूब बिक रही खाद्य सामग्री



पैक के दोनों तरफ तारीख का अंकन नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर की रेस्टोरेंट व मिठाई दुकानों पर गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री विक्रय न होने से आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड हो रहा है। विगत दिनों कोयला फाटक स्थित एक मिठाई की दुकान से अमानक मिठाई की शिकायत ग्राहक द्वारा किए जाने पर खाद्य विभाग ने नमूने जरूर लिए थे किन्तु इसका कोई प्रभाव शहर के विक्रेताओं पर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। खाद्य सामग्री पर उसके निर्मित होने की मैन्युफैक्चरिंग डेट व उपयोग मे लाने की अंतिम तिथि यानी एक्सपायरी डेट अंकित होना आवश्यक है इसके बावजूद शहर की बहुत सी दुकानों पर बिना एक्सपायरी डेट अंकित खाद्य सामग्री खुलेआम बिक रही है। न तो इनके पैक पर मैन्युफैक्चरिंग डेट और न ही एक्सपायरी डेट (यूज बिफोर) लिखी हुई है। कुछ दुकानदार चिप्स या वेफर्स के पैक पर अंकित यूज बिफोर वाली तारीख ही मिटा देते हैं क्योंकि बच्चे वेफर्स खरीदते समय इस ओर ध्यान नहीं देते हैं।

- **सेण्डविज खमण पर अंकन नहीं** - प्रतिदिन शहर की ज्यादातर होटल पर बिक रहा सेण्डविच खमण ऐसा है जिसके पैक पर कुछ भी अंकित नहीं है। सिर्फ साधारण पोलीथीन मे पैक खमण पर किसी प्रकार की तिथि नहीं होती। जब कोई जागरूक ग्राहक इसके स्वाद मे कड़वापन महसूस कर दुकानदार से आपत्ति भी दर्ज कराता है तो प्रायः दुकानदार दूसरा पैकेट ग्राहक को थमा कर मामला दबा जाता है। खाद्य व औषधि प्रशासन की नाक के नीचे ये गोरखधंधा निर्बाध रूप से चल रहा है जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ता है।
- **उल्टी-दस्त का प्रकोप बढ़ा-** विगत कुछ दिनों से शहर मे उल्टी दस्त का प्रकोप बढ़ा है। ज्यादातर अस्पतालों मे उल्टी, दस्त व जी घबराने के रोगी देखे जा रहे हैं ऐसे में अमानक खाद्य सामग्री को नाश्ते के रूप मे सेवन के दुष्परिणाम से इंकार नहीं किया जा सकता।

नैनो न्यूज

- **शासकीय** माधव विज्ञान महाविद्यालय में अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ, राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्र के प्रति दायित्वों और सामाजिक समरसता के महत्व से कराया अवगत
- **सम्राट विक्रमादित्य** विश्वविद्यालय में रन फॉर यूनिटी, सैकड़ों विद्यार्थियों ने ली एकता की शपथ, सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर हुई दौड़ के पुरुष वर्ग में पृथ्वीराज और महिला वर्ग में किरण रहीं प्रथम
- **जीवन अमूल्य** है, क्रोध, द्वेष और निरर्थक प्रतिस्पर्धा में न गंवाएं, आलौकिक चातुर्मास में मुनिश्री ने समझाए आत्मचिंतन के सूत्र, आज विशेष प्रवचन- मन के जीते जीत है
- **विश्व को** महर्षि पाणिनि की अद्वितीय देन है संस्कृत का ध्वनिविज्ञान, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में पांच दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा वेदांग कार्यशाला का समापन, देशभर के 180 से अधिक प्रतिभागियों ने की सहभागिता
- **सिंहस्थ** 2028 की तैयारियों को लेकर सेवादल की बैठक संपन्न, स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण और शिविर स्थलों पर हुई चर्चा
- **कवि** जीवन प्रकाश आर्य के प्रथम काव्य संकलन भाव शब्दिका का लोकार्पण आज, प्रेमचंद सृजन पीठ एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में डाइट परिसर में आयोजित होगा साहित्यिक समारोह
- **शासकीय** सेवा में रहते महिला थाना प्रभारी पर दूसरी शादी करने का आरोप, नगर निगम अधिकारी भी सवालों के घेरे में, सूचना के अधिकार के तहत खुलासे का दावा, मप्र युवा शिवसेना गौरक्षा न्यास ने कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर दी आंदोलन की चेतावनी
- **पद्मश्री** डॉ. लोहिया ने नवचारी विद्यार्थियों को किया कौटिल्य अलंकरण से सम्मानित, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का 70वां आधारशिला दिवस समारोह आयोजित, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन
- **उज्जैन के** अस्पतालों का होगा इम्पैनलमेंट, सांसद ने सीजीएचएस अधिकारियों से की चर्चा, इंदौर वेलनेस सेंटर के विस्तार की भी मांग, हितग्राहियों ने सांसद फिरोजिया को सौंपा ज्ञापन
- **राष्ट्रीय** एकता दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने निकाली रैली, ली देश की एकता और अखंडता की शपथ, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजन, जन-जन तक पहुंचाया भाईचारे का संदेश
- **केंद्रीय मंत्री** हरदीप सिंह पुरी को मध्यप्रदेश से राज्यसभा भेजने के विरोध में कांग्रेस ने फूंका पुतला, एपस्टीन फाइल में नाम आने पर उठाए सवाल, कहा प्रदेशभर में सड़कों पर जारी रहेगा विरोध
- **सुर संगम** (ओल्ड) ग्रुप द्वारा लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की याद में एक सुनहरी शाम आज

सोना-चांदी में पुष्य नक्षत्र के पूर्व बड़ी गिरावट, जमकर होगी खरीदी

पिछले 6 दिनों में सोना 3 तो चांदी 17 हजार रुपये गिरी

उज्जैन के बाजार में लग्नसरा की ग्राहकी तेज होने की स्थिति बनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



सोना एवं चांदी के भाव में उलटी गिनती का दौर थम नहीं रहा है। पिछले 10 माह में ही सोना एवं चांदी में जमकर गिरावट हुई है। अपने अधिकतम मूल्य पर जाने के बाद दोनों ही धातु के भाव में उलटी गिनती का दौर बराबर बना हुआ है। पुष्य नक्षत्र रविवार को 23 घंटे के लिए शुरू होने वाला है उससे पहले सोने में करीब 2 हजार एवं चांदी में करीब 5 हजार की गिरावट दर्ज की गई है।

दीपावली से पहले खरीदी के महामुहूर्त पुष्य नक्षत्र की शुरूआत कृष्ण पक्ष की सप्तमी यानिकी 1 नवंबर को रहेगी। रविवार को आ रहे इस मुहूर्त को रवि पुष्य के तहत सर्वार्थसिद्धी योग से विशेष संयोग बन रहा है। मान्यताओं के अनुरूप इस नक्षत्र को सफलता एवं स्थायित्व से जोड़कर देखा जाता रहा है। रविवार को आ रहे पुष्य नक्षत्र इस बार 23 घंटों का बताया जा रहा है। ऐसे में यह योग सोमवार तक रहने वाला है।

बाजार में होगी जमकर खरीदी

रवि पुष्य के योग में सोना खरीदी को विशेष बताया गया है। इसके साथ ही रविवारी सप्तमी के योग से भी इसे जोड़कर देखा जा रहा है। सोना एवं चांदी के दामों में बराबर गिरावट के चलते इस योग में बड़ी मात्रा में खरीदी की संभावना जताई जा रही है। पुष्य योग एवं संयोग को देखते हुए उज्जैन के सर्राफा पटनी बाजार सहित प्रमुख ज्वेलर्स शाप में ग्राहकों के लिए रेड कार्पेट लगाया गया है। बाजार में दुकानदारों ने अपनी दुकानों में विशेष सजावट की है। सोना-चांदी के दामों में उतार की स्थिति के बावजूद बड़ी मात्रा में बने गहनों को मंगवाया गया है।

6 दिनों में बराबर गिरावट

उज्जैन के सर्राफा बाजार में सोना एवं चांदी के दामों में बराबर उल्टी गिनती जारी है। अगर इसे वर्ष की शुरूआत से देखें तो चांदी के भाव अपने उच्चतम स्तर से आधे से भी कम रह गए हैं और सोना में करीब 46 हजार के लगभग भाव टूटे हैं। इस सप्ताह की शुरूआत में सोमवार को सोना स्टैंडर्ड 10 ग्राम रूपए 1,44000, सोना रवा रूपए 1,43,800, चांदी पाट प्रति किलो रूपए 1,98,500, चांदी टंच 1,97,500 एवं चांदी सिक्का 2500 रूपए का भाव था। पिछले 5 दिनों में ही भावों में गिरावट की स्थिति बराबर देखी गई है। शनिवार को बाजार में 24 केरेट 10 ग्राम सोना स्टैंडर्ड रूपए 1,41,000, सोना रवा रूपए 1,40,500 चांदी पाट प्रति किलो रूपए 1,83,500 चांदी टंच रूपए 1,82,500 का भाव दर्ज की गई है।

लग्नसरा की खरीदारी के लिए अवसर

इधर बाजार के जानकारों का कहना है कि दामों में गिरावट कब तक रहती है इसे कहना मुश्किल है। जिन बातों से दाम प्रभावित हो रहे हैं उनके स्थायित्व की स्थिति पर ही यह निर्भर करता है। क्रुड आयल बराबर ऊंचे दामों पर बना हुआ है ऐसे में डालर की गिरावट हो रही है। इसके चलते साल के प्रारंभिक स्थिति में लग्नसरा के खरीदी करने वालों की अपेक्षा अभी अवसर है। इसमें जरूरत के मान से खरीदी की जाना ही ठीक रहेगा। आने वाले दिनों में जमकर लग्नसरा रहेगा। इसे देखते हुए बाजार में 22 कैरेट का माल उपलब्ध है।

फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे विकसित हो सकता है खेलों का बड़ा हब

ओपन जिम, कुश्ती, कबड्डी, रोलर स्केटिंग, जूडो-कराटे, बॉक्सिंग, मलखंभ, शतरंज, लाठी, शूटिंग रेंज और टेबल टेनिस सहित अनेक खेलों को मिल सकती हैं सुविधाएं

प्रशासन इन स्थानों को खेल आरक्षित क्षेत्र घोषित करे : राजेश शर्मा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



शहर में खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास स्थल उपलब्ध कराने की दिशा में फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे उपलब्ध होने वाली खाली जगहों का उपयोग एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो सकता है। उज्जैन से इंदौर तक निर्माणाधीन फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो रहा है। इन स्थानों को योजनाबद्ध तरीके से विकसित कर खेलों का बड़ा हब बनाया जा सकता है।

उज्जैन जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेश शर्मा ने प्रशासन से आग्रह किया है कि फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे उपलब्ध स्थानों को खेल आरक्षित क्षेत्र घोषित कर वहां विभिन्न खेलों के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएं।

आगामी सिंहस्थ को देखते हुए उज्जैन से इंदौर तक फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसके अंतर्गत ब्रिज के नीचे कई स्थानों पर पर्याप्त जगह उपलब्ध हो रही है। यदि प्रशासन समय रहते इन स्थानों के सदुपयोग की योजना तैयार कर ले तो उज्जैन को खेल सुविधाओं के रूप में एक बड़ी सौगात मिल सकती है। शहर के प्रमुख क्षेत्रों से जुड़े इन स्थानों को व्यवस्थित रूप से विकसित करने से खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए अतिरिक्त जगह मिलेगी और खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

खेल सुविधाएं विकसित करने की कार्ययोजना बनाई जाए

प्रशासन से मांग की है कि फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे उपलब्ध स्थानों का सर्वेक्षण कर उनकी उपयोगिता के अनुसार खेल सुविधाएं विकसित करने की कार्ययोजना बनाई जाए। संबंधित विभागों के समन्वय से इन स्थानों को खेल आरक्षित क्षेत्र घोषित करने की दिशा में शीघ्र कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, जल निकासी और अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि खिलाड़ियों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण मिल सके। यदि फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे की खाली जगहों को खेलों के लिए आरक्षित कर विकसित किया जाता है, तो यह उज्जैन को खेल नगरी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम साबित हो सकता है।

अभ्यास के लिए बेहतर स्थान- शर्मा ने सुझाव दिया कि ब्रिज के नीचे जिन स्थानों पर पर्याप्त जगह उपलब्ध है, उन्हें समतल कर आवश्यकतानुसार छायादार एवं सुरक्षित बनाया जाए। यहां स्थान की उपलब्धता और तकनीकी उपयोगिता के अनुसार अलग-अलग खेलों के लिए क्षेत्र निर्धारित किए जा सकते हैं। इन स्थानों पर ओपन जिम, कुश्ती, कबड्डी, रोलर स्केटिंग, जूडो-कराटे, बॉक्सिंग, मलखंभ, शतरंज, लाठी, थ्री ऑन थ्री हॉफ कोर्ट बास्केटबॉल, 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग प्रैक्टिस रेंज, और टेबल टेनिस जैसी खेल गतिविधियों के लिए सुविधाएं विकसित करने की संभावनाओं का परीक्षण किया जा सकता है। यदि इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए तो खिलाड़ियों को अपने-अपने खेलों के अभ्यास के लिए बेहतर स्थान मिल सकेंगे। विशेष रूप से उन खेलों को प्रोत्साहन मिलेगा, जिनके लिए शहर में अतिरिक्त अभ्यास स्थलों की आवश्यकता है। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास की व्यवस्था होने से नई खेल प्रतिभाओं को निखरने और आगे बढ़ने के अवसर भी मिलेंगे।

मूर्तिकारों के हुनर से मां लक्ष्मी ले रही सुन्दर रूप



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विगत एक माह से कलाकार मिट्टी, चाकमिट्टी व खड़िया लेकर जुटे हुए हैं मां लक्ष्मी के सुन्दर स्वरूप को गढ़ने में। शहर के कुछ क्षेत्रों में निवासरत मूर्तिकारों की बनाई सुन्दर मूर्तियों की मांग न केवल उज्जैन बल्कि आसपास के शहरों मे भी है। मांग को समय पर पूरा करना एक कठिन काम होता है पर जब पूरा परिवार इसमे जुट जाता है तो सफलता मिल ही जाती है।


नई तकनीक से आगे बढ़ा रहे- शहर के कई कलाकार परंपरागत मूर्ति बनाने के व्यवसाय मे लगे हुए हैं। कुछ परिवारों मे मिट्टी से मूर्तियां गढ़ना पुश्तैनी व्यवसाय रहा पर समय बदलने के साथ इसमें नवाचार करती नई पीढ़ी कला को नए आयाम देने में पीछे नहीं दिखती। नई तकनीक से काम आसान हुआ है और समय की भी बचत हो रही है।

प्रकाशनगर निवासी मूर्तिकार शुभम वाडिया ने बचपन से ही अपने घर में मूर्तियां बनती देखी और वे स्कूल के दिनों से ही मूर्तियों को रंगने के मोटे कार्य करने लगे थे। शुभम ने दैनिक अवन्तिका को बताया कि लगभग एक माह पूर्व से घर के सभी लोग पूरी शिद्दत के साथ मां लक्ष्मी की मूर्तियां बनाने में जुट जाते हैं। सबसे पहले चाक मिट्टी का घोल बनाकर सांचे में डालकर रस्सी से बांध दिया जाता है। जब ये सूख जाती हैं तो इन्हें निकाल कर खुले में सूखने रखा जाता है। धूप व हवा के संपर्क से मूर्तियों को सूखने में सामान्यतः तीन से चार दिन लग जाते हैं। सूखने के बाद इन्हें खड़िया से भरे ड्रम मे डुबोने के बाद फिर सूखने रखा जाता है। तत्पश्चात प्रत्येक मूर्ति पर एक आधार रंग चढ़ाया जाता है जिसे अस्तर चढ़ाना कहा जाता है। अस्तर के बाद बारीक काम जैसे आंख, नाक मुंह, हाथ में पहने आभूषण पर रंग करने का काम ब्रश से बहुत ही कुशलता से किया जाता है। मूर्तियों पर बारीक काम ही फिनिशिंग टच होता है। कलाकार रोहित ने बताया कि अस्तर जो प्रायः सफेद रंग से होता है उसे तो आजकल स्प्रे मशीन से अंजाम दिया जा रहा है किन्तु माता लक्ष्मी की भाव भंगिमा तो उनकी आंख व ओंठ आदि पर बारीक ब्रश से करने पर उभरती है।

आस्था के पावन कुंड पर गंदगी का ग्रहण, लोग डाल रहे निर्माल्य, देवताओं के फोटो

प्रशासन व स्थानीय रहवासियों की अनदेखी के चलते तोड़ चुके दम, कुछ दुर्दशा के शिकार होकर आंसू बहाते नजर आ रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





धार्मिक नगरी उज्जयिनी की पहचान आस्था के पावन केन्द्र दक्षिणमुखी शिवलिंग महाकालेश्वर से है तो धार्मिक ग्रंथों मे इसे पुरातन पवित्र सप्तपुरियों मे बताया गया है। अतिप्राचीन शहर में नौ नारायण व सप्त सागर भी हैं। स्कंदपुराण के अवंतिखंड में प्रमुख सप्तसागर के रूप में रूद्रसागर, गोवर्धन सागर, पुरूषोत्तम सागर, विष्णुसागर, पुष्करसागर, रत्नाकर सागर व क्षीरसागर का वर्णन मिलता है। इनमें से कुछ पावन जलस्त्रोत, प्रशासन व स्थानीय रहवासियों की अनदेखी के चलते दम तोड़ चुके हैं और कुछ दुर्दशा के शिकार होकर आंसू बहाते नजर आ रहे हैं।

शहर के हृदय स्थल क्षीरसागर क्षेत्र में प्राचीन क्षीरसागर कुंड है जिसके आसपास बहुत से पुरातन मंदिर हैं। जल कुंड मे मछलियां जलक्रीड़ा करती नजर आती हैं तो बगुले भी मस्ती करते हुए शिकार की चाह में एक टांग पर साधनारत दिखते हैं। कुंड के आसपास पुराने घने वृक्ष होने से इन पर परिंदे कलरव करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। इस रमणीक क्षीरसागर कुंड का कुछ समय पूर्व सौन्दर्यीकरण भी किया गया था। उस दौरान कुंड के आसपास पौधों के सुन्दर गमले रखे गए थे और आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई थी। समय बीतने के साथ इस खूबसूरत कुंड के रखरखाव पर ध्यान न देने से आज सुन्दर गमले बदनुमा दाग के रूप में नजर आ रहे हैं। कुछ गमलों मे पौधे की जगह पान व गुटखे की पीक दुर्गंध मारती हुई दिख रही है तो कुछ मे देवी देवताओं की खंडित मूर्तियां लोग रख कर चले गए हैं। कुंड के समीप ही नौ नारायण मे सम्मिलित विष्णुजी के मंदिर भी हैं। श्रद्धा से ओतप्रोत कुछ लोग प्रतिदिन पावन कुंड के जल को प्रदूषित करने मे अपना योगदान दे रहे हैं। यहां सफाईकर्मी के मना करने के बावजूद पढ़े लिखे लोग कुंड में कांच लगी देवी देवताओं की तस्वीर तक विसर्जित कर रहे हैं। आसपास के तथाकथित धार्मिक लोग पावन कुंड में निर्माल्य सामग्री विसर्जित करके स्वयं को पुण्य का भागी समझ रहे हैं।

पोलीथीन सहित फूल विसर्जित


आश्चर्य तो तब होता है जब शिक्षित लोग रसूख का दंभ भरते हुए समय की कमी के चलते शिप्रा नदी तक जाना भी मुनासिब नहीं समझते और क्षीरसागर कुंड मे पोलीथीन सहित फूल पत्ती व अन्य पूजन सामग्री बेहिचक डालकर रवाना हो जाते हैं। गौरतलब है कि नगरनिगम द्वारा शिप्रा नदी के तट पर निर्माल्य विसर्जन कुंड की व्यवस्था है बावजूद इसके लोग जलप्रदूषण करते रहते हैं।

जैव विविधता पर संकट

वृक्ष, परिंदे, जलचर और कीट पतंगों वाले इस प्रकृतिक जैव विविधता वाले क्षेत्र को स्थानीय लोग नष्ट करने मे कोई कसर नहीं छोड़ रहे। एक ओर शासन करोड़ों रूपए खर्च कर नवीन बायोडायवर्सिटी जोन विकसित कर रहा है दूसरी तरफ नैसर्गिक आभा से परिपूर्ण शहर का प्राकृतिक पुरातन बायोडायवर्सिटी से पूर्ण क्षीरसागर कुंड देखरेख के अभाव मे नष्ट होने की कगार पर प्रतीत हो रहा है। प्रशासन को तुरंत संज्ञान लेकर ऐसे महत्वपूर्ण पवित्र जलस्त्रोत की सुध लेना चाहिए और कुंड के जल को प्रदूषित करनेवालों के प्रति सख्त कदम उठाने चाहिए नहीं तो भविष्य मे ऐसी ऐतिहासिक जल संरचना मात्र धर्मग्रंथों के पन्नों तक सिमट कर रह जाएंगी। क्षीरसागर कुंड एक समय स्वच्छ जल से लबालब भरा हुआ होता था और उन्नत तकनीक के इस युग में यदि हम उसे बचा न सके तो ये हमारी आधुनिक तकनीक व ज्ञान पर एक प्रश्नचिन्ह ही प्रतीत होगा।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय समरसता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिला उज्जैन पुलिस द्वारा 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी (एकता और अखंडता की दौड़) का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन मूल्यों एवं आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना तथा समाज में भाईचारे, सद्भाव और एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को सुदृढ़ करना है।

कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 7 बजे दशहरा मैदान, उज्जैन से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर निगम सभापति कलावती यादव, महापौर मुकेश टटवाल, विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल अध्यक्ष ओम जैन एवं भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रहे। साथ ही अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, उज्जैन राकेश गुप्ता, कलेक्टर उज्जैन रोशन कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक उज्जैन प्रदीप शर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अतिथियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ का शुभारंभ किया गया।





दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

पेंशनर्स मोर्चे के मौन धरने का हुआ असर

उज्जैन। 28 अक्टूबर को पेंशनर्स मोर्चे का मौन प्रदर्शन का स्वर सरकार तक पहुंच गया। परिणाम स्वरूप मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने कर्मचारियों और पेंशनर्स को 02% महँगाई भत्ता और महंगाई राहत प्रदान की। पेंशनर्स मोर्चा अध्यक्ष अशोक दुबे, राघवकीर्ति उपाध्याय, अरविंद किशोर भटनागर, अभय जैन, चंद्रशेखर जोशी, देवेंद्र व्यास, सोहन पंड्या, संजय सोनी, डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय, कोमलचंद भूतड़ा, डी.के. सोलंकी सहित सभी पेंशनरों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।


रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 2 को

इंदौर। युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार, इनोवेशन एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा आगामी 02 नवम्बर 2026 को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के पास पोलोग्राउंड में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मेले में युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु ऋण प्रक्रिया एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। उप संचालक रोजगार पी.एस. मंडलोई ने बताया कि मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग लेंगी।

जन-विश्वास अभियान के तहत विशाल शिविर आयोजित

इंदौर। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को पंचायत भवन परिसर नैनोद में विशाल जन-विश्वास शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक एमएल मारू, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती प्रियंका टैगोर, अनुविभागीय अधिकारी राजेश सिंह, सरपंच सुरेन्द्र सिंह सोलंकी सहित संबंधित अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। शिविर में नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। विभिन्न शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए गए। अभियान के तहत प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव में संचालित शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में जजों की संख्या होगी 50



जबलपुर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने की दिशा में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने बड़ा कदम उठाया है। कॉलेजियम ने इस सप्ताह दो बैठकों में कुल 12 नामों को मंजूरी दी है। इनमें सात अधिवक्ता और पांच न्यायिक अधिकारी शामिल हैं। इन नियुक्तियों को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में जजों की संख्या बढ़कर 50 हो सकती है, जबकि स्वीकृत पदों की संख्या 53 है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने शुक्रवार को पांच न्यायिक अधिकारियों के नामों पर मुहर लगाई। इनमें श्रीमती रेणुका कंचन, कृष्णमूर्ति मिश्रा, वीरेंद्र सिंह राजपूत, श्रीमती ममला जैन और श्रीमती आशिता श्रीवास्तव के नाम शामिल हैं। कॉलेजियम ने इन सभी को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में न्यायाधीश नियुक्त किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इससे पहले 26 अक्टूबर को कॉलेजियम ने सात अधिवक्ताओं को हाईकोर्ट का जज बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी थी। 26 अक्टूबर को हुई कॉलेजियम की बैठक में जिन सात अधिवक्ताओं के नामों को मंजूरी दी गई, उनमें डॉ. विवेक शरण, राजेश कुमार शुक्ला, कनक गहरवार उर्फ कनक लता सिंह, भक्ति व्यास, श्रेयस पंडित, मृणाल एलकर उर्फ मृणाल मजूमदार और अविनाश जरगर शामिल हैं। इस तरह कॉलेजियम ने एक सप्ताह के भीतर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के लिए कुल 12 नामों को मंजूरी दी है।

नैनो न्यूज

- **देवास- मोबाइल चोरी से खुला अंतरराज्यीय गिरोह का नेटवर्क-** देवास पुलिस ने मोबाइल चोरी के बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए करीब 1.50 करोड़ रुपए कीमत के 400 मोबाइल और छह लाख रुपए नकद बरामद किए। तीन आरोपी गिरफ्तार।
- **आगर- मंदिर विवाद पर हाईवे पर चक्काजाम-** आगर में निपानिया बैजनाथ मंदिर तोड़े जाने के विरोध में बजरंग दल ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम किया। करीब आधे घंटे तक वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही।
- **सुसनेर-इंदौर पुलिस ने संदिग्ध की तलाश में दी दबिश-** सुसनेर में अवैध नशे के कारोबार की आशंका के चलते इंदौर पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाश में कार्रवाई की।
- **शाजापुर- मक्सी बायपास पर हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत-** शाजापुर के मक्सी बायपास पर ट्रैक्टर और ट्रक की भिड़ंत में चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।
- **रतलाम - ट्रेन पर पत्थर फेंकने वाला युवक गिरफ्तार-** जावरा-मंदसौर ट्रेन के इंजन पर पत्थर फेंकने के मामले में रेलवे पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

91.76 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा 633 मीटर लंबा ब्रिज सिंहस्थ 2028 से पहले शहर को ट्रैफिक जाम से देगा राहत

उज्जैनः फ्रीगंज के नए ब्रिज के नीचे सर्विस रोड पर जल्द दौड़ेंगे वाहन

ब्रिज के मक्सी रोड वाले हिस्से में 42-42 टन वजनी प्रीकास्ट स्लैब रखने का काम पूरा कर लिया गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के फ्रीगंज में बन रहे समानांतर ओवरब्रिज का निर्माण तेज हो गया है। मक्सी रोड हिस्से में 42 टन वजनी प्रीकास्ट स्लैब रखने का काम पूरा हो चुका है। सर्विस रोड जल्द खुलेगी। 91.76 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा 633 मीटर लंबा ब्रिज सिंहस्थ 2028 से पहले शहर को ट्रैफिक जाम से राहत देगा।

शहरवासियों के लिए अच्छी खबर है। फ्रीगंज में बन रहे नए समानांतर ओवरब्रिज का काम अब तेज रफ्तार पकड़ चुका है। ब्रिज के मक्सी रोड वाले हिस्से में 42-42 टन वजनी प्रीकास्ट स्लैब रखने का काम पूरा कर लिया गया है। इसके लिए 120 टन क्षमता वाली दो बड़ी क्रेनों की मदद ली गई। रात में भी काम जारी रहा। अब सबसे बड़ी राहत की बात ये है कि मक्सी रोड तरफ की सर्विस रोड को जल्द ही आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। इससे टॉवर चौराहा और ग्रांड होटल के सामने लगने वाले जाम से छुटकारा मिलेगा। निर्माण एजेंसी का लक्ष्य दीपावली तक स्लैब का काम पूरा करना है। इसके बाद ब्रिज का काम टॉवर की तरफ आगे बढ़ाया जाएगा। वहां तोड़फोड़ कम होने से काम और तेजी से होगा।

निर्माण कार्य पूरा होने के साथ ही मक्सी रोड और आसपास की सर्विस लेन को जल्द शुरू करने की तैयारी है ताकि लोगों को आवागमन में राहत मिल सके। कमिश्नर आशीष सिंह और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह द्वारा निर्माण स्थल का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

सिंहस्थ 2028 के लिए तैयार हो रहा है फोरलेन ब्रिज

ये नया ब्रिज सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। 633 मीटर लंबा और 21.40 मीटर चौड़ा ये फोरलेन ब्रिज होगा। इसकी लागत 91.76 करोड़ रुपये है। दोनों तरफ 9-9 मीटर चौड़ी सड़क, फुटपाथ और बीच में डिवाइडर बनेगा। ब्रिज बनने के बाद पुराने और नए शहर के बीच का ट्रैफिक दबाव कम होगा। फ्रीगंज, चामुंडा माता चौराहा और आसपास के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

प्रोजेक्ट एक नजर

- लंबाईः 633 मीटर
- चौड़ाईः 21.40 मीटर (फोरलेन)
- लागतः 91.76 करोड़ रुपये
- कैरिज-वेः दोनों तरफ 9-9 मीटर
- फुटपाथः डेढ़ से दो मीटर, बीच में डिवाइडर
- उद्देश्यः सिंहस्थ 2028 और शहर के ट्रैफिक दबाव को कम करना

कार्य की अभी तक प्रगति

- 42 टन वजनी प्रीकास्ट गर्डर / स्लैब रखी गई
- 120 टन की दो बड़ी क्रेनों से रात में काम
- मक्सी रोड ब्रांच का काम लगभग पूरा
- मक्सी रोड की सर्विस रोड जल्द खुलेगी
- दीपावली तक स्लैब डालने का काम पूरा करने का लक्ष्य

जनता को होगा फायदा....- ■ फ्रीगंज, टॉवर, चामुंडा माता चौराहे पर जाम खत्म होगा ■ पुराने और नए शहर के बीच आना-जाना आसान ■ माधव नगर स्टेशन तरफ का ट्रैफिक होगा सुगम

बैठक में शामिल होने के लिए संघ प्रमुख मोहन भागवत सहित अन्य पदाधिकारी इंदौर पहुंचे

इंदौरः आरएसएस की तीन दिवसीय बैठक 2 नवंबर से

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक 2 नवंबर से इंदौर में शुरू होगी। संघ की संगठनात्मक व्यवस्था में बदलाव के लिहाज से इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अब प्रांत के बजाय संभागीय क्षेत्र के आधार पर संगठन की व्यवस्थाएं तय की जाएंगी। इसके साथ ही नई जिम्मेदारियां और पदाधिकारियों की भूमिकाएं भी निर्धारित हो सकती हैं। बैठक में शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ आगामी संगठनात्मक चुनावों की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक 2 नवंबर से इंदौर में शुरू होगी। बैठक में शामिल होने के लिए संघ प्रमुख मोहन भागवत सहित अन्य पदाधिकारी इंदौर पहुंच चुके हैं। इस बार होने वाली बैठक संघ की संगठनात्मक व्यवस्था में बदलाव के लिहाज से महत्वपूर्ण है। संघ में अब प्रांत के बजाय संभागीय क्षेत्र के हिसाब से व्यवस्थाएं संचालित होंगी और नई भूमिकाएं तय की जाएंगी। नए पदों पर पदाधिकारियों की घोषणा भी बैठक में हो सकती है। मार्च में सरसंघचालक, सरकार्यवाह सहित अन्य पदों और जिला स्तर पर चुनाव होंगे।

408 सदस्य शामिल होंगे

इस बैठक में संघ सरसंघचालक मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित सभी छह सह सरकार्यवाह, कार्य विभाग प्रमुख और कार्यकारिणी के 408 सदस्य शामिल होंगे। बैठक में शताब्दी वर्ष के सभी कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। देश में हाल ही में हुए आंदोलनों के दौरान सोशल मीडिया पर चलाए गए अभियानों की सामग्री, नशीले पदार्थों और बाहरी शक्तियों के हस्तक्षेप सहित कई विषयों पर चर्चा होगी। इन मुद्दों को लेकर आगे की रणनीति भी तैयार की जाएगी। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि संघ नई तकनीकों का विरोध नहीं करता, लेकिन उनके दुरुपयोग को लेकर बैठक में विमर्श किया जाएगा।

आंदोलन देशहित में होना चाहिए

आंबेकर ने सवालों के जवाब देते हुए दिल्ली में हुए जेन-जी आंदोलन पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि देश से जुड़े मुद्दे उठाए जा सकते हैं, लेकिन आंदोलन देशहित में होना चाहिए। आंदोलनों का फायदा देशविरोधी शक्तियां न उठा सकें, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को जोड़ने के लिए संघ अलग से कोई अभियान नहीं चलाएगा, क्योंकि यह एक सतत प्रक्रिया है। संघ की ओर से कई शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में युवा सम्मेलन आयोजित किए गए हैं।

संगठन में विकेंद्रीकरण की तैयारी- प्रस्तावित बदलावों का मकसद संघ के कामकाज को विकेंद्रीकृत करना है। इसके तहत जिम्मेदारियां ज्यादा प्रभावी ढंग से बांटी जाएंगी और अलग-अलग स्तरों पर तालमेल बेहतर किया जाएगा।

अधिक संख्या में संभाग बनने से संगठनात्मक गतिविधियों का प्रबंधन आसान होने की उम्मीद है। इससे अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यक्रमों को लागू करने में भी मदद मिलेगी। आरएसएस के मौजूदा संगठनात्मक ढांचे में अलग से राज्य स्तर की इकाई नहीं थी। नई व्यवस्था में राज्य स्तर पर केवल राज्य प्रचारक और राज्य कार्यवाह होंगे।

बैठकों की अवधि और जगह में बदलाव- संघ की सबसे बड़ी निर्णय लेने वाली संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक अब हर साल नहीं होगी। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत यह बैठक हर तीन साल में नागपुर में आयोजित की जाएगी। क्षेत्रीय स्तर की बैठकें हर दो साल में होंगी। इन बदलावों का उद्देश्य क्षेत्रों, संभागों और राज्य स्तर की इकाइयों के बीच तालमेल मजबूत करना है। बदलाव लागू होने के बाद फरर के प्रशासनिक और संगठनात्मक ढांचे में बड़ा पुनर्गठन होगा। इससे क्षेत्रों, संभागों और राज्य इकाइयों के बीच समन्वय के लिए नई व्यवस्था बनेगी।

लर्निंग आउटकम्स पर आधारित होंगे पेपर

मध्यप्रदेश में 1 दिसंबर से कक्षा 3 से 8 तक की परीक्षाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में इस बार तीसरी से आठवीं कक्षा की छमाही परीक्षा में विद्यार्थियों की केवल किताबी जानकारी नहीं, बल्कि उनकी समझ, विश्लेषण क्षमता और सीखी गई बातों को व्यवहार में लागू करने की दक्षता भी परखी जाएगी। परीक्षा में लर्निंग आउटकम्स (सीखने के प्रतिफल) पर आधारित प्रश्न पूछे जाएंगे। इसके लिए बहुविकल्पीय, रिक्त स्थान की पूर्ति, अतिलघुउत्तरीय, लघुउत्तरीय और दीर्घउत्तरीय प्रश्नों का पैटर्न निर्धारित किया गया है। खास बात यह है कि पहली बार इस पैटर्न पर आधारित मॉडल प्रश्न बैंक भी तैयार किया जाएगा, जिसके माध्यम से शिक्षक विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी कराएंगे। राज्य शिक्षा केंद्र ने सत्र 2026-27 में प्रतिभा पर्व और अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन के आयोजन को लेकर सभी कलेक्टरों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पहली और दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों का अलग से मूल्यांकन नहीं होगा। इनका आकलन एफएलएन आधारित आवधिक मूल्यांकन के माध्यम से किया जाएगा। सरकारी स्कूलों में तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों का प्रतिभा पर्व मूल्यांकन 1 दिसंबर से शुरू होगा। तीसरी से पांचवीं तक की परीक्षाएं 1 से 7 दिसंबर तक सुबह 10.30 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएंगी।

प्राचीन नव नारायण में शामिल है मंदिर, 800 साल से अधिक पुरानी है मूर्ति, थाने में दर्ज कराई शिकायत

असामाजिक तत्वों ने की पुरुषोत्तम नारायण की मूर्ति खंडित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कार्तिक मास के दौरान असामाजिक तत्वों ने प्राचीन श्री पुरुषोत्तम नारायण मंदिर में भगवान की मूर्ति को खंडित कर दिया। क्षीरसागर के समीप स्थित मंदिर में गुरुवार रात अज्ञात लोगों ने भगवान पुरुषोत्तम नारायण की मूर्ति की नासिका तोड़ दी। घटना से श्रद्धालुओं में आक्रोश है। मंदिर के पुजारी पं. शंकर लक्ष्मीनारायण जोशी ने पुलिस में शिकायत की है।

पहले पीतल का द्वार और कलश भी हो चुके चोरी

पुजारी पूजा अर्चना को लेकर पशोपेश में शास्त्र खंगाल रहे

800 साल पुरानी धार्मिक व पौराणिक महत्व की मूर्ति के भग्न हो जाने के बाद पुजारी पूजा अर्चना को लेकर पशोपेश में पड़ गए हैं। उनका कहना है कि सनातन धर्म परंपरा में खंडित मूर्ति का पूजन निषेध माना गया है। ऐसे में मंदिर में नई मूर्ति विराजित करें या फिर इसी मूर्ति की पूजा अर्चना करें, इसके लिए शास्त्र खंगाले जा रहे हैं।

पं. जोशी ने बताया उज्जैन के प्राचीन नव नारायण मंदिरों में श्री पुरुषोत्तम नारायण मंदिर का विशेष स्थान है। यहां भगवान की प्राचीन मूर्ति विराजित है। शुक्रवार सुबह मूर्ति की नासिका क्षतिग्रस्त होने की जानकारी सामने आई। मंदिर में वर्तमान में प्रवेश द्वार नहीं होने से परिसर खुला रहता है। आशंका है कि इसी का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों ने प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया।

त्रिवेणी कला संग्रहालय के संग्रह अध्यक्ष व पुराविद् योगेश पाल ने बताया भगवान विष्णु की यह मूर्ति 12 वीं-13 वीं शताब्दी की प्रतीत होती है। बलुआ पत्थर से निर्मित यह मूर्ति शिल्पांकन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। चतुर्हस्त मूर्ति के ऊपरी दोनों हाथ में शंख व गदा का अंकन है। नीचे के दोनों हाथ में से एक में शंख तथा दूसरा वरद मुद्रा में है। मूर्ति के अलंकृत आभूषण अत्यंत मनोहारी है। पुजारी के अनुसार मंदिर में सुरक्षा की दृष्टि से कुछ वर्ष पहले पीतल का द्वार लगाया गया था। चोर उसे भी तोड़कर ले गए। मंदिर का पीतल का कलश भी चोरी हो चुका है।

इंदौर में पैडलर के तीन खातों से देशभर में साइबर ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

साइबर ठगों को म्यूल अकाउंट की सप्लाई करने वाला पैडलर पुलिस के हत्थे चढ़ा है। उसने आईडीबीआइ बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और स्टेट बैंक ऑफ मॉरीशस के खातों की ठग गैंग को सप्लाई की थी और उसके द्वारा बेचे खातों के खिलाफ देश के नौ राज्यों से साइबर धोखाधड़ी की 35 शिकायतें दर्ज हो चुकी थी।

क्राइम ब्रांच के एडीसीपी (अपराध) राजेश दंडोतिया के अनुसार राज्य साइबर मुख्यालय, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी), गृह मंत्रालय और साइबर क्राइम पोर्टल से मिली जानकारी के आधार पर संदिग्ध बैंक खातों की जांच की गई है। इसी दौरान आरोपित सचिन विश्वकर्मा के तीन बैंक खातों की जानकारी सामने आई। एडीसीपी के अनुसार इन तीनों खातों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड सहित नौ राज्यों से कुल 35 शिकायतें दर्ज मिली हैं।

ऑनलाइन सट्टा केस में पैनल बेचने वाला आरोपित दिल्ली से गिरफ्तार- अपराध शाखा ने आन लाइन सट्टा केस में दिल्ली से एक आरोपित को पकड़ा है। पुलिस आरोपित की लंबे समय से तलाश कर रही थी। वह सट्टा लगाने वाली गैंग को पैनल की सप्लाई करता है।

उज्जैन-बदनावर फोरलेन हाईवे डेढ़ साल में ही मरम्मत की स्थिति में पहुंचा लापरवाही के चलते

907 करोड़ से बनी सड़क की सतह डेढ़ साल में ही उखड़ी

सिंहस्थ से पहले टिकाऊ सड़क बनाने की चुनौती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

907 करोड़ रुपये की लागत से बना उज्जैन-बदनावर फोरलेन हाईवे डेढ़ साल में ही मरम्मत की स्थिति में पहुंच गया है। तपोभूमि से चिंतामन क्षेत्र के बीच सड़क की ऊपरी सतह उखाड़कर मिलिंग और फिर डामरीकरण किया जा रहा है।

सड़क के हिस्से को खुरचकर दोबारा बनाने की नौबत ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) इसे सड़क की खराबी नहीं, बल्कि मानसून के बाद होने वाला नियमित मेंटेनेंस बता रहा है। प्राधिकरण के अनुसार, सीमित हिस्सों में सुधार कार्य के आधार पर पूरे प्रोजेक्ट को खराब गुणवत्ता वाला बताना उचित नहीं है।

उज्जैन-बदनावर फोरलेन करीब 69.1 किलोमीटर लंबा है। इसका निर्माण हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएएम) के तहत करीब 907 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। समझौते के अनुसार, निर्माण एजेंसी को अगले 15 वर्षों तक सड़क के रखरखाव और मरम्मत की जिम्मेदारी निभानी है। मौजूदा मरम्मत का खर्च भी एजेंसी ही वहन करेगी। एनएचएआइ का कहना है कि सिंहस्थ 2028 में सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए सड़क की निगरानी और जरूरी सुधार किए जा रहे हैं। अब एनएचएआइ की उज्जैन-बदनावर परियोजना में भी डेढ़ साल के भीतर सड़क की सतह सुधारने की जरूरत ने गुणवत्ता निगरानी पर सवाल खड़े किए हैं।

जवाबदेही तय होना जरूरी

हालांकि, सवाल यह है कि जिस सड़क का निर्माण करीब 907 करोड़ रुपये की लागत से हुआ और जिसे बने अभी डेढ़ साल ही हुए हैं, उसकी सतह को मिलिंग कर दोबारा डामरीकरण की जरूरत क्यों पड़ी? क्या इसकी वजह निर्माण सामग्री, डामर की गुणवत्ता, सड़क बिछाने की प्रक्रिया या मानसून का असर है?

एनएचएआई ने खराबी को सीमित हिस्सों तक बताया है, लेकिन यह स्पष्ट होना चाहिए कि कितने हिस्सों में सतह उखड़ी और मरम्मत की वास्तविक लंबाई कितनी है। तकनीकी जांच में खराबी की वजह क्या सामने आई, यह भी सार्वजनिक होना चाहिए। मरम्मत केवल पैचवर्क तक सीमित न रहे, बल्कि सड़क सिंहस्थ के दौरान और उसके बाद भी टिकाऊ बनी रहे, इसकी जवाबदेही तय होना जरूरी है।

उज्जैन-गरोठ फोरलेन निर्माण में भी सामने आ चुकी लापरवाही

एनएचएआई की ही उज्जैन-गरोठ फोरलेन परियोजना में प्रेमनगर आरओबी और कालियादेह पुल के पास निर्माण गुणवत्ता को लेकर पहले भी सवाल उठ चुके हैं। प्रेमनगर में फरवरी 2026 में आरओबी की रिटेनिंग वॉल धंस गई थी। जून में दोबारा निर्माण के बाद अगस्त में आरई वॉल के पैनल फिर खिसक गए। आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञों के निरीक्षण के बाद करीब 500 मीटर हिस्से को तोड़कर नए सिरे से बनाने का निर्णय हुआ। सितंबर में कालियादेह में भी रिटेनिंग वॉल के ब्लॉक खिसकने का मामला सामने आया। इन घटनाओं ने निर्माण एजेंसी के काम और निगरानी व्यवस्था की जवाबदेही पर सवाल खड़े किए थे।

8.68 लाख किसानों ने कराया रजिस्ट्रेशन

मध्यप्रदेश में 1 दिसंबर से फिर शुरू होगी धान की खरीदी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश में गत वर्ष 51.54 लाख टन धान का उपार्जन समर्थन मूल्य पर किया, लेकिन इसकी मिलिंग अब तक नहीं हो पाई है। 27 लाख टन धान गोदामों में रखा है। उधर, एक दिसंबर से फिर धान के उपार्जन की तैयारी है। इसके लिए 8,68,214 किसानों ने पंजीयन कराया है। खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उपार्जन से पहले मिलिंग को लेकर नीति बनाएंगे ताकि समयसीमा में काम पूरा हो सके। धान की मिलिंग करने वाले मिलर्स को एक क्विंटल धान से 67 किलोग्राम चावल बनाकर देना होता है। इसके लिए प्रति क्विंटल मिलिंग चार्ज के साथ 50 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है, मगर मिलर्स अपग्रेडेशन राशि की मांग कर रहे हैं। 2024 तक सरकार ने अपनी ओर से यह राशि दी और फिर बंद कर दिया। मिलर्स का कहना है कि एक क्विंटल धान में 55 किलोग्राम से अधिक चावल नहीं निकलता है। बाकी मात्रा की पूर्ति के लिए बाजार से चावल लेना होता है, जिसके कारण अतिरिक्त राशि व्यय करनी होती है। इसका भुगतान सरकार करे मगर सरकार तैयार नहीं हुई तो मिलर्स ने मिलिंग करने में आनाकानी की।

इसका परिणाम यह हुआ कि जो मिलिंग सितंबर में पूरी हो जानी चाहिए थी वह अब तक नहीं हो पाई है। 27 लाख टन धान अभी भी गोदाम में है। उधर, फिर उपार्जन प्रारंभ होने वाला है। इसे देखते हुए विभाग मिलिंग को लेकर नीति बनाने जा रहा है। अपर मुख्य सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति केसी गुप्ता का कहना है कि इस विषय को लेकर विचार चल रहा है।

न्यूज कालम



कलेक्टर ने बोहरडा स्थित लिगेसी वेस्ट डंपसाइट का किया निरीक्षण

बुरहानपुर। शहर को स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बोहरडा स्थित लिगेसी वेस्ट डंपसाइट पर पुराने कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर विवेक कुमार ने डंपसाइट का निरीक्षण कर बायोमायनिंग प्रक्रिया के माध्यम से किए जा रहे कचरे के निस्तारण कार्य का जायजा लिया।उन्होंने नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव से कार्य की प्रगति एवं अपनाई जा रही प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शेष कचरे के निस्तारण तथा प्रोसेसिंग के बाद प्राप्त आरडीएफ का निर्धारित समय-सीमा में समुचित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कार्य में पर्यावरणीय मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए।स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत बोहरडा स्थित लगभग 30 वर्ष पुराने 1.97 लाख मीट्रिक टन कचरे का बायोमायनिंग तकनीक से वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा रहा है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 1082.26 लाख रुपये है। परियोजना के तहत अब तक लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष कार्य प्रगतिरत है। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्राम चोली में गोपाल-कृष्ण दुग्ध पुरस्कार योजना का समापन, पशुपालकों को मिले 1.75 लाख रुपये के पुरस्कार

विधायक के मुख्य आतिथ्य में हुआ आयोजन, 8 पशुपालकों को किया सम्मानित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



ग्राम चोली में मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय गोपाल-कृष्ण दुग्ध पुरस्कार योजना का समापन समारोह ग्राम चोली में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महेश्वर विधानसभा के सनातनी विधायक राजकुमार मेव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार मेव ने श्री राधा-कृष्ण की छायाप्रति पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात गौमाता का विधिवत पूजन-अर्चन कर उन्हें गुड़ एवं चना खिलाया। इस दौरान गौसेवा और देशी गोवंश के संरक्षण का संदेश दिया गया।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पशुपालकों को पशुपालन विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

इसमें प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये पंकज कैलाश पटेल, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपये रविंद्र मोहन सिंह तंवर तथा तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपये दिनेश उमराव सिंह घाण्यावाला को प्रदान किया गया। पुरस्कार की राशि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विजेता पशुपालकों के बैंक खातों में अंतरित की जाएगी।

कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पाटीदार, नगर अध्यक्ष छितंगांव, नहर अध्यक्ष वीरेंद्र पाटीदार (ग्राम ठनगाँव), मंडल उपाध्यक्ष सीताराम ठाकुर, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी महेश बर्मन, समाजसेवी मनोहर पटेल, सरपंच प्रतिनिधि मोहन चौहान, जनपद प्रतिनिधि कावेरीबाई एवं अभिलाष ठाकुर सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।इस अवसर पर सीताराम ठाकुर एवं इंदर सिंह ठाकुर की ओर से प्रतियोगिता में शामिल सभी आठ प्रतिभागी पशुपालकों को दुग्ध दोहन हेतु सांत्वना पुरस्कार स्वरूप बाल्टियां भेंट की गईं। वहीं ग्राम पंचायत चोली के सरपंच प्रतिनिधि मोहन चौहान की ओर से सभी आठ प्रतिभागी पशुपालकों को 500-500 रुपये की नगद प्रोत्साहन राशि भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत आयोजित इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य देशी गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन को प्रोत्साहित करना, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना तथा ग्रामीण पशुपालकों को उन्नत पशुपालन के लिए प्रेरित करना है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में ग्राम चोली के आठ पशुपालकों ने अपने देशी गोवंश के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में ग्राम के गणमान्य नागरिक, निगरानी समिति के सदस्य, पशुपालन विभाग के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



बरझर में 6 लाख की डीपी का विधायक सेना पटेल ने किया उद्घाटन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ अलीराजपुर

जोबट विधानसभा क्षेत्र की विधायक सेना महेश पटेल ने क्षेत्रीय दौरे के दौरान बरझर के तंबोलिया फलिया में लगभग 6 लाख रुपये की लागत से स्थापित विद्युत डीपी का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। वहीं बोरकुंडिया में कांग्रेस मंडलम, सेक्टर एवं क्रॉस पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक लेकर संगठन को मजबूत बनाने तथा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक में विधायक ने भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं, महंगाई, आदिवासियों के अधिकार, प्रदेश की कानून व्यवस्था और विकास कार्यों को लेकर अपनी बात रखी।बरझर के तंबोलिया फलिया में ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि पिछले तीन वर्षों से पेयजल पाइपलाइन टूटी हुई है। इसके कारण घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है और ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर समस्या का समाधान नहीं होने की बात भी रखी। विधायक ने कलेक्टर को फोन लगाया और समस्या से अवगत कराया।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाई

मालीगांव। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने आज मालीगांव स्थित अपने मुख्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाया। यह कार्यक्रम एनएफरेलवे मुख्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें एनएफरेलवे के महाप्रबंधक श्री चेतन कुमार श्रीवास्तवतथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर, महाप्रबंधकने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए 'राष्ट्रीय एकता दिवस' की शपथ दिलाई। एनएफरेलवे (निर्माण) के महाप्रबंधक श्री आशीष बंसल की उपस्थिति में, उनके कार्यालय में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा, एनएफरेलवे के सभी पांच मंडलों में भी इस अवसर को काफी शानदार ढंग से मनाया गया। इस उत्सव के तहत, एक "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सरदार वल्लभभाई पटेल के विजन और आदर्शों को रेखांकित किया गया।उनके नेतृत्व और प्रयासों ने ही देश को एकजुट करने और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

सरदार पटेल की जयंती के पूर्व काव्य गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न



सनावद। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती की पूर्व संध्या पर सुमन साहित्य समिति द्वारा प्रिंस यशवंत शारदा भवन में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें नगर के कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सरदार पटेल के व्यक्तित्व, साहस, राष्ट्रभक्ति और देश के एकीकरण में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कवि श्याम दीक्षित मधुप ने मां वाणी की स्तुति से किया। संस्था अध्यक्ष डॉ. धन्नालाल चौधरी धवल ने अपनी रचना के माध्यम से पटेल को साहसी, विद्वान और बहुआयामी व्यक्तित्व का धनी बताया। कवि विजय माहेश्वरी ने अपनी रचना में कहा कि आजादी के बाद यदि सरदार पटेल देश के प्रधानमंत्री बने होते तो भारत की परिस्थितियां कुछ अलग होतीं। मंगल प्रसाद साल्वे ने पटेल को मिली सरदार और लौह पुरुष की उपाधि के साथ उनके उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के रूप में योगदान को शब्दों में पिरोया। श्याम दीक्षित मधुप ने देश के प्रति उनके ऐतिहासिक योगदान और भारत रत्न सम्मान का उल्लेख किया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर हुआ "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन

बड़वानी। भारत के लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता, अखण्डता, सामाजिक सद्भाव एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जन जागयकता विकसित करने के उद्देश्य से जिले में " रन फॉर यूनिटी" का आयोजन प्रातः 7.15 बजे से किया जायेगा। दौड़ का प्रारंभ कारंजा चौराहा से प्रारंभ होकर नगर पालिका होते हुए, सरदार वल्लभ भाई स्मारक पर समापन किया जावेगा।

सनावद में नार्मदीय ब्राह्मण समाज का स्नेह मिलन, संगठन और सेवा का लिया संकल्प



सनावद। स्थानीय नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला में शुक्रवार को लव कुश श्रीराम नार्मदीय ब्राह्मण समाज, इंदौर के तत्वावधान में आत्मीय मिलन, परिचय सम्मेलन एवं स्नेहभोज का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि पं. ओमप्रकाश पाराशर की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में समाज की एकजुटता, आपसी समरसता और सेवा गतिविधियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां नर्मदा एवं भगवान गणेश के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद उपस्थित समाजजनों ने सामूहिक रूप से मां नर्मदा अष्टक का गान किया। महिला सदस्यों ने अतिथियों एवं मातृशक्ति कार्यकारिणी पदाधिकारियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान भीकनगांव से आए श्री अत्रे की विशेष उपस्थिति रही।मुख्य अतिथि पं. ओमप्रकाश पाराशर ने कहा कि समाज की असली ताकत संगठन, समरसता और जरूरतमंदों की सेवा में है। उन्होंने इंदौर में संचालित वृद्धाश्रम, निर्धन एवं मेधावी बच्चों की शिक्षा सहायता सहित विभिन्न सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सनावद में समाज अथवा नगरहित के किसी भी रचनात्मक और जनकल्याणकारी कार्य में सहयोग की आवश्यकता होने पर वे सदैव तत्पर रहेंगे।

सांसद अनिता चौहान का तूफानी प्रवास, चार ग्रामों को मिली विद्युतीकरण की बड़ी सौगात

31 लाख 30 हजार की विद्युत डीपी का किया लोकार्पण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



रतलाम-झाबुआ-आलीराज पुर संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती अनिता चौहान ने आज आलीराजपुर जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का तूफानी प्रवास कर विकास कार्यों की सौगात दी। अपने प्रवास के दौरान सांसद श्रीमती चौहान ने जिले के चार ग्रामों में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से लाखों रुपये की लागत से स्थापित नवीन विद्युत डीपी का लोकार्पण कर उनमें विद्युत प्रवाह प्रारंभ करवाया। इन विद्युत डीपी की स्थापना से लंबे समय से विद्युत आपूर्ति एवं कम वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गोविंदा गुप्ता ने बताया कि आज के प्रवास के दौरान सांसद श्रीमती अनिता चौहान ने ग्राम मथवाड़ के बाजार फलिया में 7 लाख 9 हजार रुपये, ग्राम अम्बाजा के कढ़ाईपानी फलिया में 9 लाख 81 हजार रुपये, ग्राम नकटी के पटेल फलिया में 8 लाख 17 हजार रुपये तथा ग्राम बड़ी उतावली के अहरण फलिया में 6 लाख 23 हजार रुपये की लागत से स्थापित विद्युत डीपी का विधिवत लोकार्पण किया। इस प्रकार चारों ग्रामों में कुल 31 लाख 30 हजार रुपये की लागत से विद्युत व्यवस्था के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया है। सांसद ने नवीन डीपी में विद्युत प्रवाह प्रारंभ करवाकर ग्रामीणों को इस महत्वपूर्ण सुविधा की सौगात दी।

नवीन विद्युत डीपी स्थापित होने से संबंधित फलियों में बिजली आपूर्ति की क्षमता बेहतर होगी तथा कम वोल्टेज और बार-बार बिजली संबंधी परेशानियों से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। बेहतर विद्युत आपूर्ति से किसानों को खेतों में सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिलने में सहायता मिलेगी, जिससे वे समय पर अपनी फसलों को पानी दे सकेंगे। इसका सकारात्मक प्रभाव कृषि उत्पादन और किसानों की आर्थिक स्थिति पर भी पड़ने की उम्मीद है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों को भी इसका लाभ मिलेगा।



भारत विकास परिषद द्वारा पीर हिंगोरिया में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

भारत विकास परिषद द्वारा चल रहे स्वास्थ्य सेवा प्रकल्प के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर ग्राम पीर हिंगोरिया में आयोजित किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर सरदार पटेल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किये जा रहे हैं। संस्था अध्यक्ष शेखर नाहर के बताया कि भाविप एवं सरदार पटेल हॉस्पिटल की टीम ने ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, दवाइयाँ वितरित कीं; गंभीर मरीजों के उपचार में आयुष्मान योजना की जानकारी दी जा रही हैं।

सेवा स्वास्थ्य प्रकल्प के अंतर्गत शिविर में अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर अवश्य परामर्श दिया। शिविर में संस्था पदाधिकारी संस्था अध्यक्ष नाहर, सचिव गोपाल सेठिया, कोषाध्यक्ष निलेश जोशी व सरदार पटेल हॉस्पिटल प्रबंधन टीम के विकास जायसवाल एवं प्रेम बनोपा आदि अस्पताल के सदस्य मौजूद रहे।

संस्था द्वारा क्षेत्र में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर विगत चार माह से निरंतर आयोजित किया जा रहे। आयुष्मान भारत योजना से पात्र हितग्राहियों को 5 लाख तक के उपचार की सुविधा भी संस्था द्वारा पात्र आमजन को दिलवाई जा रही हैं। संस्था अध्यक्ष ने बताया कि स्वास्थ्य प्रकल्प के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने तथा लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के प्रति जागरूक करने की यह पहल निरंतर जारी रहेगी।

दीपावली पूर्व खाद्य दुकानों पर कार्रवाई

बड़वानी।जिला कलेक्टर श्रीमती जयतिसिंह के निदेर्शानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा दीपावाली पर्व के पहले जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने हेतु निवाली, नागलवाड़ी , ओझर, बड़वानी के खाद्य प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण एवं नमूना कार्यवाही की गई। इस दौरान खाद्य पदार्थों के 24 नमूने जांच के लिए गए। कार्रवाई के दौरान निवाली में लवदीप होटल से मिल्क केक, लस्सी, गुलाब जामुन, साईं कृपा होटल, गुरू कृपा होटल एवं मुन्ना होटल से मिठाई, चंदन दूध डेयरी से मिल्क केक, पनीर, कान्हा दूध डेयरी से दूध व छाछ, सैफी किराना से सोयाबीन तेल, बेसन व गुड़ के नमूने जांच हेतु लिए गए। साथ ही गंदगी पाये जाने पर लवदीप होटल, साईं कृपा होटल एवं श्रीकृष्ण होटल पर एक-एक हजार रुपये तथा मुन्ना होटल व सैफी किराना पर 500-500 रुपए का स्पॉट फाइन नगर परिषद अधिकारी द्वारा किया गया। साथ ही दल के द्वारा मटन दुकानों का भी निरीक्षण किया गया।



राष्ट्रीय एकता दिवस एवं दीपक सजावट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

राजकुमार खंडेलवाल स्मृति हायर सेकेंडरी स्कूल, बड़वानी में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस एवं दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में दीपक सजावट प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता, भाईचारे एवं देश की संप्रभुता बनाए रखने का संदेश दिया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सरदार पटेल के जीवन, संघर्ष एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान से अवगत कराया।

इसके पश्चात आयोजित दीपक सजावट प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने घर से आकर्षक ढंग से सजाकर दीपक लाए, वहीं कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने विद्यालय में ही अपनी रचनात्मकता एवं कलात्मक कौशल का प्रदर्शन करते हुए सुंदर दीपक सजाए। विद्यार्थियों ने रंगों, मोतियों, सजावटी सामग्री एवं पारंपरिक कलाकृतियों से दीपकों को आकर्षक रूप प्रदान किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का उत्साह एवं भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम देखते ही बन रहा था।



सकल हिंदू समाज और पुलिस प्रशासन ने निकाली जागरूकता रैली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

दीपावली का त्योहार सुरक्षित और हर्षोल्लास के साथ मनाने तथा खतरनाक हिंगोट के उपयोग को पूरी तरह रोकने के उद्देश्य से शनिवार को नगर में हिंगोट विरोध वाहन रैली निकाली गई। दोपहर 2 बजे झंडा चौक से शुरू हुई इस रैली में सकल हिंदू समाज के साथ कोतवाली थाना बड़वानी पुलिस एवं यातायात पुलिस के जवान भी शामिल हुए।

रैली के माध्यम से नगरवासियों को हिंगोट के खतरों के प्रति जागरूक किया गया। हिंगोट एक खतरनाक पारंपरिक विस्फोटक सामग्री है, जिससे गंभीर चोट लगने के साथ ही किसी की जान भी जा सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगरवासियों और प्रशासन के सामूहिक प्रयासों से पिछले दो वर्षों से बड़वानी में हिंगोट पर प्रतिबंध लागू है।

प्रतिबंध के चलते अब बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग बिना किसी भय के दीपावली का त्योहार मना पा रहे हैं। रैली के माध्यम से नागरिकों से अपील की गई कि वे हिंगोट का उपयोग न करें और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करें। आयोजन का उद्देश्य नगर में सुरक्षित वातावरण बनाए रखना और सभी को मिलकर खुशियों के साथ दीपावली मनाने का संदेश देना रहा। इस दौरान संदेश दिया गया कि सुरक्षित दीपावली हम सबकी जिम्मेदारी है।



सरदार पटेल की जयंती पर महा विद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

सरदार वल्लभभाई पटेल की १५१वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लौह पुरुष सरदार पटेल के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन संचालक बीएम पाटीदार एवम् एकेडमिक संचालक संजय गर्ग के कर कमलों से हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता एवं कुशल नेतृत्व से देशी रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सामाजिक सद्भाव बनाए रखने तथा देश की एकता और संप्रभुता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व को समझाते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई।

महाविद्यालय संचालकों ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है।

1 से 30 नवंबर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 5.0 का आयोजन

मालीगांव। भारत सरकार के पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) तथा रेलवे बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुसार, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) 1 नवंबर से 30 नवंबर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) अभियान 5.0 का आयोजन करेगा। एक महीने तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और रेलवे पेंशनभोगियों तथा पारिवारिक पेंशनभोगियों–विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और उन लोगों के लिए, जिन्हें पेंशन कार्यालयों तक जाने में कठिनाई होती है–के लिए वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया को सरल बनाना है।

इस पहल के तहत, एनएफआर चिन्हित स्थानों पर विशेष शिविर लगाकर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेटजमा करने की सुविधा प्रदान करेगा। इन स्थानों में जोनल और मंडल मुख्यालयों के साथ-साथ वे स्थान भी शामिल हैं, जहाँ पेंशनभोगियों की संख्या अधिक है।

रेलवे, पेंशनभोगी संघों, बैंकों और अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर काम करेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचा जा सके और पेंशनभोगियों को जरूरी मदद दी जा सके। इस अभियान की एक मुख्य विशेषता आधार-आधारित फेस ऑथेंटिकेशन तकनीकको बढ़ावा देना है।

बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्राली से 509 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



जिले के शामगढ़ थाना पुलिस ने 31 अक्टूबर को बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्राली से 509 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा जब्त किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना पर देवरी मेलखेड़ा आम रोड पर ग्राम टकरावद फंटा के पास संदिग्ध ट्रैक्टर-ट्राली को रोककर चेक किया गया। ट्राली की तलाशी लेने पर उसमें से 20 काले प्लास्टिक के कट्टों में भरा कुल 509 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ एक लाख अस्सी हजार रुपये है तथा साथ ही एक लाख रुपये कीमत का बिना नंबर का मैसी ट्रैक्टर-ट्राली भी जब्त किया गया है। मौके से गिरफ्तार किए गए ट्रैक्टर चालक रमेश प्रजापति पिता मोहनलाल प्रजापति उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम शक्करखेड़ी थाना नाहरगढ़ जिला मंदसौर ने पूछताछ में बताया कि वह इस डोडाचुरा से भरे ट्रैक्टर-ट्राली को ग्राम शक्करखेड़ी के ही कुशमल पिता माधुलाल पाटीदार से लेकर आया था। पुलिस ने आरोपी रमेश प्रजापति और फरार आरोपी कुशमल पाटीदार के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 और 29 के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी से डोडाचुरा के स्त्रोतों के संबंध में अग्रिम अनुसंधान शुरू कर दिया है।

न्यूज -कॉलम

माधव कॉलेज में जनसुरक्षा सृजन संवाद का समापन



उज्जैन। युवाओ को कानून, संविधान, नागरिक अधिकारों और जनसुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाये जा रहे जन सुरक्षा सृजन संवाद कार्यक्रम का शनिवार को शासकीय माधव महाविद्यालय में समापन हो गया। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग और पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली, अपराध नियंत्रण और समाज में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में नागरिकों की भूमिका से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में एएसपी आलोक शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी है। राष्ट्र के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। युवाओं को पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून और संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है। पुलिस समाज में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य करती है। इस दौरान सायबर सेल प्रभारी प्रतीक यादव और सूबेदार सुभाष सतपाड़िया ने भी पुलिस की कार्यप्रणाली और जनसुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक शांति बनाए रखने में पुलिस की भूमिका की सराहना की। उन्होंने पुलिसकर्मियों के समर्पण और त्याग के प्रति आभार जताया। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों और उपस्थितजनों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई गई। विद्यार्थियों ने पुलिस अधिकारियों से कानून और सुरक्षा से जुडे सवाल पूछे। वहीं पोस्टर, स्लोगन और निबंध प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

लापता बालिका को पुलिस ने 24 घंटे में किया दस्तयाब

उज्जैन। महाकाल थाना क्षेत्र के भैरूपुरा में रहने वाली 15 वर्षीय बालिका अचानक घर से लापता हो गई थी। मां शाम को घर लौटी तो बालिका दिखाई नहीं दी। उसने आसपास तलाश करने के बाद पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी गगन बादल ने बालिका की तलाश के लिये एसआई बलराम थिरोठा और महिला आरक्षक सरिता विश्वकर्मा की टीम बनाई। बालिका की तलाश में सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। बालिका कार्तिकमेला ग्राउंड की ओर आती दिखाई दी। आसपास पता लागने पर बालिका समीप रानी का बगीचा में बैठी मिल गई। जिसे दस्तयाब कर थाने लाया गया। पूछताछ करने पर उसने बताया कि मां ने छोटे भाई के लिये खाना नहीं बनाने पर डांटा था, जिसके चलते वह घर से चली गई थी। बताया जा रहा है कि बालिका के पिता चार माह से लापता है। मां होटल में खाना बनाने का काम करती है। बालिका के सुकुशल मिलने पर उसे समझाईश के बाद मां के सुपुर्द किया गया है। थाना प्रभारी बादल के अनुसार बालिका को 24 घंटे में तलाश लिया गया था।

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को भेजा जेल

उज्जैन। नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाला 4 माह बाद ग्राम दलौदा मंदसौर से नीलगंगा थाना पुलिस की गिरफ्त में आ गया था। जिसे शनिवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी बबलू भील दलौदा मंदसौर का रहने वाला है। जून माह में उज्जैन मजदूरी के लिये आया था, उस दौरान दाऊदखेडी की रहने वाली नाबालिग को बहला-फुसलाकर महाराष्ट्र के ग्राम करजत ले गया था। जहां शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने नाबालिग के लापता होने पर तलाश शुरू की थी बबलू नाबालिग को छोडकर भाग निकला था। नाबालिग की शिकायत पर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। गिरफ्त में आने पर उसे महाराष्ट्र तस्दीक के लिये पुलिस लेकर पहुंची थी, जहां एक झोपडी में उसके द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया जाना सामने आया।

एक्टिवा सवार मां-बेटी को कार चालक ने मारी टक्कर

उज्जैन। शिवांश एवेन्यू में रहने वाली वर्षा पति दिनेश मालवीय 40 साल अपनी मां ललिता पति स्व. गोविंद प्रसाद नवरंग 62 साल के साथ एक्टिवा से बाजार गई थी। वापस लौटते समय पंचक्रोशी मार्ग नागझिरी में तेजगति से आई कार क्रमांक एमपी 13 एएन 6907 के चालक ने एक्टिवा को टक्कर मार दी। पीछे बेटी ललिता नवरंग गिरने से घायल हो गई। नागझिरी थाना पुलिस ने बेटी की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। चालक कार लेकर मौके से भाग निकला था।

दिन मेन बाजार कल्याण नाइट	590-4	127-0
मिलन डे	580-3	468-8
मिलन नाइट	480-2	570-2
मधुर डे	368-7	124-7
मधुर नाइट	208-8	689-3
शुभांक	4 2	1

होटल श्री गंगा में हादसा, वेस्ट चेंबर में गिरे चार युवक

दो घंटे की मशक्कत के बाद निकल गया बाहर, चारों की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवास रोड होटल श्री गंगा में रात 10:30 बजे के लगभग बड़ा हादसा हो गया होटल के वेस्ट चैंबर की सफाई के लिए उतरे चार युवक गिर गए। 2 घंटे की मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकल गया लेकिन उनकी सांसे थम चुकी थी।

होटल श्री गंगा में रात 10 बजे के लगभग वेस्ट चैंबर की सफाई के लिए बाहर से कुछ युवकों को बुलाया गया था जिनके साथ होटल से जुड़े कर्मचारी भी सफाई में मदद के लिए पहुंचे थे होटल की प्रथम मंजिल से सफाई कार्य शुरू किया गया था इसी दौरान अचानक चार युवक चेंबर में गिर



गए ।

उन्हें बचाने का प्रयास तीन युवकों द्वारा किया गया लेकिन वह भी हादसे का शिकार हो गए उन्हें तत्काल बाहर निकाल लिया गया लेकिन चार युवक उपरी मंजिल से ग्राउंड फ्लोर पर बने तल में आकर फस गए थे। जानकारी लगते ही माधव नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी पुलिस द्वारा चारों को बाहर निकालने के प्रयास शुरू किए गए चेंबर के कवर करने के लिए लगाई गई लोहे की चद्दर को काटा गया करीब डेढ़ से 2 घंटे की मशक्कत के बाद चारों युवकों को बाहर निकल गया मौके पर उन्हें सीपीआर देने का प्रयास किया गया लेकिन चारों की सांस थम चुकी थी उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर की टीम को अलग कर दिया गया था

एसपी पहुंचे होटल श्री गंगा

होटल श्री गंगा में बड़ा हादसा होने की जानकारी मिलने पर एसपी प्रदीप शर्मा मौके पर पहुंच गए थे इस दौरान पुलिस द्वारा रेस्क्यू किया जा रहा था । माधव नगर थाना सहायक उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह तोमर रेस्क्यू के दौरान जख्मी हो गए एसपी शर्मा ने बताया कि चारों युवकों के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है । कुछ वक्त घायल हुए थे जिनकी हालत सामान्य है

अब तक 83 निर्माणों को किया जा चुका है जमीदोज.....

बेगमबाग में फिर 11 मकानों पर चली जेसीबी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बेगमबाग क्षेत्र में शनिवार को एक बार फिर 11 मकानों पर जेसीबी चलाई गई। उक्त मकान विकास प्राधिकरण द्वारा लीज पर दिये गये 45 भूखंड पर बने हुये थे। लीज 15 साल पहले समाप्त हो चुकी थी। बावजूद लोगों ने भूखंड पर पक्का निर्माण कर व्यवसायिक उपयोग शुरू कर दिया था। अब तक यहां बने 83 निर्माणों को जमीदोज किया जा चुका है।

हरिफाटक ब्रिज के चौडीकरण और मंदिर मार्ग पर प्रस्तावित निर्माण कार्य में बाधक बन रहे 11 मकानों को सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत प्रशासन ने महाकाल मंदिर मार्ग से जेसीबी और पोकलेन मशीनों से हटाया है। कार्रवाई के दौरान यूडीए, नगर निगम और पुलिस का संयुक्त अमला तैनात रहा। उज्जैन विकास



प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार संबंधित भूखंडों की लीज पहले ही निरस्त की जा चुकी थी। प्रभावित लोगों को कार्रवाई से पहले सूचना दी गई थी। उनके सामान हटाने के बाद शनिवार को निर्माण हटाए गए। यूडीए के अनुसार, इन भूखंडों की लीज करीब 15 साल पहले समाप्त हो चुकी थी। मामला न्यायालय में लंबित होने और स्टे के कारण कार्रवाई रुकी हुई थी। हाल ही में स्टे समाप्त होने के बाद प्राधिकरण ने कब्जे हटाने की प्रक्रिया शुरू की। ये संरचनाएं सिंहस्थ की तैयारी के तहत हरिफाटक ब्रिज के चौडीकरण की जद में आ रही थीं। इससे पहले भी 83 निर्माण को तोडा जा चुका है।

45 भूखंड पर 90 मकानों का निर्माण- बेगमबाग में विकास प्राधिकरण ने 45 भूखंड 30 साल की लीज पर आवासीय उपयोग के लिए दिए थे। प्रत्येक भूखंड करीब 2400 वर्गफीट का था। प्राधिकरण के अनुसार, लीज शर्तों का उल्लंघन कर इनका व्यावसायिक उपयोग किया गया और भूखंडों को छोटे हिस्सों में बांटकर करीब 90 निर्माण कर लिए गए। बेगमबाग में शनिवार को हुई कार्रवाई को यूडीए की सातवीं बडी कार्रवाई बताया गया है। अब सात निर्माण ओर शेष बचे है। जिन्हे भी आगमी कुछ दिनों में हटाने की कार्रवाई पूरी कर ली जायेगी।

न्यायालय परिसर में बुजुर्ग ने खाया जहरीला पदार्थ

उजैन। न्यायालय परिसर में शनिवार को बुजुर्ग ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला लेनदेन और मारपीट से जुडा सामने आया है। पुलिस बुजुर्ग के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू करेगी।

फाजलपुरा में रहने वाले अब्दुल अजीज को न्यायालय परिसर से चरक अस्पताल लाया गया था। बुजुर्ग अब्दुल ने जहरीला पदार्थ खाया था। उसकी हालत देख डॉक्टरों ने तुरंत उपचार के लिये भर्ती किया। मामले की सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। इस दौरान सामने आया कि बुजुर्ग ने सालभर पहले असलम और साजिद से रूपये उधार लिये थे। दोनों रूपयों को लेकर परेशान कर रहे थे। उनके बीच लेनदेन का मामला चिमनगंज पुलिस के पास पहुंचा था। अब्दुल अजीज ने सात हजार रूपये जमा कर दिये थे। 7 हजार रूपये दोनों उसके घर आकर ले गये थे। रूपये लौटने पर भी उनके द्वारा बुजुर्ग की शिकायत की जा रही थी। जिसके चलते उसने न्यायालय परिसर में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। बुजुर्ग ने साजिद और असलम पर मारपीट करने और तीन सौ रूपये छीनने का आरोप भी लगाया। उसका कहना था कि उसे लगातार प्रताडित किया जा रहा था और धमकी दी जा रही थी। मामले में माधवनगर थाना टीआई गजेन्द्र पचोरिया ने बताया कि मामले की जांच जारी है। उसके बाद ही मामला स्पष्ट हो पायेगा। फिलहाल बुजुर्ग का उपचार चल रहा है।

युवक ने खुद को लगाई आग, हालत गंभीर

उज्जैन। बडनगर से शनिवार शाम युवक को झुलसी हालत में चरक अस्पताल लाया गया। उसने खुद को आग लगाई थी, हालत गंभीर होने पर उसके भर्ती किया गया है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

बताया जा रहा है कि बडनगर से महेश पिता नारायण गेहलोत को गंभीर झुलसी हालत में उज्जैन रैफर किया गया था। परिजन उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिजनों ने बताया कि महेश ड्रायवरी करता है। घटना के समय परिवार खेत पर गया हुआ था। घर पर बेटी थी, उसने पिता को जलते देखा तो शोर मचाया था। आसपास के लोगों ने आग बुझाई और उसे बचाकर अस्पताल पहुंचाया था। परिवार खबर मिलने पर खेत से अस्पताल पहुंचा था। परिजनों का कहना था कि महेश ने ऐसा क्यों किया इसकी वजह पता नहीं है। घर में कोई वाद-विवाद भी नहीं था, ना ही उस पर कर्ज है। मामले में पुलिस झुलसे युवक के बयान दर्ज कर घटनाक्रम का पता लगायेगी। फिलहाल वह बोल पाने की हालत में नहीं है।

हिरासत में डरा-धमका कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी

इंगोरिया/उज्जैन। 8 माह से महिला को डरा-धमकाकर दुष्कर्म कर रहा आरोपी शनिवार शाम पुलिस की हिरासत में आ गया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। रविवार को उसकी गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया जायेगा। इंगोरिया थाना क्षेत्र में रहने वाली विवाहित महिला के साथ गांव का रहने वाला रईस खां नामक युवक 8 माह से डरा-धमकाकर दुष्कर्म कर रहा था। रईस द्वारा महिला को धमकी दी जा रही थी। महिला का पति ड्रायवरी करता है। महिला उसकी हरकतों से काफी परेशान हो चुकी थी, शनिवार को उसने पति को घटनाक्रम बताया। पति उसे थाने लेकर पहुंचा और पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ डरा-धमका दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कर देर शाम उसे हिरासत में ले लिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि आरोपी को रविवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

दरवाजा बंदकर युवती ने लगाई फांसी

इंगोरिया/उज्जैन। शनिवार शाम युवती ने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों ने रोशनदान से झांका तो फंदे पर लटका देखा। दरवाजा तोडकर उसे फंदे से उतारा गया। इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सुनेडा में रहने वाली अस्मिता पिता मुकेश राठौर 19 साल ने शाम को कमरे का दरवाजा बंद कर लिया था। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने खटखटाया, अंदर से अस्मिता द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। परिजनों ने शंका होने पर रोशनदान से अंदर झांका तो उसे छत पर लगे पंखे से कंडे से दुपट्टे के फंदे पर लटकी दिखाई दी। दरवाजा तोडने के बाद उसे नीचे उतारा गया। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी।

गिरफ्त में आया गांजा बेचने की फिराक में निकला अधेड



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गांजा बेचने की फिराक में निकला अधेड पुलिस की गिरफ्त में आ गया। उसके पास से डेढ़ किलो से अधिक गांजा बरामद होने पर एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया। न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

भाटपचलाना थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि बरडिया फंटा पर एक अधेड व्यक्ति गांजा बेचने की फिराक में आया हुआ है। उसे किसी का इंतजार है। थाना इंचार्ज सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने टीम के साथ घेराबंदी की और अधेड को हिरासत में लिया। उसके पास से डेढ किलो से अधिक गांजा बरामद हो गया। पूछताछ करने पर उसका नाम रामचंद्र पिता मांगूसिंह निवासी ग्राम चिरोलाकला सामने आया। थाना इंचार्ज चौधरी ने बताया कि मामले में मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से जेल भेजा गया है। प्रारंभिक पूछताछ में उसने गांजा धार-बदनावर से लाना कबूल किया था। मामले में आगे की विवेचना जारी है।

18 साल से बाद पकडाया गांजा तस्कर

तराना पुलिस ने 20 जनवरी 2007 को 157 किलो गांजा बरामद किया था और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। एक आरोपी भीमसिंह पिता मांगीलाल बंजारा निवासी शंकरगढ़ फरार हो गया था। उसकी तलाश लगातार जारी थी लेकिन वह जिला छोड़कर फरार हो गया था। 18 साल बाद शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि गांजा तस्करी में फरार आरोपी भीमसिंह शंकरगढ़ आया हुआ है। थाना प्रभारी रामनारायण भदौरिया ने एसआई हरिराम अंगोरिया, परमानंदसिंह, एएसआई आनंदसिंह झाला, आरक्षक शुभम सोलंकी और आनंद को धरपकड के लिये रवाना किया। फरार आरोपी पुलिस की हिरासत में आ गया। जिसे न्यायालय में पेश किया जायेगा।

पंवासा के बदमाश ने चुराया था यात्री का मोबाइल

उज्जैन। रेलवे स्टेशन पर यात्री का मोबाइल चोरी करने वाले बदमाश की पहचान कैमरों से करने के बाद जीआरपी की टीम ने शनिवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 28 हजार कीमत का मोबाइल बरामद किया गया है।

जीआरपी थाना पुलिस ने बताया कि 28 अक्टूबर को रेलवे स्टेशन दिल्ली जाने वाली ट्रेन में यात्रा करने के लिये प्रवीण आंजना निवासी उज्जैन प्लेटफार्म नम्बर 1 पर पहुंचे थे। भीड का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश ने उनका मोबाइल चोरी कर लिया था। शिकायत पर धारा 303(2) का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। आरपीएफ कंट्रोलरूम में लगे कैमरों के फुटेज देखने पर मोबाइल चोरी करने बदमाश दिखाई दे गया था। जिसके आधार पर उसकी पहचान के प्रयास किये जा रहे थे। इसी बीच शनिवार सुबह उक्त बदमाश फिर से रेलवे स्टेशन पर पहुंचा। कैमरों से नजर रख रही आरपीएफ टीम ने उसे पहचान लिया और जीआरपी टीम के साथ मिलकर उसकी गिरफ्तारी के लिये घेराबंदी की। स्टेशन के आउटर क्षेत्र से उसे पकडा गया और पूछता की गई तो उसका नाम गौतम सोलंकी पिता सुरेश सोलंकी निवासी पंवासा होना सामने आया। उससे चोरी किये गये मोबाइल की बरामदगी के प्रयास शुरू करने पर उसकी निशानदेही पर उक्त मोबाइल बरामद कर लिया गया। जिसकी कीमत 28 हजार रुपए थी। जीआरपी टीआई सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपी आदतन चोरी करने वाला है। उसके खिलाफ पूर्व में 8 प्रकरण दर्ज होना सामने आये है। रविवार को उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का मुख्य समारोह आज

उज्जैन। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का मुख्य समारोह रविवार को भोपाल के लाल परेड ग्राउण्ड में भव्य स्तर पर एक नवम्बर सोमवार को मनाया जायेगा। इस बार यह समारोह 3 दिवसीय होगा। जिला मुख्यालयों पर भी इसके तहत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। स्थापना दिवस पर शासकीय भवनों पर प्रकाश व्यवस्था 1 नवम्बर 2026 की रात्रि में जिला मुख्यालय स्थित प्रमुख शासकीय भवनों पर भी प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। राज्य शासन के समस्त प्रमुख भवनों पर प्रकाश व्यवस्था करने की जिम्मेदारी संबंधित कार्यालय प्रमुख की रहेगी। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग ने आयोजन के संबंध में सभी कलेक्टर और कमिश्नर को निर्देश जारी किए हैं।

नीलगाय पकडने के अभियान का दुसरा चरण उज्जैन में शुरू.....

नो फ्लाईट डे से रूका एक्शन, बोमा लगा आज से रेस्क्यू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बोमा से कृषणमृग एवं नीलगाय पकडने के अभियान के द्वितीय चरण में उज्जैन में शनिवार को पहले दिन ब्रजराज खेडी में बोमा लगा दिया गया है। पहले दिन नो फ्लाईट डे होने के कारण हेलीकाप्टर नहीं उडाया जा सका । इसके चलते एक्शन नहीं हो सका है। रविवार को सुबह से ही नीलगाय के साथ दक्षिण अफ्रीका की टीम के साथ वन विभाग चुनौती को स्वीकार करेगा।

फसलों को क्षेत्र में नुकसान पहुंचाने वाली नीलगाय को लेकर कृषक बुरी तरह से परेशान हैं। आए दिन इनके कारण हाईवे पर दुर्घटना की स्थिति भी बन रही है। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका की बोमा पद्धति से नीलगायों को पकडने का अभियान 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक जिला मुख्यालय की तहसील पर चलाया जाना है।

इसके तहत वैसे तो शनिवार से ही कार्रवाई होना थी लेकिन यह नो फ्लाईट डे के कारण संभव नहीं हो सकी है अब रविवार सुबह से अभियान गति पकडेगा और यहां से नीलगायों को पकड कर गांधीसागर वन्य जीव अभ्यारण्य मंदसौर भेजा जाएगा।

पायलट ने डीजीसीए के नार्मस का पालन किया- मुख्य वन संरक्षक डा. किरण बिसेन के अनुसार शनिवार को हेलीकाप्टर उडाने वाले पायलट के लिए नो फ्लाइट डे था। डीजीसीए के नार्मस के तहत निर्धारित समय की उडानों के उपरांत पायलट को रेस्ट लेना होता है। ऐसे में एविएशन के नियमों का पालन करते हुए पायलट रेस्ट पर रहा है। रविवार को एक बार फिर से पायलट पूरी तरह से दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञों को हेलीकाप्टर में लेकर उडान भरेगा और नीलगायों की घेराबंदी की जाएगी।

पहला बोमा ब्रजराजखेडी में लगा-

डा.बिसेन के अनुसार उज्जैन जिला मुख्यालय की तहसील में पहला बोमा ब्रजराजखेडी में लगाया गया है। पूर्व निर्धारित उत्तर पूर्व के अक्षांश एवं देशांश की लोकेशन में बोमा को निर्धारित किया गया है। बोमा स्थल के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में एक्शन के दौरान विद्युत प्रदाय बाधित किया जाएगा। बोमा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम एंबूलेंस के साथ मौजूद रहेगी। पशु चिकित्सा विभाग पशुओं को पकडे जाने के बाद जांच के लिए तैनात किया गया है। लोक निर्माण विभाग ने हेलीकाप्टर के लिए अस्थाई हेलीपेड का चयन किया है। ग्रामीणों के साथ समन्वय जनपद पंचायत ने किया है।

कृष्णमृग सेअधिक पेचिदा नीलगाय पकडना- डा.बिसेन के अनुसार शाजापुर जिला अंतर्गत अभियान के प्रथम चरण में डेढ हजार से अधिक कृष्णमृगों को रेस्क्यू कर कूना,रानी दुर्गावती एवं गांधीसागर अभ्यारण्य में छोडा गया है। अभियान के दौरान मात्र 94 नीलगाय ही पकडी जा सकी है। ऐसे में उज्जैन में अभियान के दुसरे चरण में मात्र नीलगायों को पकडा जाना है। उन्होंने स्वीकार किया कि कृष्णमृग से अधिक पेचिदा नीलगाय का रेस्क्यू है।

पश्चिम रेलवे-रतलाम
ई-निविदा सूचना

ई–निविदा सं.: GEM/2026/B/8223895 दिनांक 31/10/2026। कार्य का नाम एवं स्थानः कोचिंग डिपो इंदौर, रतलाम मंडल में 105 केएलडी (KLD) वाटर रीसाइक्लिंग प्लांट का संचालन और व्यापक रखरखाव 03 साल की अवधि के लिए। कार्य की अनुमानित लागतः Rs. 3529557/-। बयान राशिः Rs. 70590/-। समापन अवधिः एलओए जारी होने की तिथि से 03 वर्ष। कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगीः कार्यालय वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर। निविदा जमा करने का अंतिम तिथि एवं समयः 24.11.2026 12:00 तक। वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती हैः निविदायें GEM वेबसाईट (www.gem.gov.in) पर देखी जा सकती है साथ ही इस संबंध में कोई भी जानकारी वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी, इंदौर, कार्यालय (प. रे.) से सभी कार्यालयीन दिवस पर प्राप्त की जा सकती है। 0314

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

मानसिक जप सर्वोत्तम



बहुत लोग यह पूछते हैं कि मन के संयम से लिये अजपाजप अच्छा है या ओंकार जप? मैं आपसे पूछता हूं, अजपाजप के बारे में आपका क्या ख्याल है? मुख से सोहम–सोहम रटना अजपा है? वस्तुतः अजपा का अर्थ वह जप है, जो मुख से उच्चारित हुए बिना, अनायास, अपने आप चलता रहता है। इस वास्तविक अर्थ को जाने बिना लोग यह सोचते हैं कि मुख से सोहम्–सोहम् जप हजारों–लाखों बार उंगली पर या माला से गिनकर किया जाना चाहिए।

जप का प्रारंभ करने से पहले प्राणायाम करना चाहिए, ऐसा शास्त्र–विधान है। प्राणायाम के दौरान मुख बंद रखना होता है। है कि नहीं? यदि प्राण की गति रोककर शरीर के पांच महाभूतों को एक साथ बांधकर उनका संयम किया जाए, तो शेष आत्मा रहती है। स्वयं आत्मा हमेशा अपने आप अहं–अहं दोहराती रहती है, यह अजपा है। इसको जानने के बाद मौखिक जप को अजपा कैसे कहा जा सकता है? सच्ची आत्मा अपने आप अनैच्छिक रूप से, अखंड, अंतहीन रूप से जप करती रहती है, उसका दर्शन करना अजपा या गायत्री या सब कुछ है। यदि आप यह जानें कि जप कौन कर रहा है, तो आप जान लेंगे कि जप क्या है? यदि आप तलाश करें और जानने का यत्न करें कि वह कौन है, जो जप कर रहा है, तो वह जप स्वयं आत्मा बन जाता है। अब आपके भीतर प्रश्न उठ रहा होगा कि मौखिक जप से क्या कोई लाभ नहीं होता? किसने कहा कि लाभ नहीं है? ऐसा जप चित्त को शुद्ध करेगा। जैसे–जैसे जप निरंतर किया जाएगा, यह प्रयत्न जल्दी से या देर से सच्चे मार्ग पर ले आएगा। अच्छा या बुरा, जो भी किया जाता है, वह निष्फल नहीं होता। केवल व्यक्ति के विकास स्तर के अनुसार इनके भेद तथा गुण–दोष बनाए जाते हैं। मौखिक जप ध्वनि–रूप होता है, ध्वनि विचार से उत्पन्न होते हैं, क्योंकि विचारों को शब्दों में व्यक्त करने के पूर्व सोचना पड़ता है। मन विचारों से बनता है। इसलिए मानसिक जप मौखिक से अच्छा है। मानसिक जप को ही ध्यान कहा जाता है; ध्यान चिंतन तथा मानसिक जप एक समान हैं। विचार जब उलझे हुए नहीं होते और कई विचारों के स्थान में एक ही विचार बना रहता है, तो इसे ध्यान कहते हैं। जप अथवा ध्यान का लक्ष्य यह है कि बहुत सारे विचारों को हटाकर केवल एक विचार को बनाए रखना। तब वह एक विचार भी अपने मूल– पूर्ण चैतन्य– में विलीन हो जाता है। मन जप में जुड़ जाता है और तब अपने मूल में समा जाता है। जप मन को एक विचार पर स्थिर करने में सहायता करता है। दूसरे सब विचारों को गौण बनाकर उनको एक विचार के अधीन तब तक बनाए रखा जाता है, जब तक वे अदृश्य न हो जाएं। ध्यान ही आपका सच्चा स्वभाव है।

सम्पादकीय

चक्रवात से सबक

बंगाल की खाड़ी से उपजे चक्रवात अर्नब की वजह से आधे से ज्यादा भारत में मौसम बिगड़ा हुआ है। कहीं तेज हवाएं चल रही हैं, कहीं बादल छाए हुए हैं, तो कहीं बारिश हो रही है। भारतीय मौसम विभाग ने देश के करीब 14 राज्यों के लिए चेतावनी जारी कर रखी है। हालांकि, चक्रवात अर्नब का सर्वाधिक असर आंध्र प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में सबसे ज्यादा दिखा है। ओडिशा सरकार ने पूरी तैयारी दिखाई है, तो वहां किसी की भी जान नहीं गई है, जबकि आंध्र प्रदेश के तटीय जिलों में कम से कम पांच लोगों की मौत की दुखद सूचना है। आंध्र प्रदेश में चक्रवाती तूफान एवं बारिश की वजह से करीब 15,000 बिजली के खंभे उखड़ गए हैं। वहां करीब 3.45 लाख किसान प्रभावित हुए हैं और 14 जिलों के 2,24,489 हेक्टेयर में खड़ी फसलें पानी में डूब गई हैं या खराब हो गई हैं। वैसे, ओडिशा और आंध्र प्रदेश सरकारों की तारीफ होनी चाहिए, इन्होंने समय रहते बचाव के इंतजाम किए हैं और हजारों गांवों को खाली करवाया है। वाकई, जान के नुकसान को कम से कम रखना सरकारों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

ओडिशा में भारी बारिश के कारण अनेक जगह भूस्खलन हुआ है, सड़कें जलमग्न हुई हैं और पेड़ उखड़ गए हैं। इसके बावजूद वहां कोई हताहत नहीं हुआ है, तो इस कामयाबी से सीखने की जरूरत है। जिस तरह से जलवायु परिवर्तन हो रहा है, उससे तूफानों या चक्रवातों की संख्या बहुत बढ़ी तो नहीं है, लेकिन उनकी आक्रामकता बढ़ती जा रही है। ऐसे में, हमारे पास सावधान और तैयार रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। नीति के तहत पहले जनहानि को बचाना और उसके बाद अन्य प्रकार के नुकसानों को रोकने के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। यह भी एक बड़ी चिंता की बात है कि ऐसे चक्रवात आमतौर पर अप्रैल–मई में देखे जाते थे। क्या मौसम के साथ आपदाओं का चक्र भी बदल रहा है? आपदाएं पहले की तुलना में ज्यादा घातक हो रही हैं? हम यह देख पा रहे हैं कि भारत ही नहीं, विकसित देशों को भी आपदाओं का सामना करने में अब बहुत चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ध्यान रहे, पर्यावरण को लगातार हो रहे नुकसान की वजह से धरती का तापमान बढ़ रहा है, जिससे समुद्री जल गर्म हो रहा है और वहां से उठने वाली आपदाओं की तीव्रता बढ़ रही है।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस (1 नवम्बर) पर विशेष

मोदी के मार्गदर्शन व डॉ. यादव के नेतृत्व में म. प्र. का विकास

भारत का हृदय कहा जाने वाला मध्यप्रदेश एक नवम्बर 1956 को अस्तित्व में आया, अतः यह दिन मध्यप्रदेश के निवासियों के लिए अत्यंत अहम है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर तथा झीलों की नगरी कहे जाने वाले भोपाल को प्रदेश की राजधानी बनाया गया। म.प्र. को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष वरदहस्त एवं मार्गदर्शन प्राप्त है। डबल इंजन की सरकार में प्रदेश की तस्वीर व तकदीर बदलने की दिशा में जो कल्याणकारी कदम उठाये जा रहे हैं, उससे प्रदेश निरंतर विकास पथ पर गतिमान है। अनेक विविधताओं को अपने में समेटे म.प्र. में प्रचुर वन संपदा, अथाह जल से भरपूर नदियां, विपुल खनिज भंडार, खूबसूरत पर्यटन स्थल, अनेक धार्मिक-सांस्कृतिक केन्द्र, पुरातात्विक धरोहर आदि विद्यमान हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश के नव निर्माण के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उनकी पूरी टीम प्रदेशवासियों की सेवा करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रख रही है।



सुरेश पचौरी
(दैनिक अवन्तिका)

केन्द्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अग्रणी म.प्र.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशा-निर्देशन में म.प्र. तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। केन्द्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन और उनका लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने में म.प्र. देश में लगातार अग्रणी बना हुआ है। जैविक खेती, मसाला उत्पादन, प्रधानमंत्री आवास योजना व मप्र पीएम स्व निधि योजना के क्रियान्वयन तथा दलहन उत्पादन में म.प्र. देश में प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 10 लाख स्वीकृत आवासों में से अब तक 9 लाख आवास निर्मित हो चुके हैं। गेहूं उपार्जन के मामले में, तिलहन उत्पादन में और फूलों की खेती में म.प्र. देश में दूसरे स्थान पर है। स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रदेश को मिले आठ राष्ट्रीय पुरस्कार स्वच्छता के प्रति नगरीय निकायों और नागरिकों के प्रयासों का प्रमाण हैं। 35 वर्षों बाद म.प्र. का नक्सलमुक्त होना, आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में सामने आया है।



निवेश के मामले में म.प्र. की बड़ी उपलब्धि

इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से म.प्र. में लगभग 34 लाख करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश धरातल पर उतर चुके हैं।

गरीब कल्याण: प्रदेश के गरीबों, युवाओं, अन्नदाताओं और नारियों के लिए म.प्र. सरकार द्वारा उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश के 1.33 करोड़ गरीब परिवारों के लिए निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जा चुका है। 6 प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के माध्यम से प्रति माह 56 लाख से अधिक हितग्राहियों को पेंशन का वितरण किया जा रहा है और संबल योजना से 1.84 करोड़ से अधिक भाई-बहन जुड़े हैं। स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक देने के लिए स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन निःशुल्क करने का निर्णय सराहनीय है।

युवा सशक्तिकरण: प्रदेश के कर्मठ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्णय लिया है कि वर्ष 2027 को युवा वर्ष के रूप में मनाया जायेगा। युवाओं के लिए 31 मार्च, 2026 से नशे के खिलाफ तीन वर्ष का देशव्यापी नशामुक्त अभियान चलाने का लक्ष्य तय किया गया है। पिछले पौने तीन वर्षों में 85 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली। युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल, रोजगार, स्व रोजगार, स्टार्टअप, खेल एवं नेतृत्व विकास पर फोकस किया जा रहा है। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए पहली बार खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन किया गया है।

अन्नदाता किसान: म.प्र. के किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कृषि क्षेत्र में 1 लाख 15 हजार करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। समर्थन मूल्य पर लगभग 14 लाख से अधिक किसानों के द्वारा गेहूं का विक्रय किया गया, जो पूरे देश में सर्वाधिक है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 11,608 करोड़ रुपये से अधिक स्वीकृत किये गये। आपदा प्रभावित किसानों को 2,106 करोड़ रुपये से अधिक सहायता राशि प्रदान की गई। ई पंजीयन व्यवस्था लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन चुका है। किसानों को पांच रुपये में बिजली का स्थायी कनेक्शन मिल रहा है।

नारी शक्तिः विधानसभा में म.प्र. समान नागरिक संहिता विधेयक-2026 एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) के समर्थन में ऐतिहासिक संकल्प पारित किया गया है। महिलाओं के कल्याण से जुड़ी लाड़ली लक्ष्मी योजना से 53 लाख 55 हजार से अधिक बहन-बेटियां लाभान्वित हो रही हैं एवं 15 लाख से अधिक बेटियों को एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति मिली है। लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक बहनों को प्रतिमाह 1,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है और अब तक 63,248 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की जा चुकी है। पांच लाख से अधिक स्व सहायता समूहों के माध्यम से 65 लाख बहनें आत्मनिर्भर हुई हैं और प्रदेश में साढ़े पंद्रह लाख लखपति दीदी लाभान्वित हुई हैं। म.प्र. में शासकीय नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है।

विकास की उड़ान भरता मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश जिस तीव्र गति से तरक्की की ओर अग्रसर है और समाज के हर वर्ग के व्यक्ति को सरकार की नीतियों, निर्णयों व योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है, उसके मद्देनजर यह स्पष्ट है कि प्रदेश की सरकार जन अपेक्षाओं पर खरा उतर रही है। मध्यप्रदेश के निवासियों के लिए यह गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मध्यप्रदेश से आत्मीय लगाव है। उनका जब भी मध्यप्रदेश आगमन होता है तो वे प्रदेश को बड़ी सौगात देकर ही जाते हैं। मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस के सुअवसर पर प्रदेशवासियों की खुशहाली व सुख-समृद्धि के लिए हार्दिक मंगल कामनाएं।

बाल अधिकार संरक्षण आयोग

बाल आयोग में हाल ही में राजधानी के महिला एवं बाल विकास सचिवालय से नए मुख्य कार्यकारी निदेशक बनकर आए साहब अनिमेष अग्निहोत्री बहुत ही कड़क, आधुनिक बाल संरक्षण कानूनों के विशेषज्ञ और प्रशासनिक अनुशासन के पक्के अफसर माने जाते थे। अनिमेष साहब जब भी अपनी चमकती हुई सरकारी गाड़ी से उतरकर नए स्मार्ट एडॉप्शन सेल का मुआयना करने निकलते तो उनकी नजर सबसे पहले उसी चबूतरे पर बैठे मंगतराम काका पर जाकर टिक जाती थी जिनकी आँखें हमेशा उस कक्ष के भीतर रखे टूटे पालने पर जमी रहती थीं। अनिमेष साहब को बाल अधिकार दिवस के इतने बड़े भव्य सरकारी जलसे और डिजिटल प्रक्रिया के दौर में किसी फटेहाल बुजुर्ग का इस तरह रोज आकर एक मामूली टूटे पालने के आगे हाथ जोड़ना दकियानूसी सोच और दफ्तर के अनुशासन को बिगाड़ने जैसा लगता था। जब दोपहर के समय मुख्य सत्र समाप्त हुआ और बड़े-बड़े अतिथि वीआईपी लाउंज में वातानुकूलित कमरे में भोजन के लिए चले गए तो अनिमेष साहब अपने सुरक्षाकर्मियों को वहीं छोड़कर सीधे मंगतराम काका के पास पहुँच गए। अनिमेष साहब ने अपनी रौबदार आवाज में बहुत ही तीखे लहजे में पूछा ₹काका आप इस उम्र में रोज यहाँ आकर मुख्य दरवाजे का रास्ता क्यों रोकते हैं, अगर आपको कोई वरिष्ठ नागरिक पेंशन या मुफ़्त राशन का फॉर्म भरना है तो भीतर काउंटर पर जाइए, इस तरह बाहर बैठकर एक टूटे लकड़ी के पालने को घूरने से इस देश के अनाथ बच्चों की तकदीर नहीं बदलने वाली है। मंगतराम काका ने बहुत ही शालीनता से अपने दोनों हाथ जोड़े और कांपती आवाज में बोले निदेशक साहब मैं किसी पेंशन या भीख के लिए यहाँ नहीं बैठा हूँ, मैं तो बस उस दिन की बाट जोह रहा हूँ जब इस पालने पर वह खोया हुआ बचपन लौटेगा जो किसी जमाने में इसी चौखट पर मुझसे छीना गया था।



पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 01 नवंबर 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:27सूर्यास्त 17:43
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - सप्तमी18:50 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - पुनर्वसु10:24 उपरांत पुष्य
योग - साध्य19:50 उपरांत शुभ
करण - भद्रा
चन्द्रमा -दिन पूर्ण कर्क में रहेगा
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 20मास तारिख

मेष- कार्यस्थल पर शांतिपूर्वक काम निपटाएं। व्यापारिक निर्णयों में धैर्य रखें। केले के पेड़ का पूजन करें।
वृषभ- पारिवारिक जीवन में तालमेल रहेगा। अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाएं। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, आराम करें।
मिथुन- करियर में तरक्की के नए अवसर मिलेंगे। समझदारी से लिया फैसला लाभ देगा।
कर्क- दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। आय में सुधार की संभावना है।
सिंह- मानसिक रूप से ऊर्जावान रहेंगे। माथे पर केसर का तिलक लगाएं। बुजुर्गों के चरण स्पर्श करें।
कन्या- कार्यस्थल पर सजगता बनाए रखें। व्यापार में हड़बड़ी से बचें। बड़ों का मार्गदर्शन लाभ देगा।
तुला- बजट का संतुलन बनाए रखें। मानसिक थकान से बचें, विश्राम करें।
वृश्चिक- विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। व्यापार में मुनाफा बढ़ने की संभावना है।
धनु- परिवार का समर्थन हिम्मत बढ़ाएगा। अचानक धन प्राप्ति के योग हैं। व्यापार में लाभ के मौके मिलेंगे।
मकर- तनाव से बचें, सेहत ठीक रहेगी। 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' का जप करें। आपकी सलाह को दफ्तर में माना जाएगा।
कुंभ- बुद्धिमानी से सभी काम समय पर बनेंगे। व्यापार में नए सौदों पर मुहर लगेगी। प्रियजनों के साथ समय खुशनुमा बीतेगा।
मीन- वित्तीय स्थिति काफी सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, फुर्ती रहेगी। पीली वस्तुएं दान करें।

स्थापना दिवस पर विशेष

मध्यप्रदेश ने विकसित भारत के लिए विभिन्न क्षेत्रों में छलांग लगाई

मध्यप्रदेश के 71 वें स्थापना दिवस पर प्रदेश की उपलब्धियों की समीक्षा करने का दिवस है। अब यह कहा जा सकता है, कि विकसित भारत की दौड़ में म.प्र. भी प्रगति के पथ पर चल रहा है। अब और अधिक ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। 10 अगस्त, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की तरक्की के आकड़े दिए कहा 2024 में कुल निर्यात 468 अरब डालर था, वह अब 824 अरब डॉलर है। वही मप्र का निर्यात 70 हजार करोड़ के पार हो गया, एक साल में 4 पायदान की बढ़त ली है। इन्दौर, देवास और पीथमपुर औद्योगिक केंद्र से 11,968 करोड़ रु. का फार्मा निर्यात हुआ, जो सबसे बड़ा आयातक अमेरिका है। मप्र ने पिछले वर्ष निवेश आकर्षण और औद्योगिक प्रगति में जिस स्तर पर छलाग लगाई, वह देशभर के लिए मिसाल है। इसके पीछे उद्योगों के लिए औद्योगिक नीतियों में लचीलापन तथा आवश्यक संशोधन होने से विदेशी उद्यमी मध्य प्रदेश के प्रति आकर्षित हुए है। उद्योगो के लिए प्रदेश में 1.2 लाख एकड़ से ज्यादा लैंड-बैंक है, वही आज 112 से ज्यादा औद्योगिक विकसित क्षेत्र भी है। अब प्रदेश उधोग और रोजगार के क्षेत्र में अग्रणी बनने में अहम भूमिका निभा रहा है, स्पष्ट है कि 2003 में जहाँ प्रदेश में औधोगिक विकासदर-3-4 प्रतिशत थी, वहीं यह वर्तमान शासन



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

में यह 8-10 प्रतिशत तक पहुंच गई है। 2003-04 तक मध्य प्रदेश को एक बीमार राज्य की संज्ञा दी जाती रही। आज देश के सबसे विकसित प्रदेश के रूप में पहचान बना रहा है । बिजली सरप्लस राज्य बना है। अब प्रदेश बिजली क्षेत्र में पूर्णतया आत्मनिर्भर है। मध्य प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट लगातार आयोजित हो रही है। इससे मध्य प्रदेश के औद्योगिक विकास की नई इबारत लिखी गई , प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग संरचना का काफी विकास हुआ है। आगामी में वर्षों यह प्रदेश देश के उद्योग विकास में तीव्र गति से उपभरेगा करेगा।

मप्र पर्यटन नीति 2025 के अन्तर्गत मध्यप्रदेश गठन के शुभ अवसर पर पीएम श्री हवाई पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा प्रदेश में प्रमुख धार्मिक, वन्यजीव एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के बीच यात्रा अधिक सुविधाजनक और आकर्षक बनेगी । यह पहल मध्य प्रदेश को एक नए पर्यटन आयाम की ओर अग्रसर करेगी। जिससे राज्य के एडवेंचर, हेरिटेज टूरिज्म को नई पहचान भी मिलेगी । यही नहीं देशी और विदेशी पर्यटकों के लिए यात्रा का अनुभव और भी सुखद होगा। प्रदेश में पर्यटकों की प्रगति भी काफी रही है। 2025 में 21.05 करोड़ पर्यटक प्रदेश पहुंचे । घरेलू पर्यटकों के साथ विदेशी पर्यटक की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई 2025 में 1.83 लाख विदेशी पर्यटक पहुंचे। वही उज्जैन में 2025 में 8.48 करोड़ पर्यटकों का आगमन हुआ है।

मध्य प्रदेश गठन के बाद वर्ष 2003-04 तक प्रदेश में कुल 5 मेडिकल कालेज थे। वहीं आज प्रदेश में 30 मेडिकल कालेज हो गए, जिस में 17 है, और 13 निजी क्षेत्र के है। आगामी वर्षों में 12 मेडिकल कॉलेज और तैयार हो रहे है। इस के साथ ही आयुर्वेद के 5 मेडिकल कालेज शुरू भी कर रहे है। पिछले 11 वर्षों देश सहित प्रदेश के सभी क्षेत्रो में सड़ ?को सड़कों का जाल बिछा है। 2003 में प्रदेश में 44 हजार किलोमीटर की सड़क थी , अब 3 लाख किलोमीटर से भी अधिक सड़कों का विस्तार हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर शिक्षा के लिए प्रदेश में 369 सांदीपनी विद्यालय, 55 पी एम एक्सीलेंस कालेज तैयार किए गए है। प्रदेश में सांदीपनि विद्यालयों की शुरूआत शैक्षणिक सत्र 2022-23 से हुई। इन विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए बड़े स्तर पर काम किया जा रहा है ।

परिवार व समाज को करता बर्बादः नशे से दूरी है जरूरी

प्रधानमंत्री का भी यही संकल्प है की 2029 नशावृति की बुराई जड़ से खत्म हो जाए इसके लिए नशे की प्रवृति को छोड़ कर नशा मुक्ति के पथ पर चला जाए` नशा नाश की जड़ है ,नशा अपने साथ बुराई एवं विकृति लाता है` नशा मुक्ति के क्षेत्र में कई पंथ,संस्थाए कार्य कर रही है`मप्र सरकार द्वारा भी नशा मुक्ति अभियान समय समय पर चलाए जाते है नशा मुक्त बने मध्यप्रदेश नशा वर्तमान और भावी पीढ़ियों को करता है बर्बादे नशामुक्त जीवन हो समाज ।इस हेतु नशे की बुराइयों से मुक्त करने के लिए जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को समझाए कि नशे से दूर रहें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएँ।नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि परिवार और समाज पर भी बुरा असर डालता है।साथ ही नशा-मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।इसके लिए पारिवारिक,सामाजिक और सरकारी सपोर्ट सिस्टम होना आवश्यक है।तभी नशा मुक्ति संभव होगी। खास तौर से युवाओं के बीच नशीले पदार्थों के सेवन का बढ़ता चलन अब एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है।किसी भी प्रदेश का भविष्य और तरक्की वहां के युवाओं पर टिकी होती है। देश की युवा पीढ़ी अगर गलत रास्ते पर चली जाए तो निश्चित तौर पर उनका जीवन अंधकारमय हो सकता है। नशे का मानसिक, सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर भी बुरा असर पड़ता है नशा मुक्त बने मध्यप्रदेश नशा वर्तमान और भावी पीढ़ियों को करता है बर्बाद, नशामुक्त जीवन हो समाज ।नशे की बुराइयों से मुक्त करने के लिए जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को समझाए कि नशे से दूर रहें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएँ।नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि परिवार और समाज पर भी बुरा असर डालता है।नशे से दूर रहकर शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए लोगो को प्रेरित करें।साथ ही नशा-मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।इसके लिए पारिवारिक,सामाजिक और सरकारी सपोर्ट सिस्टम होना आवश्यक है।तभी नशा मुक्ति संभव होगी।नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाला नुकसान हमारी कल्पना से कहीं अधिक घातक और जानलेवा होता है। खास तौर से युवाओं के बीच नशीले पदार्थों के सेवन का बढ़ता चलन अब एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है।किसी भी प्रदेश का भविष्य और तरक्की वहां के युवाओं पर टिकी होती है। देश की युवा पीढ़ी अगर गलत रास्ते पर चली जाए तो निश्चित तौर पर उनका जीवन अंधकारमय हो सकता है। नशे का मानसिक, सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर भी बुरा असर पड़ता है।ऐसी कई परिस्थियाँ निर्मित होती है` जिससे स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता ही है साथ ही आर्थिक स्थिति भी कमजोर बनती है` नशीले पदार्थों के बढ़ते चलन पर अंकुश लगना चाहिए` इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने की आवश्यकता है।वही शराब के लत के कारण आर्थिक ,शारीरिक स्थिति कमजोर हो जाती है।नशामुक्ति के लिए सर्वसुविधायुक्त पुनर्वास केंद्र की तहसील ,जिला स्तर पर जहां नही हो वहां आवश्यकता है। नशामुक्ति के लिए चिन्हित 19 धार्मिक नगरी पर इसका कितना असर होता है।उसके बाद अन्य नगरों पर प्रयोग किया जाए ताकि सम्पूर्ण मध्यप्रदेश नशामुक्ति की मिसाल बन सकें।इसके लिए पारिवारिक,सामाजिक और सरकारी सपोर्ट सिस्टम होना आवश्यक है।तभी नशामुक्ति संभव होगी।नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाला नुकसान हमारी कल्पना से कहीं अधिक घातक और जानलेवा होता है। खास तौर से युवाओं के बीच नशीले पदार्थों के सेवन का बढ़ता चलन अब एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है।




संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

प्रदेश स्थापना दिवस पर विशेष

देश का दिल- हमारा मध्य प्रदेश

मध्यप्रदेश की स्थापना 1 नवंबर 1956 को हुई । कुल 308 हजार वर्ग किलोमीटर के परिक्षेत्र में फैले प्रदेश को देश का दिल भी कहा जाता है। स्वच्छता प्रतिस्पर्धा में प्रदेश के इंदौर शहर ने लगातार सिरमौर रहते हुए सफलता का परचम लहराया । प्रदेश के लोकप्रिय व यशस्वी सूबे के मुखिया डा. मोहन यादव सहित कुल उन्नीस मुख्यमंत्री पदस्थ हुए जिसमे पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सर्वाधिक चार मर्तबा , जबकि कांग्रेस सरकार के दो मुख्यमंत्री तीन-तीन मर्तबा और दोनो दलो के कुल छह मुख्यमंत्री दो बार इस पद पर सुशोभित हुए । सर्वधर्म समभाव व ह्यह्यवसुधैव कुटुंबकम ₹ की छवि वाले म.प्र. में सभी धर्म, संप्रदाय के लोग निवास करते हैं । इन्दौर शहर में जिसे प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी कहा जाता है में इनकी जनसंख्या अत्यधिक है । म.प्र. कई राज्यों की तुलना में बहुत से मामलों में अग्रणी है। सफलतम राज्यों की श्रेणी जैसे गुजरात, कर्नाटक, पंजाब, तमिलनाडु, महाराष्ट्र आदि के समकक्ष प्रदेश को अभी आना है , विशेषकर विकास और आर्थिक समृद्धि के क्षेत्र में ।



निर्लेश तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

इसकी शुरूआत सौर उर्जा को एक प्रमुख संसाधन बनाकर प्रदेश की छवि को उज्जवल बनाने का लक्ष्य होना चाहिए । म.प्र. में विद्युत उपभोग की दर 78508 मिलियन किलो वाट प्रति घंटे है जिसके कारण बिजली कटौत्री की प्रमुख समस्या से निजात पाने का विकल्प सौर उर्जा हो सकता है जिसके लिए प्रदेश में भरपूर संभावनाएं हैं । विगत वर्षो के उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर प्रदेश में निगमों के विषय में प्रदेश में 16 नगर निगम, 99 नगर पालिका, 298 नगर परिषद और 23011 ग्राम पंचायतें कार्य कर रही हैं ।कुल 55 जिले 449 तहसील 313 विकासखंड 476 नगर / शहर तथा 54903 ग्राम है ।

प्रदेश में कानून व्यवस्था के तहत राजधानी भोपाल तथा इंदौर मे पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू है साथ ही ग्यारह आईजी पंद्रह डीआईजी के पचपन पुलिस अधीक्षको के नेतृत्व में प्रदेश में एक हजार से अधिक थाने हैं जिन्हें पचास प्लस कंट्रोल रूम से नियंत्रित किया जाता है । सायबर क्राईम में अभी नियंत्रण हेतु विंग द्वारा कार्य होता है तथा ट्रेफिक पुलिस के लिए आरएलवीडी कैमरे से व्यवस्था सुधरी है । न्यायिक व्यवस्था में प्रदेश में जिला एवं सत्र न्यायालय के अलावा, तीन उच्च न्यायालय इन्दौर, जबलपुर, ग्वालियर जबकि भोपाल क्षेत्र के मामले जबलपुर भेजे जाते हैं इसलिये जबलपुर हाइकोर्ट में अट्ठारह इन्दौर में दस व ग्वालियर में आठ न्यायाधीश उच्च न्यायालयों में पदस्थ हैं जो कि रोस्टर के तहत कार्य करते हैं ।

प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था के अंतर्गत वृहद् अस्पताल सहित 55 जिला चिकित्सालय, 1442 प्राथमिक स्वास्थ्य चिकित्सा केन्द्र व 84 सिविल अस्पताल और 348 कम्युनिटी सेंटर हैं ।

अभी प्रदेश में लगभग लाख से अधिक सरकारी स्कूल हैं जहां से प्रदेश का भविष्य निर्माण होता है 58059 प्राथमिक, 24618 माध्यमिक विद्यालय है । विशेषकर ग्रामीण तबके में मध्यान्ह भोजन के माध्यम से विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है वहीं अच्छी योजनाओं के क्रियान्वयन द्वारा प्रदेश के बच्चों को अच्छा प्रतिसाद मिल सकेगा । शिक्षा के क्षेत्र में विगत कई दशकों में प्रदेश में तकनीकी महाविद्यालय की संख्या 852 तक पहुँचीं, वहीं व्यावसायिक व तकनीकी महाविद्यालय ने 1213 का आंकड़ा कुछ ही वर्षों में छू दिया । हांलाकि अब स्थिरता के चलते रोजगोरोन्मुखी डिप्लोमा का चलन बढ़ा है । साथ ही साथ नये विश्वविद्यालय भी खुले हैं। केंद्र सरकार के उधमो मे 10275 डाकघर प्रदेश में हैं । मनोरंजन के क्षेत्र में प्रदेश में तीन दूरदर्शन केंद्र व अडतीस आकाशवाणी केंद्र है ।

प्रदेश में ई-उपार्जन की व्यवस्था 2012-13 से लागू है जिसका फायदा किसानों को मिलता है एवं बिचौलियों से मुक्ति भी मिलती है । इसके अंतर्गत पंजीयन होने पर नियमानुसार कार्यों के पश्चात किसानों द्वारा बेची गई फसल की राशि का किसान के खाते में अधिकतम सात कार्य दिवस में जमा करवा दी जाती है । प्रदेश को सर्वाधिक उत्पादन के लिए प्रतिष्ठित कृषि कर्मण अवार्ड पुनः प्राप्त होना हर प्रदेशवासी के लिए गौरव का विषय है । म.प्र. को विशेषतः सोयाबीन उत्पादन की दृष्टि से सोया प्रदेश भी कहा जाता रहा है।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2750-3470, चना काबली-5500-10100, चना बड़ा- 6451-6980, मक्का- 2485, उड़द- 4000-7911, मूंग-2200, सोयाबीन- 2400-7313, मैथीदाना-6151, राजमा- 8926, बटला- 1611-3491, मसूर- 8000, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,48,200 रवा- 1,48,000 चांदी-टंच- 2,15,000 पाट- 2,14,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास
152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com



मिनी ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

देवास। देवास में शादी समारोह से बेटे के साथ बाइक पर घर लौट रही 69 वर्षीय महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। बावड़िया के पास ब्रिज से उतरते समय पीछे से आए मिनी ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर पीछे बैठी नफीसा पति नन्हे खां उछलकर ब्रिज के डिवाइडर से टकरा गईं। सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहे उनके बेटे आमीन खां को भी चोट आई है। हादसा देर रात करीब 12:30 बजे हुआ। नफीसा अपने बेटे आमीन खां के साथ कबीर गार्डन में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। दोनों बाइक से रसलपुर स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बावड़िया के पास ब्रिज से उतरते समय पीछे से आए मिनी ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मिनी ट्रक रसलपुर के पास पलट गया। बताया गया है कि ट्रक में आलू भरे हुए थे। सूचना मिलने पर औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घायल आमीन खां का प्राथमिक उपचार कराया गया।

टैंकर का पहिया मां-बेटी के ऊपर से गुजरा, मौत

देवासा। भोपाल बायपास पर शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे सड़क हादसे में मां-बेटी की मौत हो गई। तेज रफ्तार दूध के टैंकर ने बाइक को साइड से टक्कर मार दी, जिससे तीनों सड़क पर गिर पड़े। बाइक चला रहे रिश्तेदार भी घायल हुए हैं। शादीखेड़ा निवासी 19 वर्षीय पायल कुशवाह कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। शुक्रवार को उसकी मां शांताबाई कुशवाह और मौसा पप्पू कुशवाह उसे बाइक से चेकअप के लिए देवास के एक निजी अस्पताल ले जा रहे थे। भोपाल बायपास पर पहुंचे ही थे कि दूध के टैंकर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों सड़क पर गिर पड़े। इसी बीच टैंकर का पहिया शांताबाई और पायल के ऊपर से गुजर गया।

निर्माणाधीन मंदिर तोड़ने के विरोध में थाने पर धरना, आधे घंटे हाईवे पर चक्काजाम

आगर मालवा। निपानिया बैजनाथ में निमार्णाधीन मंदिर तोड़े जाने का मामला शुक्रवार को गरमा गया। विरोध में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता कोतवाली थाने पहुंचे और धरना देकर नारेबाजी की। संबंधित व्यक्ति से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग पूरी नहीं होने पर कार्यकर्ताओं ने नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। करीब आधे घंटे तक यातायात बाधित रहा और दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। जानकारी के अनुसार, मंदिर तोड़े जाने से नाराज कार्यकर्ताओं का आरोप था कि संबंधित व्यक्ति ने हिंदू संगठनों के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया। इसी के विरोध में वे थाने पहुंचे और माफी की मांग पर अड़ गए। काफी देर तक धरना और नारेबाजी के बाद कार्यकर्ताओं ने हाईवे पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने समझाइश दी।

नशा मुक्त समाज की ओर कदम

पतोली के स्कूली बच्चों ने ली तंबाकू निषेध की शपथ, हर विद्यार्थी करेगा 10 लोगों को जागरूक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण और नई पीढ़ी को नशे की गंभीर लत से बचाने के लिए ग्राम पतोली के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में एक सार्थक पहल की गई। यहां स्कूली बच्चों ने न केवल जीवनभर तंबाकू से दूर रहने का दृढ़ संकल्प लिया, बल्कि अपने आसपास के 10 लोगों को जागरूक कर समाज को नशामुक्त बनाने का बड़ा जिम्मा भी उठाया है।

यह जागरूकता आयोजन शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग और विद्यालय परिवार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम विशेष रूप से मौजूद रही। टीम के एएमओ डॉ. सुनील राठौर, एएनएम चांदनी निगम ने छात्र-छात्राओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बच्चों को बताया कि तंबाकू और इसके उत्पादों का सेवन किस तरह शरीर को खोखला कर देता है और इससे कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां पनपती हैं। स्वास्थ्य टीम ने बच्चों को बचपन से ही अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की नसीहत दी।



आयोजन के समापन पर सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने हाथ उठाकर तंबाकू मुक्त समाज बनाने की सामूहिक शपथ ली। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक धर्मेंद्र सिंह तोमर और रमेश मालवीय सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बदलाव के संवाहक बनेंगे बच्चे

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था प्रधान लोकेश राठौर ने बच्चों में उत्साह भरते हुए एक नई मुहिम का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे सिर्फ खुद को नशे से दूर रखकर न रुकें, बल्कि समाज में बदलाव के संवाहक बनें। उन्होंने हर बच्चे को यह लक्ष्य दिया कि वे अपने घर, रिश्तेदारी और मोहल्ले के कम से कम 10 लोगों को तंबाकू के नुकसान बताएं और उन्हें यह लत छोड़ने के लिए जागरूक करें।

त्योहारी उम्मीदों पर फिरा पानी

हाईवे से हटाई सजावट की दुकानें, व्यापारियों ने नपा पर लगाया दोहरे मापदंड का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

दीपावली के उल्लास और त्योहारी व्यापार की उम्मीदों के बीच नगर पालिका की कार्रवाई ने छोटे दुकानदारों को मायूस कर दिया। शुक्रवार को शहरी हाईवे पर सजीं सजावट सामग्री की अस्थायी दुकानों को नपा के अमले ने अतिक्रमण बताकर हटवा दिया। त्योहारी सीजन में रोजी-रोटी पर हुए इस प्रहार से भड़के व्यापारियों ने प्रशासन पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि हाईवे पर पहले से जमी दर्जनों गुमटियां और बड़े अतिक्रमण प्रशासन को नजर नहीं आते, लेकिन चंद दिनों के लिए तंबू तानकर बैठे छोटे व्यापारियों पर सबसे पहले डंडा चला दिया गया।

कार्रवाई का विरोध कर रहे व्यापारियों ने बताया कि दीपावली पर घरों की सजावट के लिए आर्टिफिशियल फूलों और अन्य सामग्री की भारी मांग रहती है। इसी सीजनल व्यापार के लिए वे



हर साल दीपावली से पहले शहरी हाईवे के किनारे अपनी अस्थायी दुकानें लगाते हैं। ये दुकानें मुश्किल से 10 से 15 दिन तक लगती हैं और त्योहार बीतते ही व्यापारी इन्हें खुद समेट लेते हैं। इस बार भी 10 से अधिक छोटे व्यापारियों ने अपनी दुकानें लगाई थीं, लेकिन व्यापार शुरू होने से पहले ही नगर पालिका का अमला पहुंच गया और टेंट हटवा दिए।

नाराज व्यापारियों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल दागे हैं। उनका कहना है कि शहरी हाईवे पर दो दर्जन से अधिक गुमटियां और स्थायी-अस्थायी दुकानें बेखौफ संचालित हो रही हैं। कई जगह भारी अतिक्रमण है, लेकिन वहां कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। व्यापारियों की स्पष्ट मांग है कि अगर अतिक्रमण हटाना ही है, तो पूरे हाईवे पर बिना किसी भेदभाव के एक समान कार्रवाई होनी चाहिए। केवल अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले गरीब व्यापारियों को ही निशाना बनाना न्यायसंगत नहीं है। वहीं इस मामले में नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम जैन का कहना है कि वर्तमान में शहरी हाईवे निर्माण में बाधक बन रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जा रही है।



सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी'

दौड़ की जगह पैदल मार्च निकला

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। गांधी उपवन से शुरू हुई ह्यरन फॉर यूनिटीह्व में प्रतिभागियों ने दौड़ने के बजाय पैदल मार्च किया। संयुक्त कलेक्टर मिलिंद ढोके ने हरी झंडी दिखाकर मार्च रवाना किया।

मार्च से पहले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट और संयुक्त कलेक्टर मिलिंद ढोके ने अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

मार्च गांधी उपवन से झंडा चौक, गोपाल मंदिर, सरकारवाड़ा और पुराना अस्पताल होते हुए विजय स्तंभ पहुंचा। रास्ते में नागरिकों ने प्रतिभागियों पर फूल बरसाए।

आयोजन में अलग-अलग विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूलों के शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। उन्होंने राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया।

मार्च के समापन पर यातायात विभाग ने यातायात थाने में जागरूकता प्रदर्शनी लगाई। विधायक मधु गहलोत ने सरदार पटेल के चित्र पर फूल चढ़ाकर प्रदर्शनी शुरू की।

उन्होंने विद्यार्थियों और नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने और नियंत्रित गति से वाहन चलाने की अपील की।

देवास जहरीली शराब कांड-

सप्लाई केमिकल में मेथनॉल की पुष्टि, बिना लाइसेंस बेच रही थी फर्म

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास के चंदाना जहरीली शराब कांड की जांच में पुलिस ने इंदौर से भेजे गए केमिकल में शुक्रवार शाम मेथनॉल की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक, यही केमिकल अजय राठौर को सप्लाई किया गया था।

कोतवाली थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया के अनुसार, पुलिस जांच में इंदौर के दवा बाजार में अमन कासलीवाल की फर्म राइजिंग ब्रदर्स की भूमिका सामने आई है। इसके बाद अमन की रिमांड 2 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। पुलिस अभिरक्षा के दौरान फर्म के ऑफिस की तलाशी ली गई। कर्मचारियों और अकाउंटेंट से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज किए गए। अमन का निजी लैपटॉप भी जांचा गया।

मिक्स सॉल्वेंट लिखा, ट्रांसपोर्टर को थिनर बताया

पुलिस के मुताबिक, फर्म इंडिया मार्ट पर मेथनॉल बेचने के ऑफर दे रही थी, जबकि इसके लिए जरूरी वैध लाइसेंस नहीं थे। अमन के पिता आनंद ने पहले दावा किया था कि उनकी फर्म से थिनर की सप्लाई हुई। पुलिस का कहना है कि जांच में भेजे गए केमिकल में मेथनॉल मिला। पुलिस के मुताबिक, केमिकल किसी और के नाम पर खरीदा गया, लेकिन उसकी डिलीवरी दूसरी जगह दी गई। बिल में मिक्स सॉल्वेंट लिखा गया और ट्रांसपोर्टर को इसे थिनर बताया गया। पुलिस ने अनुसार जांच में यह भी सामने आया कि फर्म के पास भारतीय विष अधिनियम के तहत जरूरी लाइसेंस नहीं था। ज्वलनशील केमिकल के भंडारण और बिक्री के लिए आवश्यक ढएरड लाइसेंस भी नहीं मिला।

पाटीदार समाज द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण

पटेल के बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण का समाजजनों से आह्वान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लौह पुरुष एवं पाटीदार समाज के गौरव सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर कुशलपुरा स्थित पाटीदार धर्मशाला में समाजजनों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति एवं युवा साथी शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत युवा उद्यमी पवन पाटीदार की अध्यक्षता में सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात उपस्थित समाजजनों ने सरदार पटेल को नमन करते हुए उनके जीवन, व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। उज्जैन शहर के किसी प्रमुख चौराहे पर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थापित करने का भी संकल्प लिया गया है। समाज लंबे समय से इस दिशा में प्रयास कर रहा है और अब शीघ्र ही प्रतिमा स्थापना के प्रयासों को गति दी जाएगी।



कड़वा पाटीदार धर्मशाला कुशलपुरा में ट्रस्ट के अध्यक्ष रामेश्वर गामी, कोषाध्यक्ष प्रेमनारायण पाटीदार, उपाध्यक्ष रामचंद्र पाटीदार, धर्मशाला के पूर्व अध्यक्ष सेठ राधेश्याम पाटीदार, जिला पाटीदार समाज के पूर्व अध्यक्ष वेद प्रकाश आर्य, पाटीदार समाज जिला महिला संगठन श्रीमती संपत बाई पाटीदार ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का उपस्थित समाज जनों से आह्वान किया। कार्यक्रम में समाजसेवी सेठ अशोक कुमार, दिनेश कुमार पाटीदार,मनोज पाटीदार, देवेन्द्र पाटीदार, सचिन टोके, नंदकिशोर गामी,, आशीष, राहुल मोदी, प्रमोद, संतोष सहित अनेक समाजजन मौजूद रहे।

इसी प्रकार श्री मालवा कुलमी पाटीदार श्री राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शांतिलाल गामी के मार्गदर्शन में देश के प्रथम गृहमंत्री एवं उपप्रधानमंत्री तथा पाटीदार समाज के गौरव सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर ट्रस्ट के सचिव मनोहरलाल पाटीदार ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर स्मरण किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सम्मानित सदस्य लक्ष्मीचंद पाटीदार, उप प्रबंधक कन्हैयालाल पाटीदार, मीडिया प्रभारी कैलाश पाटीदार, केबिन व्यवस्थापक देवेंद्र पाटीदार उपस्थित रहे।

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी और बच्चे की मौत, देवदर्शन के लिए निकले थे

अवन्तिका ▸▸ अकोदिया



दो साल के बेटे के जन्मदिन पर मंदिर जा रहे परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। सारंगपुर-अकोदिया मार्ग पर गोदना गांव के पास शनिवार दोपहर 12.30 बजे बाइक को पीछे से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार अजीत पिता रामसिंह पंवार, उनकी पत्नी पूजा और दो साल के बेटे शिवांशु की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने पिकअप को पकड़ लिया। परिवार आष्टा की इंद्र कॉलोनी में रहता था। सलसलाई थाना प्रभारी के अनुसार, गोदना गांव के पास अचानक एक कुत्ता बाइक के सामने आ गया। इसी दौरान पीछे से आ रही पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और सलसलाई थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। हादसे के बाद सड़क पर पति-पत्नी और उनके दो साल के बेटे के शव पड़े थे। मंजर देखकर ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। उन्होंने तीनों शवों को कपड़ों से ढका और पुलिस को सूचना दी। आसपास के ग्रामीण और खेतों में काम कर रहे मजदूर भी मौके पर पहुंच गए।

शुरूआत में मृतकों की पहचान नहीं हो पा रही थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें साझा की गईं, जिससे उनकी पहचान हो सकी। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और परिजन को सूचना दी।

हेलमेट पहना था या नहीं, पुष्टि नहीं हुई

पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जरूरी कार्रवाई शुरू की। जानकारी के मुताबिक, बाइक सवार के पास हेलमेट था, लेकिन हादसे के समय उन्होंने इसे पहना था या नहीं, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत से आष्टा की इंद्र कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र में शोक है।

गांजा तस्करी और पुलिस पर चाकू से हमले के मामले में दो दोषियों को सजा

शुजालपुर। गांजा तस्करी और पुलिसकर्मियों व पंच साक्षियों पर चाकू से प्राणघातक हमला करने के करीब छह साल पुराने मामले में विशेष न्यायालय ने दो आरोपियों को कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष सत्र न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट शाजापुर ने 29 अक्टूबर को आरोपी नरेंद्र उर्फ नवलसिंह को 9 वर्ष और युवराज मालवीय को 7 वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया। न्यायालय ने दोनों पर अर्थदंड भी लगाया है। अभियोजन के अनुसार 28 जनवरी 2020 को विदिशा क्राइम ब्रांच के निरीक्षक बीडी वीरा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो मोटरसाइकिलों पर सवार कुछ लोग गांजा लेकर बैरसिया रोड से खामखेड़ा के रास्ते विदिशा की ओर आ रहे हैं। पुलिस टीम ने पीछा कर शुजालपुर थाना क्षेत्र के पटलावदा जोड पर उन्हें घेरकर पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से कुल 20 किलो गांजा बरामद किया गया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, तलाशी की कार्रवाई के दौरान आरोपियों ने पुलिसकर्मियों और पंच साक्षियों पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। घायलों को शुजालपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में शुजालपुर सिटी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। प्रकरण में आरोपी नरेंद्रसिंह, उसके पिता धारासिंह और युवराज मालवीय के नाम सामने आए थे। विचारण के दौरान धारासिंह की मृत्यु हो गई। शेष आरोपियों के विरुद्ध प्रस्तुत साक्ष्यों और प्रमाणों के आधार पर न्यायालय ने उन्हें एनडीपीएस एक्ट की धारा तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 307 और 333/34 के तहत दोषी माना। मध्यप्रदेश शासन की ओर से पैरवी करने वाले लोक अभियोजक एवं शासकीय अभिभाषक महेंद्र सिंह परमार ने बताया कि न्यायालय ने गांजा तस्करी और पुलिसकर्मियों व साक्षियों पर हमले के मामले में दोष सिद्ध होने पर दोनों आरोपियों को कठोर कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है।

एआईएमआईएम जिलाध्यक्षों का हुआ स्वागत, संगठन विस्तार हेतु युवा पदाधिकारियों की नियुक्ति



शाजापुर। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) द्वारा नगर में संगठन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नवीन नियुक्तियां की गई हैं। शुक्रवार को नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शहजाद कुरैशी और युवा जिलाध्यक्ष रियाज खान के कार्यालय पहुंचने पर कार्यकताओं ने पुष्पमालाओं से उनका आत्मीय स्वागत किया। संगठनात्मक विस्तार के अंतर्गत दल ने वार्ड क्रमांक 8 से शकील शाह तथा वार्ड क्रमांक 10 से सैय्यद वाजिद अली को युवा वार्ड अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। इसके अतिरिक्त, फरहान शाह को शाजापुर का युवा प्रचार-प्रसार प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस दौरान सभी से आगामी चुनावों में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने हेतु पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया। स्वागत कार्यक्रम में सैय्यद अफसर अली, आरिफ पठान भैय्यु, सिकंदर खान, राशिद खान, जहीर खान, जैद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बाल विज्ञान कार्यक्रम आयोजित

शाजापुर। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी दीपा कीर के मार्गदर्शन में शुक्रवार को हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने 53 लघु शोध परियोजनाएं पेश कीं। परियोजनाएं स्थानीय समस्याओं, पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के सही इस्तेमाल पर थीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार, रचनात्मक चिंतन और शोध की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना था।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार ओमप्रकाश पिता धर्मराज जी चौहान निवासी ग्राम लोहाना तह. बडनगर जिला उज्जैन, वर्तमान पता बदनावर तह. बदनावर जिला धार से सुलतान खान पिता शब्बीर खान जाति मुसलमान निवासी वार्ड नं.01 सांवेर जिला इंदौर म.प्र. ने भूमि सर्वे नं. 113 रकबा 2.82 हे0 सर्वे नं. 115/1 रकबा 2.40 हे0, सर्वे नं. 74 रकबा 1.05 हे0, सर्वे नं. 75 रकबा 0.60 हे0, सर्वे नं. 77 रकबा 0.27 हे0, सर्वे नं. 80 रकबा 0.12 हे0, सर्वे नं. 92 रकबा 0.13 हे0, सर्वे नं. 116 रकबा 2.49 हे0, सर्वे नं. 119 रकबा 0.05 हे0, सर्वे नं. 124 रकबा 0.05 हे०, सर्वे नं. 125 रकबा 0.05 हे०, सर्वे नं. 115/2 रकबा 2.40 हे०, कुल किता 12 कुल रकबा 12.43 हे० भूमि स्थित ग्राम बिसलखेडी तह. बडनगर जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा दिनांक 12.10.2026 को तय किया था। उक्त सौदा मेरे पक्षकार ने निरस्त कर दिया है तथा उक्त सौदे मे जो राशी का इकरार किया गया था वह भी आपके द्वारा मेरे पक्षकार को आज दिनांक तक नहीं दि गई है, उक्त भूमि से विक्रेता के मध्य हुए सौदे को निरस्त करने एवं जाहिर सुचना के खण्डन में यह जाहिर सुचना प्रकाशीत की जा रही है, अगर इस जाहिर सुचना के संबंध में किसी प्रकार कि किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में आकर संपर्क करे। सुचित हो ।

दिनांक 31.10.2026

दीपक कवाडीया एडव्होकेट
न्यायालय परिसर बडनगर तह. बडनगर जिला उज्जैन
मो.-7354759998 9669859393

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण श्रीमती मायाबाई पति स्व. रुगनाथ, राहूल, अजय, ज्योति पिता स्व. रूगनाथ निवासीगण हा.मु. बाणगंगा इंदौर के द्वारा प्रदत्त जानकारी दस्तावेज के अनुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मूल पुरूष बगदीराम पिता नागू जी के स्वत्व स्वामित्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि पुराना सर्वे क्रं. 33 जिसका नवीन सर्वे क्रं. 179 रकबा 2.79 हे. ग्राम महू तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मे स्थित रही तथा बगदीराम जी के स्वर्गवास के पश्चात उनके वारीस अनोखीलाल, सालेग्राम, नानूराम, बाबु एवं रामूबाई तथा बगदीराम की पत्नि राजूबाई एवं मृतक रूगनाथ संयुक्त रूप से हुए तथा प्रत्यक वारीस का उसमे 1/7 हक हिस्सा एवं अधिकार निहित है किन्तु अनोखीलाल, सालेग्राम, नानूराम, बाबु एवं रामूबाई तथा बगदीराम की पत्नि राजूबाई आदि के द्वारा असत्य आधारो पर शासकीय रिकार्ड मे अपने नाम का नामांतरण शासकीय रिकार्ड मे दर्ज करवा लिया है तथा मृतक रूगनाथ के हिस्से को उक्त नामांतरण को छुपाया गया है एवं नामातंरण के आधार पर उक्त संपत्ति को अनोखीलाल आदि के द्वारा बाले बाले विक्रय करने हेतु प्रयत्नशील है जबकी उक्त संपत्ति मे मेरे पक्षकारगण जो कि स्व. बगदीराम के पुत्र स्व. रूगनाथ के वारीस होने के नाते उक्त संपत्ति मे उनका 1/7 हक हिस्सा एवं अधिकार समान रूप से है तथा उक्त संपत्ति पैतृक संपत्ति होकर संयुक्त परिवार की अविभाजित संपत्ति है जिसे अनोखीलाल आदि को नामांतरण के आधार पर कोई स्वत्व हित एवं अधिकार प्राप्त नहीं होते है तथा उक्त संपत्ति पर मेरे पक्षकारगण का अधिपत्य भी है जिसके संबंध मे मेरे पक्षकारगण न्यायालयीन कार्यवाही पृथक से कर रहे है।

अतः सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि को बिना मेरे पक्षकारगण की अनुमति एवं सहमति के मात्र शासकीय रिकार्ड के आधार पर किसी भी प्रकार का कोई सव्यवहार रहन बय दान अनुबंध आदि स्व. बगदीराम के शेष वारीसो अनोखीलाल, सालेग्राम, नानूराम, बाबु एवं रामूबाई तथा बगदीराम की पत्नि राजूबाई स्वयं या उनके अन्य वारीसो से नहीं करे अन्यथा ऐसा कोई व्यवहार मेरे पक्षकारगण पर बधंनकारक नहीं होकर शुन्यवत माना जावेगा तथा भविष्य मे होने वाली परेशानियो के लिए मेरे पक्षकारगण जिम्मेदार नहीं रहेगे। सूचित हो।

लोकेश वर्मा (अधिवक्ता)
पता 155 बी विवेकानंद कालोनी, उज्जैन
मो. नंबर: 98273-46901, 9009980653

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति शाजापुर जिला-शाजापुर (म.प्र.)
Telephone No.- 07364-229087 | Fax No.- 07364-228569
Email add.- awmshj@mp.gov.in, website- www.mpmandiboard.gov.in

क्रमांक/मंडी/बी.ओ.टी./26-27/1004 शाजापुर दिनांक 30.10.2026

बी.ओ.टी. तौलकांटा तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

कृषि उपज मंडी समिति शाजापुर जिला-शाजापुर द्वारा ई-बिडिंग/टेण्डर कमा ऑक्शन प्रणाली के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट आपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी.ओ.टी.) आधार पर तौलकांटा स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर दिनांक 16.11.2026 को समय 05:30 तक ऑनलाईन निविदा अन्य जानकारी पोर्टल http://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। स्थापित किये जाने वाले तौलकांटा हेतु विवरण अग्रलिखित अनुसार है –

सिस्टम टेण्डर क्र०	इलेक्ट्रानिक तौलकांटा स्थापना का स्थान	तौलकांटे की क्षमता	न्यूनतम वार्षिक प्रीमियम/आपसेट (राशि रूपये)	धरोहर राशि (राशि रूपये)	निविदा प्रपत्र की कीमत
1	2	3	4	5	6
2026_MPSAM_546556_1	उपमंडी प्रांगण गुलाना (खण्डेरिया) जिला-शाजापुर म.प्र.	50 मेट्रिक टन सह 10 मे.टन. बी.ओ.टी. तौलकांटा	25000/-	3600/-	5000/-

नोट :- संशोधन संबंधी सूचना (यदि कोई हो तो) केवल ऑनलाईन http://mptenders.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
शाजापुर जिला-शाजापुर

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति
शाजापुर जिला-शाजापुर

पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में 6 फ्लोर से कूदी स्टूडेंट, मौत

जयपुर। जयपुर की पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में शनिवार सुबह एमबीए सेकंड ईयर की स्टूडेंट यशस्वी रोहिल्ला (23) ने छठी मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। छात्रा डिजिटल मार्केटिंग में स्क्वकर रही थी। दो महीने पहले कैंपस प्लेसमेंट में एक निजी कंपनी में 7.25 लाख रुपए के पैकेज पर जॉब लगी थी।जयपुर के गुर्जर की थडी इलाके के प्रेम नगर की रहने वाली यशस्वी हादसे से कुछ सेकंड पहले दोस्तों से खुश होकर बात कर रही थी। फिर क्लास से निकलकर ऊपर चली गई थी। दोस्त उसे रोकने के लिए दौडे, लेकिन वह उनके सामने ही कूद गई। शिवदासपुरा थाना पुलिस के अनुसार घटना के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शुरुआती जांच में मामला प्रेम-प्रसंग का नजर आ रहा है।

मैतेई समुदाय की रैली, नगा संगठनों का समर्थन

इंफाल। मणिपुर की राजधानी इम्फाल में शनिवार को मैतेई संगठनों ने रैली निकाली। इसमें स्थानीय लोगों की सुरक्षा और कुकी उग्रवादी समूहों के साथ सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन समझौता रद्द करने की मांग की गई।रैली को कई नगा संगठनों का समर्थन मिला। चंदेल और सेनापति जिलों में भी नगा संगठनों ने रैलियां निकाली। मणिपुर में मई 2023 से जातीय हिंसा जारी है। यह रैली मणिपुर इंटीग्रिटी के कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ने आयोजित की थी।नगा संगठनों की शीर्ष संस्था यूनाइटेड नगा काउंसिल ने भी रैली का समर्थन किया। प्रदर्शनकारियों ने 'सेव मणिपुर' लिखे पोस्टर और तख्तियां ले रखी थीं। इनमें 'हमें शांति और न्याय चाहिए' और 'स्थह समझौता रद्द करो' जैसी मांगें लिखी थीं।

आजम को जेल के बाहर गिरफ्तार किया

रामपुर। सपा नेता आजम खान बेटे अब्दुल्ला के साथ 11 महीने बाद रामपुर जेल से बाहर आए, लेकिन जेल के गेट से ही श्वष्ठ ने आजम को गिरफ्तार कर लिया। पहले जेल के बाहर प्रवर्तन निदेशालय के अफसरों ने आजम से पूछताछ की, फिर अपने साथ गाडी में बैठाकर ले गए। ईडी आजम को गाजियाबाद कोर्ट में पेश करगी। ईडी का आरोप है कि आजम ने जौहर यूनिवर्सिटी के निर्माण में सरकारी धन और ठेकों से जुड़े पैसों का दुरुपयोग किया है। एजेंसी 416.14 करोड़ रुपए के खर्च में अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। इससे पहले श्वष्ठ और आजम के बीच जेल के बाहर काफी देर बहस भी हुई। इस बीच आजम ने भावुक अंदाज में कहा- अब कहने को क्या है? यह मुसलमान होने की सजा है। गलती यह है कि एक मुसलमान ने यूनिवर्सिटी बनाई। यह हमारा गुनाह है। वहीं, बेटा अब्दुल्ला आजम रिहा होने के बाद घर चला गया। दरअसल, आजम की रिहाई से करीब 15 मिनट पहले ईडी की एक टीम जेल के अंदर दाखिल हुई थी।

बुलेट ट्रेन 3.30 घंटे में दिल्ली से वाराणसी पहुंचेगी

वाराणसी। नई दिल्ली से वाराणसी तक बुलेट ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन एक घंटे में नई दिल्ली से आगरा और 3 घंटे 30 मिनट में वाराणसी पहुंच जाएगी। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने शनिवार को वाराणसी में बताया कि प्रधानमंत्री ने दिल्ली-वाराणसी-गुवाहाटी बुलेट ट्रेन के नॉर्दर्न कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है।यह कॉरिडोर दिल्ली से शुरू होकर आगरा, कानपुर, लखनऊ और अयोध्या को जोड़ेगा। इसके बाद वाराणसी, पटना और सिलीगुड़ी होते हुए गुवाहाटी तक पहुंचेगा।

बांग्लादेश में भारत के ट्रांजिट कॉरिडोर का विरोध

ढाका। बांग्लादेश में भारत के ट्रांजिट कॉरिडोर का विरोध हो रहा है। विपक्षी नेता नाहिद इस्लाम ने शुक्रवार को ढाका में एक रैली के दौरान आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान की सरकार बांग्लादेश में भारत को ट्रांजिट कॉरिडोर देने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की जमीन भारत को नहीं दी जाएगी। ट्रांजिट कॉरिडोर का मतलब एक देश की जमीन और सड़क का इस्तेमाल करके दूसरे देश के किसी हिस्से तक सामान पहुंचाना है। इससे दूरी और सामान पहुंचाने में लगने वाला समय कम हो सकता है। नाहिद ने गंगा जल समझौते को लेकर भी सरकार से सख्त रुख अपनाने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर समझौते को नए सिरे से करते समय बांग्लादेश के हितों का ध्यान नहीं रखा गया, तो लोग इसके विरोध में सड़कों पर उतरेंगे।

ब्रिटेन गुलामी प्रथा के लिए माफी मांग सकता है

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम के मुताबिक उनका देश अफ्रीकी लोगों को गुलाम बनाकर बेचने के लिए माफी मांगने पर विचार कर रहा है। बर्नहम ने शुक्रवार को ब्रिटिश अखबार द गार्डियन में छपे एक लेख में यह लिखा। उन्होंने गुलामी से प्रभावित देशों को आर्थिक मुआवजा देने की मांग को खारिज कर दिया है। ब्रिटेन करीब 400 साल तक अफ्रीकी लोगों को गुलाम बनाकर बेचता रहा।

नेतन्याहू को हटाने विपक्ष रास्ता तलाश रहा

तेल अवीव। इजराइल में प्रधानमंत्री चुनने का तरीका बदलने की चर्चा शुरू हो गई है। नेतन्याहू के विरोधी दल सीधे प्रधानमंत्री चुनने की पुरानी व्यवस्था वापस लाने पर विचार कर रहे हैं। इसके तहत जनता सांसदों और पार्टियों को वोट देने के अलावा सीधे प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार को भी चुन सकेगी।

सिग्नल लाइट लंबे समय से बंद, दिशा बताने वाले संकेतों का अभाव

जिम्मेदार नगरपालिका सीएमओ और यातायात के अधिकारी जानकार भी अंजान

दैनिक अवन्तिका » गुना



शहर के प्रमुख चौराहों में शामिल हनुमान चौराहे पर इन दिनों यातायात व्यवस्था बदहाल नजर आ रही है। चौराहे से गुजरने वाले वाहन चालकों को न तो पर्याप्त सांकेतिक सूचनाएं मिल पा रही हैं और न ही यातायात को नियंत्रित करने के लिए जरूरी व्यवस्थाएं सुचारू दिखाई दे रही हैं। ऐसे में स्थानीय वाहन चालकों के साथ बाहर से आने वाले लोग भी असमंजस की स्थिति में चौराहे से गुजरने को मजबूर हैं। ऐसे में कई भारी वाहन शहर की ओर घुसे चले जाते हैं।

दरअसल पूरी कहानी ये है कि लंबे समय से चौराहे पर यातायात को व्यवस्थित रखने के लिए लगाई गई सिग्नल लाइट भी लंबे समय से बंद पड़ी हुई है। इसके जिम्मेदार नगरपालिका सीएमओ और यातायात के अधिकारी जानकार भी अंजान बने हुए हैं। नतीजा ये है कि विभाग की उदासीनता और अधिकारियों की अनदेखी से आमजन परेशान हैं।

इसके बावजूद भी संबंधित जिम्मेदारों द्वारा इसे दुरुस्त कराने की दिशा में प्रभावी पहल नजर नहीं आ रही। सिग्नल लाइट बंद होने और दिशा संबंधी संकेतों के अभाव में वाहन चालक अपनी सुविधा के अनुसार निकलने का प्रयास करते हैं, जिससे कई बार अव्यवस्था और जाम जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है।

संकेतों के अभाव में सबसे बड़ी परेशानी बाहरी वाहनों की - सबसे बड़ी परेशानी उन वाहन चालकों को होती है, जो पहली बार इस मार्ग से गुजरते हैं। उन्हें यह समझने में कठिनाई होती है कि किस दिशा से निकलना है और किस ओर से आने वाले वाहनों को प्राथमिकता देनी है। चौराहे पर स्पष्ट संकेतक और व्यवस्थित यातायात नियंत्रण नहीं होने से दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। हैरानी की बात यह है कि शहर की यातायात व्यवस्था से जुड़े जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या से अनजान बने हुए हैं। जबकि हनुमान चौराहा शहर का महत्वपूर्ण आवागमन केंद्र है, जहां दिनभर दोपहिया, चारपहिया और अन्य वाहनों की आवाजाही बनी रहती है।

अब सवाल ये है कि क्या किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही जिम्मेदारों की नींद खुलेगी? आम नागरिकों की मांग है कि हनुमान चौराहे पर बंद पड़ी सिग्नल लाइट को तत्काल चालू कराया जाए और पर्याप्त सांकेतिक बोर्ड लगाए जाएं। यातायात प्रभारी अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में उनकी टीम सिर्फ चलानी कार्यवाही तक सीमित है। जबकि शहरवासियों की मांग है कि यातायात पुलिस की नियमित तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को रोजाना की परेशानी से राहत मिल सके और शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू हो सके।

इनका कहना है

पूर्व में करीब 15 दिन पहले यातायात डीएसपी मुकेश दीक्षित के द्वारा बताया गया था कि हनुमान चौराहे की सिग्नल लाईट नगरपालिका गुना को चालू करनी है, किंतु आज तक चालू नहीं की गईं। इस विषय पर शनिवार को सीएमओ शैलेश अवस्थी को फोन पर संपर्क किया गया तो घंटी जाने के बाद भी उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा।

आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 35 लीटर शराब जब्त

दैनिक अवन्तिका » गुना



जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय, संग्रहण और परिवहन के साथ जहरीली शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 30 एवं 31 अक्टूबर को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आबकारी टीमों ने एक साथ दबिश देकर 35 लीटर हाथभट्टी मदिरा और 560 किलोग्राम गुड़ लाहन बरामद किया। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 52 हजार रुपये बताई गई है।

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं उपायुक्त आबकारी संभाग ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। अभियान के तहत वृत्त चांचौड़ा प्रभारी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी एल.आर. करोसिया की टीम ने ग्राम कोटरा एवं पंची मंडी क्षेत्र में दबिश दी। वहीं वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा ग्राम पिपरोदा चक, मोईन एवं सतनपुर में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार वृत्त राघौगढ़ प्रभारी मोहनीष शर्मा की टीम ने ग्राम बिशनखेड़ा, ककरुआ एवं हमीरगढ़ तथा वृत्त गुना-2 प्रभारी वर्धमान जैन की टीम ने ग्राम अजितखेड़ा एवं बरखेड़ी में दबिश दी।

पिपरोदा चक में मिली अवैध शराब बनाने की चलती भट्ठी- कार्रवाई के दौरान ग्राम पिपरोदा चक में पुलिया के पास अवैध शराब बनाने की चलती हुई भट्टी मिली, जिसमें लाहन रखा हुआ था।

आबकारी टीम ने मौके पर ही लाहन को नष्ट कराया। इसके अलावा रिंकू पुत्र लालाराम जाटव निवासी पिपरोदा चक के खेत से 8 लीटर हाथभट्टी मदिरा जब्त की गई। जब्त मदिरा से तेज शराब जैसी गंध आने पर उसके नमूने लेकर जांच के लिए एफएसएल ग्वालियर भेजने की तैयारी की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

अभियान के दौरान कुल 35 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 560 किलोग्राम गुड़ लाहन बरामद किया गया। लाहन को परिवहन कर ले जाने में असमर्थता के चलते उसका नमूना लेकर शेष लाहन मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। आबकारी विभाग ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(1)(च) एवं 49(अ) के तहत कुल आठ प्रकरण पंजीबद्ध किए हैं। इसके साथ ही आबकारी अधिकारियों द्वारा जिले की आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया तथा होटल और ढाबों की सघन चेकिंग भी की गई। इस संपूर्ण कार्रवाई में विभिन्न आबकारी वृत्तों के आरक्षकों एवं महिला आरक्षकों की भूमिका सराहनीय रही।

पावरग्रिड ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत निकाली विशाल रैली

गुरुग्राम। महारत्न कंपनी पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 के अवसर पर अपने केंद्रीय कार्यालय, गुरुग्राम में वॉकाथॉन (जागरूकता रैली) का आयोजन किया। 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक मनाए जा रहे इस सप्ताह की थीम इस वर्ष समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा रखी गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय विकास में पारदर्शिता और जवाबदेही के महत्व को रेखांकित करना है। इस जागरूकता रैली का नेतृत्व पावरग्रिड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री वम्सी राम मोहन बुर्रा ने किया। आयोजन में निदेशक (कार्मिक) डॉ. यतींद्र द्विवेदी, निदेशक (प्रचालन) श्री नवीन श्रीवास्तव, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री नवीन कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और एमिटी इंटरनेशनल स्कूल (सेक्टर-46) के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक जीवन में नैतिक आचरण और सत्यनिष्ठा के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के लिए संस्था द्वारा इफको चौक पर एक नुक्कड़ नाटक की भी प्रभावी प्रस्तुति दी गई। इस जनसंपर्क पहल के माध्यम से पावरग्रिड ने भ्रष्टाचार की रोकथाम में व्यक्तिगत व सामूहिक जिम्मेदारी निभाने तथा पारदर्शी व समृद्ध भारत के निर्माण का अपना संकल्प दोहराया।

कोलकाता एयरपोर्ट पर अकासा एयर के प्लेन की टेल टकराई

अहमदाबाद।अहमदाबाद से कोलकाता जा रहे अकासा एयर के विमान की शनिवार सुबह लैंडिंग के दौरान टेल स्ट्राइक हो गई। विमान ने पहले गो-अराउंड किया और इसके बाद सुरक्षित लैंड किया।फ्लाइट क्क्क 1925 में सवार सभी यात्री सुरक्षित विमान से उतर गए। विमान को जांच के लिए कोलकाता एयरपोर्ट पर खड़ा किया गया है। अकासा एयर ने बताया कि पोस्ट-फ्लाइट जांच में पिछले हिस्से के जमीन से टकराने की पुष्टि हुई।इसके बाद विमान सुरक्षित लैंडिंग हुई।

पश्चिम रेलवे-रतलाम

ई-निविदा सूचना

निविदा क्रमांकः **EL/TRD/58/2026-27/23.** कार्य का नामः **TRD work in connection with interlocking of LC gates at LC-7 RCJ-DWX, LC-196 RTM-NGW, LC-216 BNG-GPX and provision of EI system at RCJ Station.** अनुमानित लागतः Rs. 47,27,537/-. बयाना राशिः Rs. 94,600.00/-. समापन अवधिः 12 Month. निविदा दस्तावेज की राशिः Nil. ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समयः 23.11.2026 at 15:00 hrs. ऑफर की वैधताः 60 days from the date of opening. वेबसाइटः **www.ireps.gov.in.** नोटिस बोर्डः वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने। 0312

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड पता- इन्दौर म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि संपत्ति क्रमांक 01 भूखण्ड़ क्रमांक 22 (पुराना म्यु. क्रमांक 2/1015) स्थित महाकाल मार्ग दौलतगंज उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफल 47.48 वर्गमीटर। जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में- चांदमल हीरालाल का मकान, पश्चिम में- अब्दुल वहीद खान पिता हकीम खान पटवारी का मकान वर्तमान अब्दुल वहिद एवं अब्दुल समद पुत्रगण अब्दुल गनी का मकान, उत्तर में- शासकीय रोड़ दौलतगंज से महाकाल तक एवं दक्षिण में- नटानी के घर से सटी हुई साझा गली स्थित है। उक्त सम्पत्ति कालूरामजी पिता रतीरामजी ने रजिस्टर्ड दान पत्र क्रमांक 1ए/4085/74 दिनांक 03/12/1974 को हुकुमचंदजी जैन पिता मनोहरलाल के हित में निष्पादित कि। तथा हुकुमचंद का स्वर्गवास 14/09/1996 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी अंगुरबाला एवं मधु व स्मीता पुत्री हुकुमचंद हुये। तथा कल्याणमल जैन का स्वर्गवास 22/01/2012 को हो जाने के पश्चात सपंत्ति के स्वामी आजाद जैन एवं पुत्री शीतल जैन हुये एवं उक्त संपत्ति अंगुरबाला जैन एवं आजाद जैन (सहमतिदाता मधुलिका जैन एवं स्मीता जैन एवं शीतल जैन) ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी432022018ए1560507 दिनांक 07/08/2018 के माध्यम से अब्दुल वहीद एवं अब्दुल समद पुत्रगण अब्दुल गनी को विक्रय की। संपत्ति क्रमांक-2 भवन क्रमांक 23 (पुराना भवन म्यु. क्रमांक 2/1016) स्थित मोहल्ला दौलतगंज महाकाल मार्ग उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफल 502 वर्गफीट। जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में- कालूराम महाजन का मकान, पश्चिम मे- छोटेला का मकान, उत्तर में- पब्लिक रोड़ (महाकाल मार्ग) एवं दक्षिण मे- गली स्थित है। उक्त सम्पत्ति मैमुनबाई पति अब्दुल गनी ने वसीयत पत्र दिनांक 15/10/2012 के माध्यम से अब्दुल वहिद एवं अब्दुल समद उर्फपप्पु पुत्रगण अब्दुल गनी के हित में निष्पादित कि। तथा मैमुनबाई का स्वर्गवास दिनांक 15/10/2012 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी अब्दुल वहिद एवं अब्दुल समद ने उज्जैन नगर पालिक निगम के नामातंरण रिकार्ड में दिनांक 25/03/2017 को अपना नाम दर्ज करवाया। तथा अब्दुल वहिद एवं अब्दुल समद ने उक्त संपत्तियों पर ऋण प्राप्त करने हेतु आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्तियों को बंधक करने जा रहे है तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार पूर्व का विक्रय पत्र दिनांक 11/02/1931 तथा 1ए/840/71 दिनांक 18/03/1971 तथा मृत्यु प्रमाण पत्र 14/09/1996 एवं 22/01/2012 के कही गुम हो गये है। अत: सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्तियों में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्तियों पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्तियों पर प्रथम ऋ ण भार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3
तुलसी कॉम्प्लेक्स विक्रम मार्ग टॉवर
चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी 1. महेंद्र मालवीय पिता श्री रामसिंह मालवीय, 2. श्रीमती राजु बाई पति श्री महेंद्र मालवीय, निवासीगण-433, अतिरिक्त विश्व बैंक कॉलोनी, बाफना पार्क के पास, उज्जैन (म.प्र.) से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भवन जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 163/3 में का भाग होकर वर्मा नगर, ग्राम पंवासा, नगर निगम वार्ड क्रमांक 40, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) पर निर्मित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफीट अर्थात 55.76 वर्गमीटर को क्रय करने का सौदा भवन स्वामी से तय किया है तथा बयाना/ टोकन राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही विक्रय पत्र संपादित कराने के पक्ष में है। यदि उक्त भवन के विक्रय को लेकर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो अथवा ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भवन से संबंधित मुख्त्यार नामा आम या मुख्त्यार नामा खास हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस अंदर मुझे मेरे कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाण के आपत्ति दर्ज करा लेवे। अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, तथा विक्रय पत्र का संपादन मेरे पक्षकार द्वारा भवन स्वामी से अपने पक्ष में करवा लेगा। सूचित हो।

इति दिनांक 01/11/2026

डॉ. एस.के. शर्मा एडव्होकेट
ऑ.नं.15, बख्तावर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन
मो.नं. 9300707767

हर कदम एकता की ओर' के संदेश के साथ निकली रन फॉर यूनिटी



गुना। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 'हर कदम एकता की ओर' थीम पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। शास्त्री पार्क से शुरू हुई इस दौड़ में विधायक पन्नालाल शाक्य, जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार एवं कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विभिन्न वर्गों के नागरिकों, बच्चों एवं विभिन्न संप्रदायों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ के माध्यम से भारत की एकता और अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर विधायक पन्नालाल शाक्य ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर रहना चाहिए। जब हम एकजुट रहते हैं, तो बड़ी से बड़ी चुनौती का भी सामना कर सकते हैं। उन्होंने आपसी सद्भाव और एकता बनाए रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को एकता की शपथ दिलाई। एकता की शपथ के बाद शास्त्री पार्क से हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी मैराथन रवाना की गई। रन फॉर यूनिटी शास्त्री पार्क से प्रारंभ होकर सदर बाजार होते हुए हनुमान चौराहे पहुंची, जहां राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। रन फॉर यूनिटी में बालिका वर्ग में शांति कुशवाह ने प्रथम तथा रानी खटीक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में आदित्य लोधी प्रथम एवं भरत रजक द्वितीय स्थान पर रहे। इन सभी विजेता प्रतिभागियों को 1 नवम्बर को आयोजित जिला स्तरीय मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह में सम्मानित किया जाएगा। दौड़ में बच्चों सहित विभिन्न वर्गों एवं संप्रदायों के लोगों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहभागिता कर राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

दिल्ली की वोट बचाओ-देश बचाओ महारैली में शामिल होने उज्जैन से 500 कांग्रेसी रवाना

उज्जैन। नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आज 1 नवंबर को आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ, देश बचाओ महारैली' में शामिल होने के लिए उज्जैन से करीब 500 कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता रवाना हुए। कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। राहुल गांधी के नेतृत्व में होने वाली इस महारैली में मतदाता सूची से पात्र मतदाताओं के नाम हटाने, कथित वोट चोरी और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग उठाई जाएगी। कांग्रेस की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी की जाएगी। महारैली में शामिल होने के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार, विधायक दिनेश जैन बोस, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी सहित संगठन मंत्री अजय राठौर, राजेंद्र व्यास, राजेश लश्करी, दुर्गेश धवन, आनंद मीणा, फिरोज पठान, भूरू गौड़, अभिषेक शर्मा, मेघा धवन, यश जैन, दीपेश जैन, प्रतीक भावसार, संदीप सूर्यवंशी, वरुण शर्मा, चंद्रभान सिंह चंदेल, रहीम लाला, सोनिया ठाकुर, पप्पू बोरासी और भेरू सिंह सिसोदिया सहित अन्य कार्यकर्ता दिल्ली के लिए रवाना हुए।

हरदीप सिंह पुरी को राज्यसभा भेजने के विरोध में कांग्रेस ने फूंका पुतला

उज्जैन। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी को मध्यप्रदेश से राज्यसभा भेजे जाने के फैसले के विरोध में शहर कांग्रेस ने प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने एपस्टीन फाइल में मंत्री का नाम सामने आने के मुद्दे को उठाते हुए भाजपा की राजनीतिक और नैतिकता से जुड़ी सोच पर सवाल खड़े किए। प्रदर्शन के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय और ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रभान सिंह चंदेल ने कहा कि भाजपा एक ओर नैतिकता, चरित्र और सुचिता की बात करती है, वहीं दूसरी ओर हरदीप सिंह पुरी का नाम एपस्टीन फाइल में आने के बावजूद उन्हें मध्यप्रदेश से राज्यसभा उम्मीदवार बनाया जा रहा है। उन्होंने इस फैसले को निंदनीय बताते हुए कहा कि भाजपा को इस मामले में अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर पार्टी चुप नहीं बैठेगी। प्रदेशभर में सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस ने राज्यसभा उम्मीदवार के चयन को लेकर भाजपा को घेरने की कोशिश की और इस फैसले पर राजनीतिक जवाबदेही तय करने की मांग उठाई। संगठन मंत्री अजय राठौर ने बताया कि पुतला दहन कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर बैरागी, अनंत नारायण मीणा, सुनील कछवाय, राजेश राणा, चैन सिंह चौधरी, वासुदेव रावल, दुर्गेश धवन, संचित शर्मा, अभिषेक शर्मा, आनंद मीणा, रहीम लाला, कृष्णा यादव, हेमंत कोली, मनोज त्रिवेदी, जितेंद्र डागरे, जितेंद्र दुबे, महेश सिसोदिया, नौशाद भाई, सीमा पटेल, रश्मि त्रिवेदी और उषा मालवीय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार- 6 गांवों में श्रेष्ठ दुधारू गायों का चयन

खरगोन। राज्य में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और उन्नत पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के लिए जिले के छह वृंदावन ग्रामों में गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 30 और 31 अक्टूबर को जिले की छह विधानसभाओं में चयनित वृंदावन ग्रामों . टेमला, बोरावां, चोली, बैडिया, सेल्दा तथा सेगावां में आयोजित की गई। इसमें प्रदेश की मूल गौवंशीय नस्ल और भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों को शामिल किया गया। प्रतियोगिता के लिए कुल 58 पशुपालकों ने आवेदन किया था, जिनमें से 44 गायों ने हिस्सा लिया।

पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉक्टर प्रियंका बघेल ने बताया कि गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार जैसी पहलें न केवल पशुपालकों को उन्नत नस्ल की गायों के पालन के लिए प्रेरित करती हैं] बल्कि दुग्ध उत्पादन में वृद्धि कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करती हैं। यह किसानों की आय बढ़ाने और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। देसी नस्लों को बढ़ावा देना पशुधन संरक्षण के लिए भी आवश्यक है। प्रतियोगिता में वृंदावन ग्राम टेमला के पशुपालक राजेश.मोहन धनगर की गिर गाय ने 9.704 लीटर, बोरावां के हंशराज.जितेंद्र की गिर गाय ने 14.067 लीटर, चोली के पंकज-कैशव की गिर गाय ने 9.740 लीटर, बैडि?ा के देवांशु-प्रदीप की गिर गाय ने 9.849 लीटर, सेल्दा के अशोक.संतोष की गिर गाय ने 11.200 लीटर तथा सेगावा के छोटु.मोहन की गिर गाय ने 13.791 लीटर प्रतिदिन दूध देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन श्रेष्ठ दुग्ध उत्पादक गायों के पशुपालकों को प्रथम पुरस्कार के रूप में 1 लाख, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। जिले के सभी विजेता पशुपालकों को बधाई दी।

न्यूज-कॉलम

1 नवंबर को खुलेगी नीमच कृषि उपज मंडी

नीमच,। दीपावली त्योहार के अवकाश के दौरान किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कृषि उपज मंडी समिति नीमच ने रविवार, 1 नवंबर 2026 को भी मंडी में नीलाम कार्य संचालित करने का निर्णय लिया है। मंडी समिति सचिव श्री उमेश कुमार बसेड़िया ने बताया कि दीपावली के दौरान लगातार अवकाश के कारण किसानों को कृषि उपज विक्रय में असुविधा न हो, इसके लिए मंडी व्यापारी संघ, किसान संघ एवं तुलावटी-हम्माल संघ के पदाधिकारियों से चर्चा कर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है। मंडी प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे 1 नवंबर को अपनी कृषि उपज मंडी में विक्रय के लिए लाएं।

नपा परिषद की साधारण सभा की बैठक 3 को

मंदसौर। नगर पालिका परिषद की आगामी साधारण सभा की बैठक 3 नवम्बर मंगलवार को दोपहर 2 बजे नपा कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। प्रभारी नपा कार्यालय अधीक्षक अजय मारोठिया ने जानकारी दी है कि नपाध्यक्ष एवं परिषद की पीठासीन अधिकारी रमादेवी गुर्जर की अध्यक्षता में होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक में कुल 23 प्रकरण परिषद के विचारार्थ रखे जाएंगे। सभी संबंधित पार्षदों से आग्रह किया गया है कि वे निर्धारित समयानुसार बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर सहभागिता करें।

262 तीर्थ यात्रियों का दल अयोध्या व काशी के लिए हुआ रवाना

मन्दसौर। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत मंदसौर से जिले के 262 वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रियों का एक विशेष जत्था अयोध्या और काशी की पवित्र तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुआ। यात्रा के प्रस्थान के अवसर पर मंदसौर रेलवे स्टेशन पर सांसद सुधीर गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंत शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका गिरी गोस्वामी, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल और संयुक्त कलेक्टरप्रीति संघवी सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। रेलवे स्टेशन पर अतिथियों द्वारा सभी तीर्थ यात्रियों का फूल-मालाओं और आत्मीयता के साथ स्वागत सम्मान किया गया।

कलेक्टर एवं एसपी ने किया लक्ष्मी मंदिर का निरीक्षण

रतलाम । आगामी धनतेरस पर्व के दृष्टिगत कलेक्टर अजय कटेसरिया एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने माणक चौक स्थित श्री लक्ष्मीजी मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

प्रशासन व पुलिस ने नकली दूध फैक्ट्री का अवैध निर्माण गिराया

मन्दसौर। शामगढ़ के डूंगरखेड़ी गांव में शनिवार सुबह प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने शासकीय जमीन पर संचालित हो रही नकली दूध बनाने वाली फैक्ट्री के अवैध निर्माण को बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया। करीब 6 हजार वर्गफीट के क्षेत्रफल में बने इस निर्माण की बाजार कीमत लगभग छह लाख रुपए आंकी गई है जिसे मुक्त कराकर जमीन पर कब्जा ले लिया गया है।ज्ञात हो कि पुलिस ने 28 अक्टूबर की रात इस फैक्ट्री पर छापा मारकर पारस कंपनी के मिल्क पाउडर के कट्टे, केमिकल, तैयार दूध, पाम तेल के डिब्बे और दो हजार लीटर क्षमता का दूध टैंक जब्त किया था तथा मौके से फरार हुए संचालक भाइयों कृष्णपाल सिंह और शिवपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा पूर्व में लिए गए सैंपल की रिपोर्ट आने में देरी और कार्रवाई न होने के कारण आरोपियों ने प्लांट दोबारा शुरू कर दिया था जिसकी सूचना मिलने पर एसडीएम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक घंटे में यह अतिक्रमण पूरी तरह हटा दिया।

देश और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी जीवन के प्रारंभ से ही जुड़ी होती है - विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



मंदसौर के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में मीडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित बत्तीसवें राष्ट्रीय भारतीय युवा संसद अधिवेशन का शुभारंभ मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में व्यक्ति निर्माण की सबसे कठिन प्रक्रिया को संचालित करना अनिवार्य है और इस दिशा में ऐसे आयोजन अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति और शब्दकोश में तरुण शब्द की ताकत का जिक्र करते हुए भगत सिंह, खुदिया राम बोस, चंद्रशेखर आजाद और महारानी लक्ष्मीबाई जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया तथा युवाओं को अपनी जड़ों और आध्यात्म से जुड़े रहने का संदेश दिया।

उन्होंने वर्तमान परिवेश में टेक्नोलॉजी का बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि हमें टेक्नोलॉजी की दासता स्वीकार नहीं करनी चाहिए बल्कि तकनीक को अपने नियंत्रण में रखना चाहिए।

श्री तोमर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से देश में विकसित हुए स्टार्टअप कल्चर का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत तेजी से तरक्की कर रहा है और आने वाले विकसित भारत का संपूर्ण भार देश के इसी तरुण भारत के कंधों पर होगा। कार्यक्रम के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता ने भी अपने संबोधन में भारत की प्राचीन लोकतांत्रिक परंपराओं, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की बढ़ती समृद्धि एवं वैश्विक सहयोग पर विस्तार से विचार रखे, तथा कार्यक्रम के अंत में विधानसभा अध्यक्ष ने उपस्थित विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

इस कार्यक्रम में विधायक हरदीप सिंह डंग, चंदर सिंह सिसोदिया, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, देवीलाल धाकड़, मदनलाल राठौर और कार्यक्रम संयोजक आशुतोष जोशी सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए युवा विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

माता के अभाव को कोई पूरा नहीं कर सकता - विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर

मंत्री चेतन्य काश्यप की मातुश्री श्रीमती तेजकुंवर बाई काश्यप को दी श्रद्धांजलि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप की मातुश्री श्रीमती तेजकुंवर बाई काश्यप को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि माता के अभाव को कोई पूरा नहीं कर सकता। रतलाम प्रवास में माताजी से जब भी मिलना हुआ, वह अब सदैव यादों में बना रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर के साथ उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया, ग्वालियर मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक जादौन ने भी मातुश्री को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामर, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, श्योपुर जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष महावीर सिसोदिया, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष गोविंद काकानी, प्रवीण सोनी, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौड़, अनिता कटारिया, सोनू यादव, जुबिन जैन, जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, जिला मंत्री राजेन्द्र पाटीदार, मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी, सह प्रभारी निलेश बाफना, नीरज बरमेचा, आईटी सेल संयोजक निलेश राव, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, मयूर पुरोहित, आदित्य डागा, सोना शर्मा, नंदकिशोर पंवार, मंडल महामंत्री हेमंत राहोरी, भुपेन्द्र कावड़िया, भावना गुर्जर, आयुषी सांखला, सुबेन्द्र सिंह गुर्जर, आकाश खड़के, निखील बोरीवाल, विवेक शर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह देवड़ा, पिछडा मोर्चा अध्यक्ष संदीप यादव, उपस्थित रहे।



शिवना नदी के गंदे नाले जल्द बंद न हुए तो अनिश्चितकालीन धरना दूंगा - विधायक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

शिवना नदी को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान के १४८वें दिन शनिवार को श्रमदानियों ने शिवना ब्रिज मुक्तिधाम और भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के समीप छोटी पुलिया क्षेत्र में सफाई कर नदी से करीब दो ट्रॉली जलकुंभी, प्लास्टिक कचरा, पॉलीथिन और गाद निकाली।

इस दौरान विधायक विपिन जैन ने नदी में लगातार मिल रहे सीवरेज के गंदे पानी को लेकर गहरी नाराजगी जताई और मीडिया से चर्चा करते हुए शासन-प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि सीवरेज के नाले शीघ्र बंद नहीं किए गए तो वे मंदसौर वासियों के साथ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। उन्होंने नागरिकों से भी नदी में कचरा या पूजन सामग्री न डालने की अपील की।

श्रमदान में हेमराज खाबिया, राकेश जैन पिंटू, दिनेश चौधरी, संभव जैन, इष्टा भाचावत, अनीता भदोरिया, सुनीता बंडी, राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, साबिर इलेक्ट्रीशियन, संजय नाहर, रमेश ब्रिजवानी, गणपत कुमावत, ऋषिराज लाड़ आदि उपस्थित रहे।



राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित हुई रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मंदसौर मुख्यालय पर रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ का भव्य आयोजन किया गया। जिला प्रशासन तथा पांच मध्य प्रदेश एनसीसी बटालियन के इस संयुक्त आयोजन में जिले के लगभग दो सौ एनसीसी कैडेट्स सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए अमूल्य योगदान का स्मरण करते हुए युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया और एनसीसी को अनुशासन व भाईचारे के साथ राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार ने उपस्थित सभी नागरिकों और विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। यह रन फॉर यूनिटी मैराथन सरदार पटेल चौराहे से प्रारंभ होकर कॉलेज ग्राउंड पर संपन्न हुई, जहाँ अतिथियों द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया।इस दौरान पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया, राधेश्याम पाटीदार, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, एसडीएम शुभम पाटीदार आदि उपस्थित थे।

रहवासी क्षेत्र में अवैध रूप से छिपाकर रखे पटाखे जब्त

रतलाम। आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने अवैध पटाखों के भंडारण के खिलाफ कार्रवाई की है। शुक्रवार रात करीब 10 बजे अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर ढाई लाख रुपए से अधिक कीमत के पटाखे जब्त किए गए। पुलिस के मुताबिक, रहवासी इलाकों में बिना लाइसेंस और सुरक्षा इंतजाम के पटाखे जमा करके रखे गए थे। पहली कार्रवाई सिटी एएसपी राकेश पंद्रो ने पुलिस टीम के साथ बिलपांक थाना क्षेत्र की बिरमावल चौकी के गांव छतरी में की।

कृति संस्था ने सरदार पटेल की जयंती पर किया नमन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



अखंड भारत के प्रणेता और देश के प्रथम गृह मंत्री, 'लौह पुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर नीमच में 'कृति' (साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक संस्था) ने एक पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश चौधरी, भरत जाजू,सत्येंद्र सक्सैना, डॉ. जीवन कौशिक, डॉ माधुरी चौरसिया सहित सदस्य गण सर्वश्री मुकेश कासलीवाल, योगेश पाटीदार, शरद पाटीदार, आदि ने उपस्थित होकर देश के निर्माण में उनके महान योगदान को याद किया और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया ।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने एक सशक्त, समृद्ध और समर्थ भारत के निर्माण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। मां भारती की सेवा में उनका त्याग, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण हम सभी के लिए विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु एक बहुत बड़ा प्रेरणास्रोत है। इस गरिमामयी आयोजन में कृति संस्था के सभी सदस्यों ने सरदार पटेल अमर रहे का उद्घोष भी किया द्य जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया।

नपा द्वारा प्राइवेट बस स्टैंड पर निर्मित पुलिया (अटल सेतु) का लोकार्पण आज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में जारी विकास कार्यों के तहत मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस 1 नवंबर रविवार को प्रातः 9 बजे वार्ड क्रमांक 14 के अंतर्गत आने वाले प्राइवेट बस स्टैंड पर निर्मित पुलिया अटल सेतु का अतिथियों द्वारा लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद श्रीमती किरण शर्मा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, भाजपा जिला संगठन मंत्री श्री सुभाष पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, भाजपा मंडलअध्यक्ष श्री दारा सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा की अध्यक्षता तथा नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करण सिंह परमाल, लोक निर्माण सभापति श्री मनोहर मोटवानी, समस्त सभापति गण एवं गणमान्य नागरिकों के विशेष आतिथ्य में आयोजित होगा! पार्षद श्रीमती किरण शर्मा ने बताया कि प्राइवेट बस स्टैंड की पुरानी पुलिया जर्जर हालत में होने के कारण 1 करोड़ 79 लाख की लागत से 8 मीटर चौड़ी तथा 47 मीटर लंबी पुलिया अटल सेतु का निर्माण कराया गया है, इस पुलिया के निर्माण से क्षेत्रवासियों के साथ ही आसपास की कॉलोनी के निवासियों व यात्रियों की परेशानी दूर होगी तथा वाहनों का आवागमन सुगम होगा। पार्षद श्रीमती शर्मा ने समस्त सभापतिगण, समस्त पार्षदगण, पत्रकारगणो व गणमान्य नागरिकों एवं वार्ड वासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध किया है!

लोकायुक्त टीम ने डिप्टी रेंजर को 20 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगो हाथों पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा



खेत में रखी जलाऊ लकड़ी का अवेध रूप से बेचने के मामले में कैस बनाने की धमकी देकर 2 लाख की रिश्वत मांगने वाले डिप्टी रेंजर कमल सिंह देवड़ा को लोकायुक्त उज्जैन टीम ने शुक्रवार को 20 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

ग्राम शक्कर खेड़ी पिपलोदा निवासी रईस का पिता अमीर शाह ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया कि उन्होंने अपने खेत में रखी जलाव लकड़ी अशफाक खान को बेची थी। इसी मामले में डिप्टी रेंजर कमल सिंह द्वारा कैस बनाने की धमकी देकर कथित तौर पर २लाख की रिश्वत मांगी गई थी बाद में आवेदक के निवेदन पर 65 हजार लेने पर सहमति बनी।

शिकायत की जांच उप पुलिस अधीक्षक दिनेश चंद पटेल द्वारा की गई। लोकायुक्त टीम ने ट्रैप की योजना बनाई शुक्रवार को गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए डिप्टी रेंजर कमल सिंह देवड़ा को कार्यालय में ही आवेदक रईस खां से २०हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया ।

उक्त कार्रवाई पुलिस महानिदेशक निदेशक योगेश देशमुख के निर्देशन में डीआईजी मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व एवं एसपी लोकायुक्त विनोद कुमार दीक्षित के निर्देश पर की गई। ट्रेप दल में डीएसपी दिनेश चंद पटेल निरीक्षक हिना डाबर, प्रधान आरक्षक हितेश ललावत, शिव कुमार शर्मा ,श्याम शर्मा, मोहम्मद इसरार एवं उमेश जाटव सहित १० सदस्य शामिल थे।

न्यूज कालम



पिपलिया मंडी के कन्या शाला संकुल से शिक्षिका का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम

पिपलिया मंडी। संकुल कार्यालय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया मंडी के अंतर्गत आने वाली शाला शासकीय प्राथमिक विद्यालय रणायरा में पदस्थ श्रीमती सुमन व्यास पदनाम प्राथमिक शिक्षक की अद्धिवार्षिकी आयु पूर्ण कर 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो गये उनके सम्मान में एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय रणायरा में सेवानिवृत्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि और संकुल कार्यालय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया मंडी के प्राचार्य श्री उमाशंकर पांडेय और लेखा शाखा प्रभारी श्री राकेश शर्मा एवं संकुल शाला से व्याख्याता श्री मोहन परमार एवं मल्हारगढ़ ब्लॉक के अन्य शाला के शिक्षक साथी और परिवार जन उपस्थित रहे ! कार्यक्रम का संचालन शिक्षक श्री कोमल पाटीदार प्राथमिक शिक्षक ने किया और आभार व्यक्त श्री चेन सिंह जमरा माध्यमिक शिक्षा ने किया।

श्रम शिविर में इंदिरा गांधी एवं सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि



मंदसौर। श्रम शिविर में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में दिवंगत प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी और पूर्व गृहमंत्री एवं उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को राष्ट्र की धरोहर बताते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि श्रीमती गांधी और सरदार पटेल ने देश की जो अमूल्य सेवाएं दी हैं, उन्हें देशवासी कभी भुला नहीं सकते और उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर गांधी स्मारक श्रमिक ट्रस्ट के अध्यक्ष त्रिदेव पाटीदार, सचिव विक्रम विद्यार्थी, कोषाध्यक्ष गोपाल गुरु, कांग्रेस जिला कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता, जिला महामंत्री सुरेन्द्र कुमावत, वरिष्ठ नेता शरद पारीक, बाबूलाल शर्मा और अशोक व्यास सहित उपस्थितजनों ने दोनों राष्ट्रनायकों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

हरदीप सिंह पुरी को राज्यसभा उम्मीदवार बनाये जाने के विरोध में कांग्रेस ने किया पुतला दहन

मन्दसौर। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान और जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर के निदेर्शानुसार शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी चौराहा पर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए हरदीप सिंह पुरी का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने आरोप लगाया कि एपस्टीन फाइल को लेकर विवादों में घिरे हरदीप सिंह पुरी को मध्यप्रदेश से राज्यसभा उम्मीदवार घोषित करना पूरे प्रदेश का अपमान है और भाजपा ने एक दागी चेहरे को प्रदेश पर थोपने का काम किया है जिसे कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रूप से सुरेन्द्र कुमावत, लक्ष्मण मेघनानी, सुनील गुप्ता, रमेश ब्रिजवानी, सुनीता बंडी, कैलाश मनवानी, साबिर इलेक्ट्रीशियन, तरुण खींची, सलीम खान, राजनारायण लाड़, सुरेश भाटी, पिंकी गौड़, श्रेयांश नाहर, प्रणय धाकड़, योगेन्द्र गौड़, रूपल संचेती सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाई



पिपलिया मंडी। स्थानीय कृषि उपज मंडी के सामने स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके दृढ़ संकल्प, राष्ट्रनिष्ठा और विचारों को याद करना अत्यंत सराहनीय और अनुकरणीय है। उनकी दूरदर्शिता और दृढ इच्छाशक्ति हम सभी को सदैव देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा देती रहेगी।इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष तुलसीराम पाटीदार ,नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राम प्रसाद फरक्या-प्रदेश युवक कांग्रेस महासचिव विनोद पटेल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उनियारा सहित कई कांग्रेस जन उपस्थित थे।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-8

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री बलवंत पिता श्री मानसिंह चौहान वार्ड नं.28 पता- 26-1 मेघदूत नगर इन्दौर पिन-1000939351 (नामांतरण शुल्क) संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 8 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-8
नगरपालिका निगम इन्दौर



वंदना दाँती राष्ट्रीय भगवा सेना महिला मोर्चा म.प्र. प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

राजगढ़। राष्ट्रीय भगवा सेना संगठन मध्य प्रदेश के संगठनात्मक विस्तार एवं सामाजिक सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय कर्तव्य को सशक्त बनाने एवं संगठन के प्रति निष्ठा समर्पण एवं सक्रिय भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय भगवा सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज दवेसर की अनुशंसा से तथा प्रदेश महासचिव प्रेम पौराणिक धार की सहमति से प्रदेश प्रभारी राजेन्द्र वर्मा ने सुश्री वंदना दाँती को राष्ट्रीय भगवा सेना महिला मोर्चा मध्य प्रदेश, प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। वंदना दाँती कई वर्षों से अनेक सामाजिक संगठनो के माध्यम सें समाज सेवा कर रही हैं। इनकी नियुक्ति सें प्रदेश के हिन्दू समाज में हर्ष की लहर है। इस अवसर पर ईष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से तथा सोशल मीडिया के माध्यम से उज्जवल भविष्य की कामना की है।

बाबा कार्तिक उरांव की जयंती मनाई



शुजालपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की महाविद्यालय इकाई की ओर से गुरुवार को महाविद्यालय परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क में जनजातीय समाज के प्रमुख नेता एवं समाज सुधारक बाबा कार्तिक उरांव की जयंती मनाई गई। इस दौरान कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। नगर मंत्री अजय गुर्जर ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव ने जनजातीय समाज के अधिकारों, सामाजिक उत्थान और आत्मसम्मान के लिए जीवन समर्पित किया। उन्होंने जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और अस्मिता की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए। उनके विचार आज भी समाज को शिक्षित, जागरूक और संगठित होने की प्रेरणा देते हैं। महाविद्यालय अध्यक्ष चेतन राजपूत ने कहा कि विद्यार्थियों को बाबा कार्तिक उरांव के जीवन और संघर्ष से प्रेरणा लेकर समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उनके आदर्श वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए कार्य करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में कार्यकताओं ने बाबा कार्तिक उरांव के आदर्शों को आत्मसात कर समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

12 सूत्रीय मांगों को लेकर पेंशनर्स ने दिया धरना



शुजालपुर। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष के आह्वान पर जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह पवार एवं कीरत सिंह बुंदेला की अध्यक्षता में पेंशनर्स ने कलेक्टर कार्यालय के सामने धरना देकर अपनी 12 सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग उठाई। इसके बाद मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया। धरना प्रदर्शन में शाजापुर के लगभग 40 पेंशनर्स शामिल हुए। वहीं, शुजालपुर से प्रेमदास बैरागी की अध्यक्षता में पेंशनर्स ने भागीदारी की। इनमें ललित बिड़वाले, यादव सिंह परमार, मनोहर परमार, कैलाश नारायण परमार, रमेशचंद्र कारपेंटर, दरियाव सिंह मालवीय, मंसाराम जाटव, रमेश सिंह कारपेंटर, प्रभुलाल पुरबिया और कैलाश चौधरी सहित अन्य पेंशनर्स उपस्थित रहे।

पांच पुलिया से लोहार दरवाजा तक बिगड़े हालात, दुकानों के सामने भारी वाहन

दिवाली नजदीक, फिर भी नहीं सुधर रही यातायात व्यवस्था, मुख्य बाजार में रोजाना जाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



दीपावली का त्योहार नजदीक है और बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ने लगी है। ऐसे समय में नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना सबसे जरूरी है, लेकिन सुसनेर के मुख्य बाजार में बार-बार लगने वाले जाम से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पांच पुलिया से लेकर लोहार दरवाजा तक सड़क पर वाहनों की आवाजाही बाधित होने से कई बार जाम जैसे हालात बन रहे हैं। त्योहार के दौरान बाजार में भीड़ बढ़ने की संभावना के बावजूद यातायात व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आ रहा है। इससे वाहन चालकों, व्यापारियों, ग्राहकों और पैदल निकलने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

नगर के पांच पुलिया क्षेत्र में व्यापारियों की दुकानों के सामने बड़ी संख्या में भारी वाहन खड़े रहने से यातायात प्रभावित हो रहा है। मुख्य बाजार की सड़क पर पहले से ही वाहनों का दबाव रहता है, ऐसे में भारी वाहनों के खड़े रहने से आवागमन के लिए कम जगह बचती है। इसके चलते दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को निकलने में परेशानी होती है। कई बार वाहनों की कतार लगने से यातायात धीमा हो जाता है और जाम की स्थिति बन जाती है। व्यापारियों का कहना है कि यदि त्योहार के दौरान मुख्य बाजार में भारी वाहनों के प्रवेश और पार्किंग पर प्रतिबंध लगाया जाए तो यातायात व्यवस्था में काफी हद तक सुधार हो सकता है।

मुख्य बाजार में सड़क के बीच या किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े दोपहिया वाहन भी यातायात व्यवस्था को बिगाड़ रहे हैं। वहीं, सड़कों पर घूमने वाले गोवंश के कारण भी वाहन चालकों को परेशानी होती है। भीड़भाड़ वाले बाजार में अचानक गोवंश के सड़क पर आ जाने से यातायात प्रभावित होने के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

फुटपाथ कारोबारियों के लिए तय हो स्थान

मुख्य बाजार में फुटपाथ पर बैठकर व्यवसाय करने वाले लोगों और ठेला संचालकों के लिए निर्धारित स्थान नहीं होने से भी समस्या बढ़ रही है। कई जगह ठेले सड़क के बीच तक लगाए जा रहे हैं, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है। इसका सीधा असर यातायात पर पड़ता है। बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोग भी अपने वाहन दुकानों के सामने या सड़क किनारे खड़े कर देते हैं।



अडिबाजी कर रुपए मांगने वाले 3 शातिर आरोपिया को किया गिरफ्तार

ब्यावरा। राजगढ़ जिले में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में आरोपी, स्थाई वारंटी एवं वसूली वारंटियों की धरपकड़ हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बोडा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अडीबाजी करने वाले तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया। फरियादी दिलीप मोगिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम कल खेती के बाबूलाल, जगदीश, विशाल मोंगिया फरियादी से शराब के लिए रुपए मांग कर अड़ीबाजी कर गाली गलौज कर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 361/2026 धारा 119(1), 296, 115(2), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता का कायम कर विवेचना में लिया आरोपी शातिर किस्म एवं अपराधिक प्रवृत्ति की व्यक्ति होने से थाना प्रभारी बोडा द्वारा विशेष टीम गठित की एवं टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखबिर को सक्रिय किया ग्राम हुलखेड़ी में मुखबिर द्वारा बताएं स्थान पर दविश देकर आरोपियो बाबूलाल पिता प्रभुलाल मोगिया, विशाल पिता बाबूलाल मोंगिया, जगदीश पिता अर्जुनसिंह मोगिया सर्वनिवासी ग्राम हुलखेड़ी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

छात्राओं से आत्मीय संवाद कर कलेक्टर ने परखी छात्रावास की व्यवस्थाएं

■ कहा बेटियों की सुविधाओं और सुरक्षा में कोई कमी न रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने पुलिस लाइन के समीप स्थित जूनियर बालिका छात्रावास राजगढ़ क्रमांक -2, सीनियर बालिका छात्रावास राजगढ़ क्रमांक -2 एवं वीरांगना रानी दुर्गावती सीनियर बालिका छात्रावास राजगढ़ का निरीक्षण कर छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान जिला संयोजक संजय साहू एवं छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती अनुराधा दांगी एवं श्रीमती ऋतु सक्सेना उपस्थित रही। कलेक्टर ने छात्रावास में संचालित ई-लाइब्रेरी का अवलोकन किया और छात्राओं की पढ़ाई के लिए विभाग द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छात्राओं से आत्मीय संवाद कर उनकी पढ़ाई, विषयों की समझ और भविष्य के लक्ष्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि रटने के बजाय विषयों को अच्छी तरह समझकर पढ़ें, क्योंकि विषय की गहरी समझ ही सफलता का आधार बनती है। 28

मच्छरदानी और पर्दों की व्यवस्था के दिए निर्देश

कलेक्टर ने छात्राओं से पूछा कि उन्हें उपलब्ध सुविधाओं के अतिरिक्त किसी अन्य सुविधा की आवश्यकता तो नहीं है। छात्राओं की जरूरतों और सुझावों को सुनते हुए उन्होंने जिला संयोजक श्री साहू को छात्रावास में मच्छरदानियों एवं पर्दों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

करवा चौथ पर पति की लंबी उम्र की कामना के साथ सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



क्षेत्र में करवा चौथ का पर्व गुरुवार को परंपरागत रूप से श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के साथ दिनभर निर्जला व्रत रखा। सुबह से ही पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह रहा। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख.समृद्धि की कामना की। करवा चौथ पर महिलाओं ने दिनभर अन्न और जल ग्रहण किए बिना उपवास रखा। रात्रि में पूजा-अर्चना और परंपरागत रस्में निभाने के बाद महिलाओं ने अपना व्रत खोला। इस दौरान महिलाओं ने पति की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। जिन महिलाओं के पति कामकाज या अन्य कारणों से दूर थे, उन्होंने मोबाइल फ ोन और लैपटॉप के माध्यम से पति का चेहरा देखकर व्रत की परंपरा निभाई। आधुनिक तकनीक के सहारे दूरी के बावजूद महिलाओं ने पर्व से जुड़ी परंपराओं और भावनाओं को कायम रखा।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार करवा चौथ का व्रत कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है।

आबकारी विभाग की कार्रवाई 37 बल्क लीटर मदिरा जब्त, 10 प्रकरण दर्ज



ब्यावरा-राजगढ़ । राजगढ़ जिले में आबकारी नियमों के पालन एवं अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई के तहत आबकारी विभाग के विभिन्न दलों द्वारा संदिग्ध स्थानों पर दबिश देकर तलाशी की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915/2000 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कुल 10 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए तथा 37 बल्क लीटर मदिरा जब्त कर आबकारी विभाग द्वारा अपने कब्जे में ली गई। आबकारी विभाग द्वारा जिले में रात्रिकालीन गश्त, संदिग्ध स्थलों की तलाशी, वाहनों की जांच एवं विभिन्न आबकारी केंद्रों की निगरानी की कार्रवाई निरंतर जारी है।

अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही 53.9 बल्क लीटर मदिरा जब्त



ब्यावरा-राजगढ़ । राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न संदिग्ध स्थलों, होटल एवं ढाबों पर दबिश देकर कार्रवाई की गई। इस दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के अंतर्गत 16 तथा धारा 36 के अंतर्गत 3 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कार्रवाई के दौरान लगभग 53.9 बल्क लीटर मदिरा विधिवत जब्त कर आबकारी विभाग के कब्जे में ली तथा प्रकरणों में विवेचना की जा रही। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए संदिग्ध स्थलों की सघन तलाशी, रात्रिकालीन गश्त, रोड चेकिंग एवं आबकारी केंद्रों पर सतत निगरानी की जा रही है। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध मदिरा के विरुद्ध उक्त अभियान जारी रहेगा।

स्मैक बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

गांव की बदनामी रोकने के लिए गेलाना के ग्रामीणों ने खोला नशे के खिलाफ मोर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

क्षेत्र के ग्राम गेलाना में स्मैक की बिक्री बढ़ने और नशे के अवैध कारोबार को लेकर ग्रामीणों में चिंता और नाराजगी बढ़ने लगी है। गांव में नशे के कारोबार पर रोक लगाने, युवाओं को नशे की लत से बचाने और गांव की बदनामी रोकने के उद्देश्य से ग्रामीणों ने अब स्वयं पहल करते हुए नशे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी को लेकर शनिवार को ग्राम गेलाना के देवनारायण मंदिर परिसर में ग्रामीणों की पंचायत आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शामिल होकर नशे के खिलाफ एकजुटता दिखाई।

सरपंच दिनेश यादव की पहल पर आयोजित पंचायत में गांव में स्मैक की बिक्री और उसके दुष्परिणामों को लेकर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने कहा कि नशे का अवैध कारोबार न केवल युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहा है, बल्कि इससे गांव की सामाजिक छवि भी प्रभावित हो रही है।

पुलिस ग्रामीणों के साथ मिलकर करेगी कार्रवाई

थाना प्रभारी अनिल मालवीय ने ग्रामीणों की पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ ग्रामीणों का यह प्रयास सराहनीय है। गांव में स्मैक बिक्री या नशे के अवैध कारोबार की सूचना मिलने पर पुलिस ग्रामीणों के साथ मिलकर संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करेगी।

सर्वर के बहाने अन्नदाताओं की फजीहत, किसान पूछ रहे- खेत संभालें या लाइन में धक्के खाएं ?



दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

रबी की बुवाई के इस महत्वपूर्ण समय में जहां किसानों को अपने खेतों में होना चाहिए था, वहीं सिस्टम की बदइंतजामी ने उन्हें खाद की कतारों में खड़ा कर दिया है। शहर की विपणन सहकारी संस्था टंकी चौराहा पर खाद के लिए सर्वर डाउन का मर्ज किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। ऐसे में खाद की एक बोरी की आस में सुबह से भूखे-प्यासे लाइन में लगे अन्नदाताओं का अब सब्र जवाब देने लगा है। प्रशासन की इस बेरुखी से नाराज किसानों का सीधा सवाल है कि हम खेती-किसानी पर ध्यान दें या रोज-रोज खाद के लिए लाइन में धक्के खाएं? उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की सुबह से ही शहर की विपणन सहकारी संस्था टंकी चौराहा पर खाद लेने वाले किसानों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। किसान अपना जरूरी काम छोड़कर अलसुबह ही यहां पहुंच गए थे, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल सका।

अन्य जगहों पर चल रहा सर्वर

किसानों ने व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि सर्वर डाउन होने की यह समस्या केवल यहीं बताई जा रही है। किसानों का कहना है कि जिले की अन्य सोसायटियों और केंद्रों पर सर्वर सुचारू रूप से काम कर रहा है और वहां खाद का वितरण भी हो रहा है। ऐसे में यहां सर्वर न चलने की बात गले नहीं उतर रही है।

खाचरौदमें ग्रैंड पेरेंट्स डे का भव्य आयोजन

खाचरौद। एक निजी स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली से पाँचवी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों के दादा-दादी और नाना-नानी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम सुंदर भट रहे। इस अवसर पर राज राजेंद्र शिक्षण समिति के पदाधिकारीगण और विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती वीना कुंदी की गरिमामयी उपस्थिति रही।



कार्यक्रम में दादा-दादी के लिए नाश्ते की विशेष व्यवस्था और आकर्षक गेम जोन बनाया गया था, जिसमें सभी ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। बीच-बीच में पहेलियां पूछी गईं और विजेताओं को आकर्षक उपहार दिये गये।

मुख्य अतिथि भट सर एवं उपस्थित दादा-दादी ने अपने उद्बोधन में विद्यालय परिवार की भूरी-भूरी प्रशंसा की और इस तरह के संस्कारयुक्त आयोजन के लिए प्रबंधन को बधाई दी।

बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सबका दिल जीत लिया।

पुरानी यादों को ताजा करने वाले गीत-संगीत और नृत्य ने दादा-दादी को भाव-विभोर कर दिया। बच्चों ने अपने दादा-दादी के प्रति सम्मान और प्रेम को बखूबी दर्शाया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती चंचल बाथम एवं श्रीमती वर्षा राठौर द्वारा किया गया।

अंधे मोड़ पर पलटी कार,हादसों का खतरा बरकरार

शुजालपुर। कमलिया बाइपास मार्ग पर बुधवार रात एक कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर पलट गई। कार का पंजीयन क्रमांक एमपी 04 वाईक्यू 4444 बताया गया है। कमलिया बाइपास पर स्थित अंधे मोड़ पर आए दिन हादसों हो रहे है। स्थानीय लोगों ने सड़क की कम चौड़ाई और तेज रफ्तार को दुर्घटनाओं की प्रमुख वजह बताया है।

लोक निर्माण विभाग ने पहले यहां अस्थायी गति अवरोधक लगाए थे, लेकिन इनके हटने के बाद हादसों का खतरा फि र बढ़ गया। हालांकि, बुधवार रात हुई दुर्घटना में कार सवारों की संख्या और उनके घायल होने की जानकारी नहीं मिल सकी। शुजालपुर सिटी और मंडी थाना पुलिस ने भी घटना की सूचना मिलने से इनकार किया है। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ शुभम मौर्य के अनुसार, रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के साथ मार्ग चौड़ा करने का प्रस्ताव विभागीय स्तर पर भेजा गया है।

आचार संहिता के कारण निरस्त हुआ शिक्षक सम्मान समारोह सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

आचार संहिता के कारण पूर्व में निरस्त हुआ शिक्षक सम्मान समारोह शुक्रवार को शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुसनेर में आयोजित किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी द्वारा आयोजित इस समारोह में नगर के शिक्षकों एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान कर शिक्षा के क्षेत्र में उनके वर्षों के योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने गुरुजनों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह, पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. गजेंद्र सिंह चंद्रावत एवं मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन उपस्थित रहे। इनके साथ पार्षद प्रतिनिधि दिलीप जैन, युगल किशोर परमार सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, पार्षद एवं एल्डरमैन भी समारोह में शामिल हुए।



अतिथियों ने कहा कि शिक्षक समाज की मजबूत नींव होते हैं। वे विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनमें संस्कार, अनुशासन, नैतिकता और अच्छे चरित्र का निर्माण भी करते हैं। एक शिक्षक के मार्गदर्शन से विद्यार्थी अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं। सेवानिवृत्त शिक्षकों ने भी अपने सेवाकाल में शिक्षा के माध्यम से समाज को दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।

शिक्षकों के प्रति सम्मान जरूरी

समारोह के दौरान डॉ. रामप्रताप भावसार, रामप्रसाद शास्त्री, छगनलाल जैन, हाजी नियाज मोहम्मद एवं बालमुकुंद शर्मा का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। इसके साथ ही नगर के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षकों के प्रति सम्मान और उनके योगदान को लेकर अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए पीसीओ प्रकाशचन्द्र राठौर को समारोहपूर्वक दी विदाई

खरसौदकलां। क्षेत्र में कार्यरत पंचायत समन्वय अधिकारी (पीसीओ) के पद पर पदस्थ प्रकाशचन्द्र राठौर गुरुवार को अपनी शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। अधिनस्थ कर्मचारी साथियों ने जनपद पंचायत सभागृह में सम्मान समारोह आयोजित कर बिदाई की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या ने उपस्थित रहकर स्मृति चिन्ह के भेट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य रामप्रसाद पंड्या, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमराव सिंह राठौर, जनपद उपाध्यक्ष अजब सिंह देवड़ा मंचासिन रहे। समारोह में विधायक पंड्या ने प्रकाशचन्द्र राठौर को भगवान महाकाल की तस्वीर भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा में निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना महत्वपूर्ण है। राठौर का सेवाकाल संतोषजनक एवं सराहनीय रहा है। उन्होंने अपने कार्यकाल में शासकीय दायित्वों का निर्वहन किया। सेवानिवृत्ति जीवन का एक नया पड़ाव है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राठौर आगे भी सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहकर समाज के विकास में अपना योगदान देते रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिवराम जाट, सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह राजावत, मंडल अध्यक्ष महेश हारोड़ एवं गणपत लाल डाबी के अलावा अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवाकाल पर प्रकाश डालते हुए उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा में लंबे समय तक कार्य करने के बाद सेवानिवृत्ति एक महत्वपूर्ण अवसर होता है। इस दौरान सहकर्मियों के बीच बने संबंध और कार्यकाल की यादें जीवनभर साथ रहती हैं। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोवर्धन मालवीय ने पुष्पहार एवं शॉल भेंटकर राठौर का सम्मान किया। इस अवसर पर उन्हें प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र का वाचन जे.के. परमार ने किया। विदाई समारोह में जनपद पंचायत के एडीओ, पीसीओ, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सचिव, सहायक सचिव तथा जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने राठौर के साथ कार्य करने के अनुभव साझा किए और उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन अंतरसिंह पवार ने किया। अंत में पंकज पंड्या ने आभार व्यक्त किया। समारोह आत्मीय माहौल में संपन्न हुआ।

माधुरी के स्टारडम ने नहीं सादगी ने जीता नेने का दिल



आमतौर पर अभिनेत्रियां या तो किसी को-स्टार से शादी करती हैं या फिर डायरेक्टर्स अथवा फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के साथ। कलाकारों की ज्यादातर लव स्टोरीज किसी न किसी फिल्म के सेट से शुरू होती हैं। लेकिन माधुरी दीक्षित का मामला जरा अलग है। करियर के पीक पर उन्होंने शादी की थी, लेकिन पति डॉ। श्रीराम नेने उनके स्टारडम से बिल्कुल वाकिफ नहीं थे। डॉ। नेने अमेरिका में एक हार्ट सर्जन थे और माधुरी से मुलाकात के वक्त उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि उनकी होने वाली पत्नी भारत में कितनी बड़ी स्टार हैं। हालिया इंटरव्यू में डॉ। नेने ने बताया है कि माधुरी की शोहरत ने उन्हें कभी नहीं डराया। उन्हें अपनी पत्नी की उपलब्धियों पर गर्व है। नेने ने कहा, ₹माधुरी से मिलते वक्त मैंने उनके फिल्मी करियर या स्टारडम के बजाय उनके व्यक्तित्व पर ध्यान दिया था। मुझे माधुरी बेहद सिंपल और जमीन से जुड़ी इंसान लीं। हम दोनों के बीच कई बातें एक-जैसी भी थीं।₹ अपने रिश्ते को 'सेमी-अरेंज्ड मैरिज' करार देते हुए उन्होंने बताया कि दोनों ने करीब तीन महीने तक एक-दूसरे को डेट किया। नेने ने अपनी पहचान को लेकर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह ऐसा नहीं मानते कि उनकी पहचान सिर्फ माधुरी की वजह से है। उन्होंने कहा, ₹अमेरिका में माधुरी को कोई नहीं जानता था और मैं वहां हार्ट सर्जन था। मैं जानता हूं कि भारत में उनका ओहदा एक अलग ही लेवल का है और मुझे उन पर बहुत गर्व है।



दलेर मेहंदी के बाद मंच पर अब शिल्पा का अपमान



उत्तराखंड में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान दिग्गज गायक दलेर मेंहदी के साथ बदसलूकी का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा कि अब राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता गायिका शिल्पा राव के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। मुंबई में 'बॉलीवुड म्यूजिक प्रोजेक्ट' (बीएमबी) के म्यूजिक कॉन्सर्ट में लाइव परफॉर्मेंस के बीच शिल्पा का माइक बंद कर दिया गया। वह स्टेज पर खड़ी रहीं। उन्हें फैंस से बात करने या ठीक से अलविदा कहने का मौका तक नहीं मिला। तुरंत दूसरे गायक की परफॉर्मेंस चालू कर दी गई। आयोजकों के इस रवैये के खिलाफ सोशल मीडिया पर गुस्सा फूट पड़ा है। 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में अवॉर्ड जीतने वालीं गायिका को इस तरह से अपमानित किया जाना लोगों को रास नहीं आ रहा है। इस बीच शिल्पा ने भी इस पूरे मामले को लेकर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर प्रतिक्रिया साझा की है। शिल्पा ने लिखा, मुंबई, आज रात मेरे दिल का एक छोटा सा टुकड़ा टूट गया। इतनी खूबसूरत चीज हमसे इस तरह छीन लेना बहुत दुख देता है। लेकिन जब म्यूजिक बंद हो गया, तब भी तुम नहीं रुके। जिस तरह तुम मेरा नाम पुकारते रहे, तुम्हारी आवाज में प्यार था।

हाउसफुल 4 की यादें ताजा



साल 2019 में आई पॉपुलर कॉमेडी फ्रेंचाइजी की फिल्म 'हाउसफुल 4' को रिलीज हुए सात साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर अभिनेत्री कृति खरबंदा ने सोशल मीडिया पर एआई से बनाया गया एक वीडियो साझा किया। इसमें उनका लुक देखकर फिल्म से जुड़ीं तमाम यादें ताजा हो जाती हैं। एक्ट्रेस ने साथ में एक इमोशनल नोट भी लिखा है। कृति ने कहा, ₹फिल्म, इस अनुभव, पूरी टीम और बेशक हमारे दर्शकों के लिए आभारी हूं।₹ इस फिल्म में कृति दोहरी भूमिका में नजर आई थीं, जहां उन्होंने अलग-अलग दौर के दो किरदारों को पर्दे पर जीवंत किया था। फिल्म में उनका शाही अंदाज स्वास

पॉपकॉर्न खाते हुए हिंसा कैसे देख लेते हैं लोग?



राधिका आप्टे इन दिनों अपनी अगली सीरीज 'अक्का' के प्रमोशन में बिजी हैं। 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर बनी इस जबरदस्त गैंगस्टर ड्रामा में कीर्ति सुरेश भी हैं। राधिका ने फिल्मों में हिंसा के बढ़ते चलन और 8 घंटे की शिफ्ट पर एक ऐसा बयान दिया है, जिसकी बड़ी चर्चा हो रही है। उन्होंने साफ कहा कि इन दिनों फिल्मों में बहुत ज्यादा हिंसा दिखाई जा रही है, क्रिएटिव तरीके से लोगों की हड्डियां तोड़ना दिखाया जा रहा है जिसके वह सख्त खिलाफ हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्हें यह बात बिल्कुल समझ नहीं आती कि लोग कैसे सिनेमाघरों में आराम से पॉपकॉर्न खाते हुए ये सब देख सकते हैं। राधिका इस तरह के वायलेंट ट्रेंड का हिस्सा बिल्कुल नहीं बनना चाहती हैं। वह ऐसी फिल्मों से दूर रहना ही पसंद करती हैं 41 साल की राधिका एक बेटी की मां भी हैं। साल 2024 में मां बनने के बाद उनके काम करने के तरीके और प्रायोरिटी पूरी तरह बदल गई है। एक्ट्रेस का कहना है कि अब उनका पूरा ध्यान बेटी पर लगा रहता है। वह चाहती हैं कि उन्हें काम पर सिर्फ 12 घंटे की ही शिफ्ट मिले।

Sport

आखिरी 3 मिनट में जीता मुकाबला; 4 साल पहले पिता को खोया, पर उनका सपना पूरा किया

मनीषा विमेंस वर्ल्ड रेसलिंग जीतने वाली पहली भारतीय

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मनीषा भानवाला विमेंस वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। उन्होंने शुक्रवार को कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में अमेरिका की एबिगेल नेट को 59 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में 8-6 से हराया।

29 साल की मनीषा मुकाबले के एक समय 1-5 से पीछे थीं। लेकिन उन्होंने आखिरी 3 मिनट में 7 पॉइंट हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ मनीषा ने अपने पिता सुरेश का सपना पूरा किया। उनके पिता चाहते थे कि बेटी एक दिन वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियन बने। 17 अप्रैल 2022 को दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया था।

महिला कुश्ती की पहली वर्ल्ड चैंपियनशिप 1987 में हुई थी। 2021 में अंशु मलिक ने पहली बार किसी भारतीय महिला पहलवान के तौर पर वर्ल्ड चैंपियनशिप का फाइनल खेला। उन्होंने सिल्वर जीता। इस बार भी भारत को एक साथ दो गोल्ड जीतने के मौके मिले थे। 50 किलोग्राम में



नीलम सिरोही और 76 किलोग्राम में काजल ढोचक फाइनल तक पहुंचीं, लेकिन दोनों को सिल्वर से संतोष करना पड़ा। इससे पहले सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में भारत के लिए गोल्ड जीतने वाले एकमात्र पहलवान सुशील कुमार थे। उन्होंने 2010 में यह उपलब्धि हासिल की थी।

पिता की मौत के 24 घंटे बाद एशियन चैंपियनशिप जीती थी

मनीषा के कुश्ती में आने की शुरूआत उनके पिता सुरेश की वजह से हुई थी। 2013 में उन्होंने बेटी को फिटनेस सुधारने के लिए कुश्ती के ट्रेनिंग कैंप में भेजा था। धीरे-धीरे कुश्ती मनीषा के लिए फिटनेस से आगे बढ़कर करियर बन गई। इस सफर में रोहतक का छोटूराम अखाड़ा और कोच मंदीप सिंह अहम रहे। मनीषा ने जापानी कोच कोसेई अकाइशी के मार्गदर्शन में भी अपनी कुश्ती की तकनीक पर काम किया। 2022 में पिता के निधन के 24 घंटे बाद ही मनीषा ने एशियन चैंपियनशिप खेली और गोल्ड मेडल जीती।

एशियन गेम्स में हार के बाद बदला वजन वर्ग- मनीषा के लिए 2026 का साल आसान नहीं रहा। एशियन गेम्स में उन्होंने 57 किलोग्राम वर्ग में हिस्सा लिया था। क्वार्टर फाइनल में उन्हें जापान की अकारी फुजिनामी से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए उन्होंने 59 किलोग्राम वर्ग चुना। इससे पहले वह 62 किलोग्राम में भी खेल चुकी थीं।

फाइनल तक का सफर भी रहा दमदार- 59 किलोग्राम वर्ग में मनीषा ने फाइनल तक पहुंचने के लिए लगातार तीन मुकाबले जीते। कनाडा की लॉरेंस ब्यूरेगार्ड को उन्होंने पिनफॉल से हराया। क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया की बोलोरतुया खुरेलखू को 6-0 से मात दी। इसके बाद सेमीफाइनल में मेजबान कजाकिस्तान की अल्टिन शागायेवा को 10-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

रोबिन उथप्पा मुंबई इंडियंस के बैटिंग कोच बने



एजेंसी ▸▸ मुंबई

पूर्व भारतीय क्रिकेटर रोबिन उथप्पा मुंबई इंडियंस के बैटिंग कोच बनाए गए हैं। उनके अलावा, न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल मैक्लेनाघन को बॉलिंग कोच, टी. दिलीप को फील्डिंग कोच और धवल कुलकर्णी को डेवलपमेंट बॉलिंग कोच बनाया गया है। टीम ने मिनी ऑक्शन से पहले शुक्रवार को कोचिंग स्टाफ में बदलाव का ऐलान किया। उसने कुछ दिन पहले कीरोन पोलार्ड को हेड कोच बनाया था। मुंबई को पिछले 6 साल से ट्रॉफी का इंतजार है। टीम 2020 में पिछली बार चैंपियन बनी थी। आईपीएल 2027 के लिए खिलाड़ियों का ऑक्शन 16 दिसंबर को गोवा में होगा। इससे पहले सभी टीमों को 15 नवंबर तक अपने रिटेन और रिलीज किए जाने वाले खिलाड़ियों की सूची सौंपनी है। रोबिन उथप्पा 2008 में मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके हैं, जबकि मिचेल मैक्लेनाघन ने 2015 से 2020 तक टीम का हिस्सा रहे। उथप्पा अब बैटिंग कोच के तौर पर बल्लेबाजों की तकनीक और मैच के दौरान रणनीति बनाने पर काम करेंगे।

नैनो न्यूज

- **मनीषा भानवाला का ऐतिहासिक गोल्ड:** विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में मनीषा भानवाला ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है; वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी हैं।
- **भारतीय हॉकी टीम की हैट्रिक:** एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जापान को 4-1 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की है, जिसमें अभिषेक ने दो गोल दागे।
- **प्रसिद्ध कृष्णा न्यूजीलैंड वनडे सीरीज से बाहर:** तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा हैमस्ट्रिंग की चोट से पूरी तरह नहीं उबर पाने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज से बाहर हो सकते हैं।
- **राशिद खान का नया रिकॉर्ड:** अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने ळ20कक्रिकेट में 200 विकेट पूरे करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बनकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।
- **हैरी केन को बैलन डी'ओर:** इंग्लैंड के स्टार फुटबॉलर हैरी केन ने बैलन डी'ओर अवॉर्ड अपने नाम किया है; 25 साल के लंबे अंतराल के बाद किसी इंग्लिश फुटबॉलर को यह सम्मान मिला है।
- **अन्वेय और आयावीर अंडर-19 एशिया कप टीम में:** चयनकर्ताओं ने अंडर-19 एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया है, जिसमें अन्वेय द्रविड़ और आयावीर सहवाग को जगह मिली है।

अभिषेक, ईशान को वनडे में शामिल करें: युवराज

टीम से बाहर रखकर उनके टैलेंट के साथ नाइंसाफी हो रही

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और वैभव सूर्यवंशी को वनडे टीम में शामिल करने की पैरवी की है। उन्होंने कहा कि इन्हें 50 ओवर क्रिकेट में मौका न देना उनके टैलेंट के साथ नाइंसाफी है।

युवराज ने कहा- जिस तरह ये खिलाड़ी प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें जल्द ही टीम में जगह मिलनी चाहिए। हालांकि उन्होंने माना कि शुभमन गिल, रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी में टॉप ऑर्डर में जगह बनाना आसान नहीं है। अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में खेले गए टी-20 मुकाबले में रिकॉर्ड साझेदारी की थी। दोनों ने पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 118 रन बनाए। यह टी-20 इंटरनेशनल के पावरप्ले में किसी



टीम का सबसे बड़ा स्कोर है।

अभिषेक ने इस मैच में 35 गेंदों पर शतक लगाया था। उनकी पारी की बदौलत भारत ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल की थी।

ईशान 32 वनडे खेल चुके, अभिषेक-सूर्यवंशी का डेब्यू बाकी

ईशान किशन भारतीय टीम के लिए 32 वनडे मैच खेल चुके हैं। हालांकि, अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी को अभी इस फॉर्मेट में डेब्यू करना है। वैभव ने इसी साल इंग्लैंड दौरे पर टी-20 इंटरनेशनल में डेब्यू किया था। वह भारत के लिए इस फॉर्मेट में डेब्यू करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने थे। भारतीय टीम का न्यूजीलैंड दौरा जारी है। टी-20 सीरीज का आखिरी मुकाबला रविवार को हैमिल्टन में खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमों के बीच 4 नवंबर से 5 मैचों की वनडे सीरीज शुरू होगी। दौरे पर इसके बाद 2 टेस्ट मैच भी खेले जाएंगे। शुक्रवार को ऑकलैंड में खेले गए चौथे टी-20 में न्यूजीलैंड ने भारत को 87 रन से हराया। 260 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 172 रन पर ऑलआउट हो गई। यह सीरीज में भारत की पहली हार थी।

आवश्यकता है
मुंबई में केटरिंग काम के लिए अनुभवी, बिना अनुभवी, लड़के और लड़कियां चाहिए। आयु सीमा 18 से 35 तक रहना फ्री।
संपर्क
9004092475
8452956707

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245



आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762



आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

करीब 2 हजार कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली रवाना

धार। दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को होने वाली ह्यवोट बचाओ-देश बचाओह्न रैली में शामिल होने के लिए शनिवार को धार जिले से करीब 2 हजार कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता बसों से रवाना हुए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में जिले की सातों विधानसभा सीटों से कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता दिल्ली गए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी ने बताया कि काफिले में जिला, ब्लॉक और नगर कांग्रेस के पदाधिकारी शामिल हैं।


धार में पटाखा दुकानें पुराने मैदान में लगेंगी

धार। दीपावली पर पटाखा दुकानों के स्थान को लेकर बनी असमंजस की स्थिति शनिवार को खत्म हो गई। प्रशासन ने व्यापारियों की मांग मानते हुए इस वर्ष भी उदय रंजन क्लब मैदान में पटाखा दुकानें लगाने की अनुमति दे दी है। पहले दुकानों को पीजी कॉलेज परिसर में शिफ्ट करने की चर्चा थी, जिसका व्यापारी विरोध कर रहे थे। व्यापारियों का कहना था कि वे कई वर्षों से उदय रंजन क्लब मैदान में ही पटाखा दुकानें लगाते आ रहे हैं। ऐसे में स्थान बदलने से उनका कारोबार प्रभावित हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से इस वर्ष भी पुराने स्थान पर दुकानें लगाने की अनुमति मांगी थी।

भतीजे की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या, आरोपी चाचा फरार

धार। जिले के अमझेरा थाना क्षेत्र के ग्राम आमला के बयड़ीपुरा में किराने की दुकान हटाने की बात को लेकर हुए विवाद में चाचा ने अपने भतीजे की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। घटना शुक्रवार, 30 अक्टूबर की है। मृतक की पहचान सोहन पिता पेमा भूरिया (40) निवासी आमला के रूप में हुई है। आरोपी कालू पिता रामा भूरिया उसका सगा चाचा है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, सोहन अपने घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान उसका चाचा कालू हाथ में कुल्हाड़ी लेकर वहां पहुंचा।

शनि मंदिर से 200 किलो वजनी दान पेटी चोरी



एक साल से नहीं खुला था दान पात्र, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड ने जुटाए साक्ष्य

झाबुआ। थांदला नगर के प्रवेश मार्ग स्थित शनि मंदिर में शनिवार रात चोरी की वारदात हुई। चोर मंदिर के मुख्य द्वार पर लगे दो ताले तोड़कर अंदर घुसे और करीब 200 किलो वजनी दान पेटी चुराकर ले गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि वारदात शनिवार रात करीब 1:30 बजे हुई। चोरों ने मंदिर के मुख्य द्वार पर लगे दो ताले तोड़े और गर्भगृह में प्रवेश किया। इसके बाद वहां रखी भारी दान पेटी लेकर फरार हो गए। मंदिर में सीसीटीवी कैमरे नहीं होने से पुलिस को आरोपियों का पता लगाने में परेशानी आ रही है। मंदिर के आसपास रहने वाले लोगों ने सबसे पहले चोरी की जानकारी पुजारी रजनीकांत दुबे को दी। पुजारी के अनुसार, दान पात्र करीब एक साल से नहीं खोला गया था। ऐसे में उसमें डेढ़ से दो लाख रुपए तक की नकदी होने का अनुमान है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और खोजी कुत्ते की मदद ली जा रही है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और चोरी के खुलासे के प्रयास में जुटी है।

नैनो न्यूज

- **सेमीकंडक्टर कंपनियों से बढ़ेगा निवेश-** इंदौर के आईटी पार्क-4 में सात कंपनियों ने करीब 300 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इससे चिप डिजाइन और तकनीकी क्षेत्र में रोजगार बढ़ेंगे।
- **दीपावली बाजार में ग्राहकों की रफ्तार धीमी-** इंदौर के रानीपुरा बाजार में दीपावली की सजावट और आकर्षक दुकानों के बावजूद इस साल व्यापारियों को अपेक्षा के अनुरूप बिक्री नहीं मिल रही है।
- **आग से व्यापारियों का लाखों का नुकसान-** इंदौर के मारोठिया बाजार में तीन मंजिला पूजा सामग्री और किराना दुकान में आग लगने से बड़ी मात्रा में सामान जल गया।
- **बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूत-** दीपावली पर बढ़ती ग्राहकी और नकदी लेनदेन को देखते हुए इंदौर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में पुलिस ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी बढ़ाएगी।
- **आईटी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर-** इंदौर में सेमीकंडक्टर रिसर्च, चिप डिजाइन और इंजीनियरिंग सेवाओं से जुड़ी कंपनियों के विस्तार से तकनीकी युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी, करीब 500 बच्चे हुए शामिल, दिखा उत्साह

बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स हुए शामिल, राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को इंदौर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस मौके पर सुबह नेहरू स्टेडियम से रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

एकता दौड़ नेहरू स्टेडियम से शुरू होकर जीपीओ, शिवाजी वाटिका, एमपीपीएससी चौराहा, ट्रैफिक पार्क और रेसीडेंसी होते हुए वापस नेहरू स्टेडियम पहुंची। दौड़ के माध्यम से प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा का संदेश दिया। आयोजन के दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी दिलाई गई।

एडिशनल कलेक्टर नवजीवन विजय पवार ने बताया कि आज रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। नेहरू स्टेडियम से इसकी शुरूआत की गई, इसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसका उद्देश्य केवल दौड़ना नहीं था, बल्कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का विजन था उस और एक कदम और आगे बढ़ाने की ये दौड़ थी। विविधता में एकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस पर इस रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इसमें करीब 500 बच्चों ने भाग लिया।





4 किलो मीटर का था रास्ता

खेल अधिकारी रीना चौहान ने बताया कि यहां सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया। यह 4 किलोमीटर का रास्ता था। इसमें उच्च शिक्षा विभाग, खेल विभाग, हायर एजुकेशन के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस आयोजन में जिला प्रशासन, नगर निगम के कई अधिकारी शामिल हुए।

एयरपोर्ट रोड पर नावदापंथ ब्रिज के पास दर्दनाक सड़क हादसा

झाबुआ से मीटिंग में आ रहे 2 मैनेजरों की दर्दनाक मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में एयरपोर्ट रोड पर नावदापंथ ब्रिज के पास शुक्रवार रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों मृतक एक फाइनेंस कंपनी में ब्रांच मैनेजर के पद पर पदस्थ थे। शनिवार दोपहर दोनों के शवों का अलग-अलग अस्पतालों में पोस्टमार्टम कराया गया।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार को 4 लोग 2 बाइकों से झाबुआ से इंदौर में आयोजित एक मीटिंग में शामिल होने आ रहे थे। रास्ते में 2 साथी पीछे रह गए, तो दोनों युवकों ने अपनी बाइक खड़ी की और उनका इंतजार करने लगे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार क्रेन वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

साथियों ने पहुंचाया अस्पताल- पीछे आ रहे 2 अन्य साथियों ने हादसे को अपनी आंखों से देखा। वे तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित करते हुए घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। हालांकि डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद दोनों की जान नहीं बचाई जा सकी।



शाजापुर जिले के रहने वाले थे मृतक

मृतकों की पहचान रोहित मीणा निवासी सुगांव और नौशाद निवासी शाजापुर जिले के करई के पास स्थित गांव के रूप में हुई है। रोहित का शव एमवाय अस्पताल और नौशाद का शव जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। साथ काम करने वाले कर्मचारी राहुल ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही वे चंदन नगर थाने पहुंचे और फिर अस्पताल आए। हादसे की खबर मिलते ही कंपनी के अन्य कर्मचारी भी अस्पताल पहुंचे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले के तथ्यों की जांच कर रही है।

दिवंगत प्राचार्या के हस्ताक्षर से फर्जी पत्र तैयार करने का मामला

गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज के विभागाध्यक्ष के प्रभार को लेकर शिकायतकर्ता ने गंभीर आपत्ती जताई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश के एकमात्र गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज में दिवंगत प्राचार्य डॉ. अलका गुप्ता के हस्ताक्षर से फर्जी पत्र तैयार करने का मामला सामने आया है।

इस संबंध में संयोगितागंज थाने में शिकायत की गई है। शिकायत में आरोप लगाया है कि विभागाध्यक्ष का प्रभार हासिल करने के लिए सरकारी दस्तावेज में हेराफेरी कर पत्र तैयार किया गया।

मामले में पत्र की सत्यता की जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। इसके अलावा पुलिस कमिश्नर, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग आयुक्त महोदय, चिकित्सा शिक्षा विभाग संचालक, प्राचार्य को भी शिकायत की गई है। यह शिकायत अस्थायी विभागाध्यक्ष के रूप में पदस्थ डॉ. हर्ष चंसोरिया के खिलाफ की गई है। इस मामले का महत्वपूर्ण पहलू विभागाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति से जुड़ा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि डॉ. हर्ष चंसोरिया विभागीय वरीयता सूची में तीसरे स्थान पर थे। इसके बावजूद दिवंगत प्राचार्य के नाम से जारी कथित पत्र के माध्यम से उन्हें विभागाध्यक्ष का प्रभार दिलाने की अनुशंसा करवाई गई। शिकायतकर्ता ने पत्र पर किए गए हस्ताक्षरों को लेकर भी गंभीर आपत्ति जताई है। उनका दावा है कि 14 जून 2026 के पत्र पर किए गए हस्ताक्षर डॉ. अल्का गुप्ता के वास्तविक हस्ताक्षरों से मेल नहीं खाते। इसके अलावा पत्र में तारीख लिखने की शैली और मूल हस्ताक्षरों की पद्धति में भी अंतर होने की बात कही गई है।

दस्तावेज अमान्य हुए तो 'नॉन-कम्प्लायंट' या 'आर्काइव' श्रेणी में जाएंगे वाहन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

यदि आपके वाहन का रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस, फिटनेस या पीयूसी (प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र) एक्सपायर हो चुका है, तो सावधान हो जाएं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने वाहनों के डिजिटल रिकॉर्ड की नई पारदर्शी व्यवस्था लागू कर दी है।

अब वाहन पोर्टल पर गाड़ी का एक्टिव स्टेटस खत्म हो जाएगा और दस्तावेजों की वैधता के आधार पर वाहन को नॉन-कम्प्लायंट अथवा आर्काइव श्रेणी में ट्रांसफर कर दिया जाएगा। मंत्रालय के निर्देश पर वाहन मालिकों को सतर्क करने के लिए एसएमएस अलर्ट भेजे जा रहे हैं। अकेले इंदौर आरटीओ क्षेत्र में 45 हजार से अधिक और प्रदेशभर में लाखों वाहन मालिकों को ऐसे संदेश मिले हैं।

4 श्रेणियों में बंटेगा स्टेटस

एक्टिव-कम्प्लायंटः दस्तावेज (बीमा, पीयूसी, फिटनेस, रजिस्ट्रेशन) पूरी तरह वैध हैं। **एक्टिव-नॉन-कम्प्लायंट :** एक भी दस्तावेज एक्सपायर होने पर वाहन को इस श्रेणी में दर्ज किया जाएगा। **टेम्परेरी आर्काइव :** लंबे समय से दस्तावेज अपडेट न कराने पर अस्थायी आर्काइव में डाला जाएगा। **परमानेंट आर्काइव :** समयावधि पूरी होने के बाद भी लापरवाही बरतने पर वाहन इस श्रेणी में चला जाएगा। **परमानेंट में जाने पर परेशानी-** आर्काइव श्रेणी में पहुंचे वाहनों को दोबारा एक्टिव कराने के लिए डिजिटल और मैनुअल दोनों तरह का वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य होगा। यदि किसी वाहन का डेटा परमानेंट आर्काइव में चला जाता है, तो उसे दोबारा एक्टिव कराने का अधिकार स्थानीय आरटीओ के पास नहीं होगा। उसे केवल केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के स्तर से ही अपडेट किया जा सकेगा। वहीं, शुरूआती चरण में आरटीआई से ही वैरिफिकेशन संभव है।

बंद दुकानों के सामने मिला युवती का शव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात करीब 11 बजे एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से हड़कंप मच गया। सुगनी देवी कॉलेज के सामने स्थित बंद दुकानों के पास युवती का शव पड़ा मिला।

सूचना मिलते ही परदेशीपुरा थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। युवती के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

परदेशीपुरा पुलिस से मिली शुरूआती जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान पिंकी, निवासी भागीरथपुरा (इंदौर) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने खाली पड़ी दुकानों के बाहर युवती को बेसुध हालत में पड़े देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो युवती की मौत हो चुकी थी।

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए परदेशीपुरा थाना प्रभारी पंकज द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया।

जांच के दौरान युवती के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं, जिससे मामला पूरी तरह संदिग्ध माना जा रहा है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि युवती वहां कैसे पहुंची और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि यह साफ हो सके कि आखरी बार युवती को किसके साथ देखा था।

अटके सीवरेज कामों का रिव्यू

एमआईसी मेंबर ने अधिकारियों से पूछा- कहां और क्यों अटकी हैं फाइलें, बोले- देरी बर्दाश्त नहीं होगी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सीवरेज के अटके कामों को लेकर शनिवार को एमआईसी मेंबर अभिषेक शर्मा (बबलू) ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें जोन 1 से 5 तक के अधिकारियों, सभी सब इंजीनियरों और असिस्टेंट इंजीनियरों को बुलाया गया।

बैठक में प्रस्तावित सीवरेज कार्यों की फाइलों की स्थिति की जानकारी ली गई। किन कारणों से फाइलें अटकी हैं, निगम की स्वीकृति में कहां देरी हो रही है और टेंडर प्रक्रिया में क्या दिक्कतें आ रही हैं, इन सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों के साथ बातचीत कर समस्याओं के निराकरण के लिए आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए गए।

अभिषेक शर्मा ने बताया कि जोन 1 से 5 तक के सभी वार्डों में प्रस्तावित सीवरेज कार्यों की समीक्षा की गई। इसमें पार्षद निधि से होने वाले कामों के साथ अर्बन चैलेंज फंड के तहत इंदौर में प्रस्तावित बड़े सीवरेज प्रोजेक्ट को भी शामिल किया गया। समीक्षा के दौरान संबंधित फाइलों के निराकरण, निगम की स्वीकृति और टेंडर प्रक्रिया में आ रही बाधाओं की जानकारी सामने आई। अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा कर इनके समाधान के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा गया। एमआईसी मेंबर ने कहा कि सीवरेज जैसे जनसुविधा से जुड़े विकास कार्यों में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अटकी फाइलों का जल्द निराकरण करने और प्रस्तावित काम समय पर शुरू कराने के निर्देश दिए गए, ताकि संबंधित इलाकों के लोगों को जल्द राहत मिल सके।

किराये से देना है - होम स्टे
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पास, 5 डबल बेड, गद्दे, चादर सहित, पंखा, एसी, पार्किंग, WiFi कैमरे।
बेचना है - कार ब्रीजा मॉडल-2022, पेट्रोल/सीएनजी, फर्स्ट ऑनर
आवश्यकता - कम्प्यूटर ऑपरेटर महिला (पार्ट टाईम/फुल टाईम)
संपर्क करें
महाकाल इंजीनयरिंग सर्विसेस
20, सिद्धीविनायक कॉम्प्लेक्स (बेसमेंट), शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
सुबह 11.30 से 3 बजे तक
7000813134, 8109731365, 9425091176

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com